e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 228
मंगलवार
20.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

## क्विक न्यूज

### नोएडा पुलिस ने रक्षा बंधन पर चलाया नो चालान डे, महिलाओं को दिया हेलमेट का गिफ्ट

**नोएडा :** नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने रक्षा बंधन को अनोखे रूप में मनाया। पुलिस ने सोमवार को न केवल नो चालान डे मनाया बल्कि महिलाओं को नियम तोड़ने के बावजूद गिफ्ट के रूप में हेलमेट भी दिया। इस दिन महिला वाहन चालकों या जिस वाहन में महिला बैठी उसका चालान नहीं काटा गया। इस सम्बंध में रविवार को ही उच्च अधिकारियों ने सभी अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश रविवार को जारी कर दिया है।डीसीपी ट्रैफिक यमुना प्रसाद का कहना है कि भाई-बहनों के प्रेम को मजबूती देने वाले रक्षाबंधन पर ट्रैफिक पुलिस भी सकारात्मक भूमिका निभाई। इस दिन दोपहिया, चार पहिया वाहन चलाने वाली महिला या दोपहिया वाहन पर सवारी के रूप में कोई महिला सफर कर रही थी तो उस वाहन का चालान नहीं काटा गया। ऐसी महिलाओं को ब्रांडेड हेलमेट भी दिए गए। चेकिंग पॉइन्ट पर रक्षा अभियान भी चलाया गया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विमुक्त समाज के बीच मनाया रक्षाबंधन

**हरदोई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने भटके विमुक्त समाज के बीच रक्षा बंधन का पर्व मनाया। नगर के कैनाल रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में बस्ती की बहनों ने स्वयंसेवकों के हाथों पर रक्षा सूत्र बांधा और मुंह मीठा कराया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कौशल ने बताया कि रक्षाबंधन, संघ के छह प्रमुख पर्वों, गुरु पूर्णिमा, नव वर्ष प्रतिपदा, हिन्दू साम्राज्य दिवस विजय दशमी व मकर सक्रांति में एक है। रक्षाबंधन राष्ट्र रक्षा का भी उत्सव है, जब हमें राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र संवर्धन की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।कार्यक्रम में उपस्थित नगर कार्यवाह विनय पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संघ के स्वयंसेवक सेवा बस्तियों और भटके विमुक्त समाज की बहनों से राखी बंधवा कर सामाजिक समरसता का उदहारण प्रस्तुत करते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक शिवस्वरूप, जिला प्रचार प्रमुख प्रभाकर आदि उपस्थित थे।

### शिमला में भारी भूस्खलन, चपेट में आने से बचे वाहन और राहगीर

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मानसून कहर बरपा रहा है। मानसून ने लोगों की मुसीबतें बड़ा रखी हैं। भारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन होने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राजधानी शिमला में सोमवार दोपहर बाद करीब चार बजे हुए भारी भूस्खलन ने लोगों को डरा दिया। भूस्खलन की घटना एमएलए क्रासिंग में कालका-शिमला हाइवे से सटी सड़क पर हुई। यहां पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और पेड़ सड़क पर गए। गनीमत यह रही कि पहाड़ी के धीरे-धीरे दरकने पर चालकों ने अपने वाहन पीछे ही रोक दिए थे, अन्यथा बड़ा हादसा पेश आ सकता था। इस भूस्खलन से उपनगर बालूगंज को जाने वाली सड़क पूरी तरह बंद हो गई है और वाहनों की आवाजाही वैकल्पिक मार्ग से की जा रही है।

### भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है : मनोज

**रांची :** प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है और यही भाजपा की नीति और नियति है। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन के अगुवाई में सरकार बनी है तब से आज तक लगातार भाजपा झारखंड में सरकार को गिराने के लिए जोड़-तोड़ करने का काम कर रही है। सफलता नहीं मिली और न मिलेगी।उन्होंने सोमवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी अपने पाले में करने में भाजपा सफल होता दिख रही है लेकिन सरकार पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। झारखंड सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। मनोज ने कहा कि भाजपा की नियति अंग्रेजों जैसी है, फूट डालो और राज करो लेकिन झारखंड की जनता भाजपा की नीति और नियति को जानती है। इसमें भाजपा को कभी सफलता नहीं मिलेगी।

### रक्षाबंधन के मौके पर गणेश जी को पहनाई गई दुनिया की सबसे बड़ी राखी

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर में भगवान गणेश को दुनिया की सबसे बड़ी राखी पहनाई गई है। इस राखी का वजन 125 किलो है और इसकी डोर की लंबाई 101 मीटर है। इस राखी को पर्यावरण बचाने की थीम पर बनाया गया है। संस्था का दावा है कि यह पर्यावरण बचाने की थीम पर बनाई गई दुनिया की सबसे बड़ी राखी है। श्री विघ्नहर्ता गणेश भक्त समिति के सचिव राहुल शर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन शुभ मुहूर्त पर शहर के खजराना गणेश मंदिर में भगवान को यह राखी अर्पित की गई।

### रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्यूनतम 24°

## रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

# महिलाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत राज्य की 48 लाख से अधिक बहनों को हर साल 12 हजार की सम्मान राशि मिलेगी।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाई-बहन के अटूट प्यार, स्नेह एवं विश्वास का पावन त्यौहार रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक्स पर लिखा, राज्य की आधी आबादी को हक-अधिकार और सम्मान देने के लिए आपके इस भाई और बेटे तथा झारखण्ड सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत राज्य की 48 लाख से अधिक बहनों को हर साल 12 हजार की सम्मान राशि मिलेगी। एक परिवार में अगर मेरी 3-4 बहनें हैं तो उस परिवार के लिए सिर्फ इस योजना से एक साल में सम्मान राशि 36-48 हजार रुपए होगी। देश में झारखण्ड पहला राज्य है जहां 50 वर्ष से अधिक की विधवा, परित्यक्त या एकल माताओं-बहनों को हर महीने 1 हजार रुपए के पेंशन का सम्मान दे रही है राज्य सरकार। यह पेंशन राशि लाखों माताओं-बहनों के बुढ़ापे का सहारा बन रही है। हर साल आपको 12 हजार रुपए की यह राशि, आपके बुढ़ापे की लाठी को मजबूत बना रही है।

### 10 लाख किशोरियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मिला लाभ

सीएम ने कहा, आपकी झारखण्ड सरकार ने राज्य की 10 लाख किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का भी काम किया है। कुल 40 हजार रुपए की यह सहायता राशि मेरी हर बहन और बेटी को आगे बढ़ने में मदद कर रही है।यह भी झारखण्ड के इतिहास में पहली बार हुआ है कि सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को हजारों करोड़ रुपए की राशि बैंक क्रेडिट/लिंकेज के रूप में दी गयी है। विगत साढ़े चार वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि आजीविका संवर्धन के लिए दीदी- बहनों को प्रदान की गयी। पूर्व की सरकारों से राशि 12 गुना अधिक है। आपके द्वारा पलाश ब्रांड के अंतर्गत निर्मित कई उत्पादों ने देश-विदेश में धूम मचाई हुई है।

### 35 हजार से अधिक माताओं-बहनों को फूलो-झानो अभियान से जोड़ा गया

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य की 35 हजार से अधिक माताओं-बहनों को फूलो-झानो अभियान से जोड़कर वैकल्पिक आजीविका के अवसर प्रदान किये गए हैं। 50 हजार रुपए तक की राशि उन प्रत्येक माताओं-बहनों की सहायक बनी है।

### कई अन्य योजनाओं का भी मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा, अबुआ आवास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, हरा राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, साईकिल वितरण योजना आदि ऐसी कई योजनाओं को आपके इस भाई और झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य की आधी आबादी तथा अन्य लोगों के लिए चलाया जा रहा है।आपके मान-स्वाभिमान और सम्मान के लिए झारखण्ड सरकार द्वारा यह छोटा सा प्रयास आने वाले समय में और वृहद रूप लेकर अनवरत चलता जाएगा।

## पीएम मोदी ने छात्राओं के साथ मनाया रक्षाबंधन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूल के बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। उन्होंने बच्चों से राखी भी बंधवाई और उनसे बात भी की। इस दौरान वे बहुत खुश नजर आए। राकी से पीए मोदी की कलाई भर गई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए देशवासियों को भी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। एक बच्ची ने पीएम मोदी को बहुत ही खास राखी बांधी। इस राखी में एक विशेष संदेश के साथ एक तस्वीर भी थी। दरअसल, इस राखी में पीएम मोदी की दिवंगत मां की तस्वीर थी और उसमें एक पेड़ मां के नाम संदेश लिखा हुआ था। बता दें कि पीएम मोदी ने हाल ही में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है, जिसमें उन्होंने हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर मां और धरती माता के प्रति सम्मान प्रकट करने की अपील की थी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा,समस्त देशवासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए।बता दें कि पिछले साल भी पीएम मोदी ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया था। रक्षाबंधन के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रक्षाबंधन की बधाई दी। उन्होंने कहा,समस्त देशवासियों को 'रक्षाबंधन' के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह के इस पर्व पर सभी के सुख व समृद्धि की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाया। संविद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल की छात्राओं ने राजनाथ सिंह को राखी बांधी। राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सैनिक संस्थान की उषा राणा ने भी मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षाबंधन के मौके पर विभिन्न राज्यों के छात्रों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और जयंत चौधरी भी मौजूद रहें।

**पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा,समस्त देशवासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं।**



### छात्रा से दुष्कर्म, प्राचार्य-शिक्षक समेत 11 आरोपी गिरफ्तार

**चेन्नई:** तमिलनाडु के कृष्णागिरी में एक फर्जी राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैंप में 13 साल की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म और 12 अन्य के यौन शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में रविवार को कैंप आयोजक, निजी स्कूल के प्रधानाचार्य, दो शिक्षकों और एक कॉरेस्पॉन्डेंट सहित 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जांच में पता चला है कि निजी स्कूल के पास एनसीसी इकाई नहीं थी। आयोजकों ने स्कूल प्रबंधन से कहा था कि इस तरह के कैंप की मेजबानी करने से वे एनसीसी इकाई के लिए पात्र हो जाएंगे। पुलिस ने आगे बताया कि स्कूल ने कैंप के लिए जिस समूह को नियुक्त किया, उसकी पृष्ठभूमि की जांच नहीं की। एक अधिकारी ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में आयोजित तीन दिवसीय कैंप में 17 लड़कियों सहित 41 छात्रों ने भाग लिया था। छात्राओं को पहली मंजिल पर स्कूल के सभागार में ठहराया गया था, जबकि लड़कों को भूतल पर। कैंप की निगरानी के लिए कोई शिक्षक भी नहीं रखा गया था। लड़कियों का आरोप है कि उन्हें बहलाकर ऑडिटोरियम से बाहर ले जाया गया। फिर उनका यौन उत्पीड़न और शोषण किया गया।

## अमरनाथ यात्रा संपन्न, 5 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को 52 दिनों के बाद वार्षिक अमरनाथ यात्रा संपन्न होगी। इस साल करीब पांच लाख तीर्थयात्रियों ने हिमालय में स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। महंत स्वामी दीपेंद्र गिरि द्वारा चलाई जा रही छड़ी मुबारक ने सुबह पंचतरणी से पवित्र गुफा तक अपनी यात्रा का अंतिम चरण शुरू किया। यह यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और कड़ी सुरक्षा के बीच 52 दिनों के बाद समाप्त हुआ। अमरनाथ यात्रा देश के सबसे मुश्किल तीर्थ स्थलों में से एक है। हर साल की तरह इस बार भी अमरनाथ यात्रा के दौरान काफी मुश्किलें आईं। बारिश के कारण हुए भूस्खलन के चलते यात्रा रोकनी भी पड़ी। रास्ते में फंसे श्रद्धालुओं के रेस्क्यू के लिए सेना के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। आतंकी हमले भी हुए। इस दौरान आम लोगों ने और सैनिकों ने भी अपनी जान गंवाई। भगवान शिव की भगवा वस्त्रधारी पवित्र 'छड़ी मुबारक' को पारंपरिक पूजा-अर्चना और अनुष्ठान के लिए सोमवार को अमरनाथ गुफा मंदिर ले जाया गया। पवित्र छड़ी के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि ने बताया कि एक रात रुकने के बाद छड़ी मुबारक रविवार सुबह 'श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्दशी' के मौके पर शेषनाग शिविर से पंचतरणी शिविर के लिए रवाना हुई।

## देश भर में डॉक्टरों की हड़ताल के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय का बड़ा फैसला

# हेल्थ वर्कर्स की बढ़ाई जाएगी सुरक्षा, कमेटी भी बनेगी

**डीजीएचएस की अध्यक्षता में जो कमेटी बनाई जाएगी, वह डॉक्टरों और हेल्थकेयर वर्कर्स की समस्याओं पर सुझाव लेंगी।**




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देश भर में डॉक्टरों की हड़ताल के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने बड़ा फैसला किया है। केंद्र सरकार ने सभी मेडिकल हॉस्पिटल्स में 25त्न सुरक्षा बढ़ाने का आदेश दिया है। वहीं, मंत्रालय ने हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा के लिए एक कमेटी भी बनाने का आदेश दिया है। डीजीएचएस की अध्यक्षता में जो कमेटी बनाई जाएगी, वह डॉक्टरों और हेल्थकेयर वर्कर्स की समस्याओं पर सुझाव लेंगी। डॉक्टरों की बेसिक समस्याएं जैसे रेस्ट रुम, सीसीटीवी सुविधाएं इन सबको दुरुस्त किया जाएगा।

जरूरत के आधार पर मार्शल भी बढ़ाए जाएंगे।अस्पताल में हिंसा मामले को लेकर 6 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया है। इस कमेटी में राज्य सरकार समेत सभी अहम स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधि होंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी से आज कई रेजिडेंट डॉक्टरों के प्रतिनिधियों की मुलाकात हुई। 26 राज्यों में पहले ही स्वास्थ्य सेवाकर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून है। जिसमें 3 साल से 10 तक की सजा का प्रावधान है। सरकार ने डाक्टरों को समझाया कि ऑर्डिनेंस से कोई फायदा नहीं होगा। रेजिडेंट डॉक्टरों की मांग उचित नहीं है। डॉक्टर जो भी मांग कर रहे हैं, वह राज्यों के कानून में कवर नहीं होता। पश्चिम बंगाल का मामला निंदनीय है और ये रेप मर्डर के कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। अगर डॉक्टर ऐसे ही अपनी मांग पर अड़े रहे तो कानून और कोर्ट के आदेश के आधार पर डॉक्टर के खिलाफ एक्शन हो सकता है।

## लेटरल एंट्री के खिलाफ राहुल गांधी ने खोला मोर्चा

# संविधान को नष्ट कर रहा भाजपा का रामराज्य



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों में संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों के प्रमुख पदों पर 'लेटरल एंट्री' के जरिये जल्द ही 45 विशेषज्ञ नियुक्त किए जाने के फैसले को लेकर खूब सियासी बयानबाजी चल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सरकार के इस फैसले को ओबीसी, एससी, एसटी आरक्षण के खिलाफ बताया। वहीं, सोमवार को एक बार फिर राहुल गांधी ने इस मामले को लेकर सरकार की आलोचना की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, लैटरल एंट्री दलितों, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। भाजपा का रामराज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करने और बहुजनों से आरक्षण छीनने का प्रयास करता है। इससे पहले राहुल गांधी ने पोस्ट में लिखा था, नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' के ज़रिए लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती कर खुलेआम एसके, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है। मैंने हमेशा कहा है कि टॉप ब्यूरोक्रेसी समेत देश के सभी शीर्ष पदों पर वंचितों का प्रतिनिधित्व नहीं है, उसे सुधारने के बजाय लेटरल एंट्री द्वारा उन्हें शीर्ष पदों से और दूर किया जा रहा है। यह यूपीएससी की तैयारी कर रहे प्रतिभाशाली युवाओं के हक पर डाका और वंचितों के आरक्षण समेत सामाजिक न्याय की परिकल्पना पर चोट है।

## मंत्री दीपिका पांडेय ने हेमंत सोरेन को फिर मुख्यमंत्री बनाने का लिया प्रण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में जारी सियासी कोलाहल के बीच मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रक्षाबंधन और सावन की अंतिम सोमवारी पर सोशल मीडिया एक्स पर भावुक पोस्ट किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए उन्होंने लिखा है, हम बहनें एक बार फिर प्रण लेती हैं कि आपको मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठायेंगे। रक्षाबंधन पर हमारे भाई ने उपहार दिया है और यदि रक्षा करने की बात आई तो हम बहनें कवच बनकर आपके साथ खड़ी हैं। मंत्री बबिता देवी तथा दीपिका पांडेय सिंह ने रक्षाबंधन की बधाई भी दी है। कहा है, भाई-बहन के असीम स्नेह व प्रेम के पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं! यह पवित्र त्यौहार आपके जीवन में स्नेह, खुशियां और आपसी प्रेम को और भी मजबूत करे। आपके रिश्ते हमेशा सुरक्षित और प्यार से भरे रहें।



# पलामू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षा बंधन का त्योहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू भाई-बहन के अटूट प्यार का पर्व रक्षा बंधन सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मेदिनीनगर व इसके आसपास के क्षेत्रों समेत पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मना। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक व कलाई पर राखी बांधकर अपनी सुरक्षा की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प दोहराया। इस पर्व को लेकर बहन ही नहीं भाइयों में भी काफी उत्साह दिखा। बहन-भाई के प्यार का त्योहार रक्षा बंधन महंगाई पर भी भारी पड़ा। बहनें सुबह से ही रक्षा बंधन की तैयारी में जुटी थी। भाई को राखी बांधने की बेताबी बहनों में स्पष्ट दिख रही थी। श्रावण पूर्णिमा की पूजा संपन्न होने के बाद मुहूर्त के अनुरूप राखी बांधने का सिलसिला शुरू हुआ। यह सिलसिला दिनभर चला।



इधर रक्षा बंधन व सावन पूर्णिमा को ले शहर के रेड़मा स्थित काली मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन की धूम रही। शहर के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी थी। श्रावण पूर्णिमा पर रेड़मा काली मंदिर,शहर के विष्णु मंदिर, देवी मंदिर, छह मुहान काली मंदिर, महावीर मंदिर व हीरा मंदिर समेत कई मंदिरों में विशेष हवन पूजन का कार्यक्रम संचालित हुआ। इस वर्ष रक्षा बंधन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि यानि 19 अगस्त 2024 को मनाया गया। भाई-बहन एक-दूसरे को सही मायने में समझने वाले मित्र के रूप में एक बंधन साझा करते हैं, वे माता-पिता की तरह एक-दूसरे की रक्षा करते हैं और दुश्मनों की तरह लड़ते हैं लेकिन जब वे मुसीबत में होते हैं तो हमेशा उनके साथ खड़े होते हैं।रक्षाबंधन का त्योहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। ये त्यौहार भाई-बहन का त्योहार है, जिसमें बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती हैं। हमारे देश में तो इस त्योहार को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है मगर क्या आप जानते हैं कि अन्य देशों में भी इस त्योहार को काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन लोगो के लिए पवित्र त्योहार है, लेकिन सुबह से ही भद्राकाल लगने के कारण राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर 01 बजकर 32 मिनट के बाद से सुरू हुआ। इस तरह से राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर 01 बजकर 32 मिनट के बाद से लेकर रात 09 बजकर 31 मिनट तक था।

**रक्षाबंधन पर खूब हुई मिठाई की बिक्री** रक्षाबंधन को लेकर सोमवार अंतिम दिन मेदिनीनगर शहर में मिठाई की बिक्री से बाजार गुलजार रहा. बड़ी छोटी तमाम दुकानों में लोगों ने मिठाइयों की जमकर खरीदारी की. ताकि राखी से सजे थाल में बहनें अपने भाईयों को राखी बांधने के साथ मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कर सके। मिठाई खरीदने के लिए शहर के लोग मोती मिष्ठान भंडार में सुबह से ही भीड़ लगाए हुए थे।मोती मिष्ठान भंडार के संचालक प्रभात गुप्ता ने बताया कि मेरी यह दुकान पिछले कई साल से चल रही है. अपने उत्तम क्वालिटी की वजह से हमने ग्राहकों के बीच अपनी अच्छी जगह बनाई है।

## एनएसयूआई ने निकाला कैंडल मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ऋषभ चंद्रवंशी के तत्वावधान में कैंडल मार्च निकाली गई। कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज की मेडिकल छात्रा के साथ हुए दुराचार, मौत के लिए के दोषी व्यक्तियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर विरोध जताया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश में इस प्रकार का कानून लाना चाहिए कि इस तरह के सभी मामलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट चलाकर दोषियों को एक महीने में कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए और पैमाना इतना सख्त होना चाहिए कि अगली बार कोई भी अपराधी इस तरह का कुकर्म करने से पहले 10 बार सोचे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ऋषभ चंद्रवंशी, जिला महासचिव इजहार अंसारी, बलजीत यादव, प्रियांशु कुमार, अंकित मिश्रा, अविनाश सिंह, साहिद खान, पंकज कुमार, सिबु कुमार आदि मौजूद थे।

## राजद नेता विश्वनाथ राम घुरा ने सिविल सर्जन को लिखा पत्र



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजद नेता सह प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घुरा ने सदर अस्पताल के सिविल सर्जन के नाम पत्र देकर मांग किया गया है कि पुलिस विभाग के अधीनस्थ पोस्ट मार्टम हाउस में अन्त्य परीक्षण चिर-फाड करने वाले स्थाई कर्मचारी की नियुक्ति नही होने के कारण पोस्ट मार्टम हाउस में आया हुआ शव का परीक्षण करने में काफी व्यवधान उत्पन्न होता है। चिकित्सक के द्वारा पोस्ट मार्टम हाउस के इर्द-गिर्द निवास करने वाले दलित, महादलित वर्ग के बेरोजगारों को बुलाकर चिर फाड़ करवाते है जो मनमाना राशि का मांग करते है जो सक्षम लोग है वे दे देते है। जिनका समय पर कर दिया जाता है पर जो गरीब तबके के रहते है वे ज्यादा राशि मांगने पर दे नही पाते है तो वैसे परिजनों का शव को चिर फाड़ करने से इन्कार कर देते है जब उन सबों को मन मुताबिक पैसा मिलता है तब करते है, पोस्ट मार्टम करने वाला का नियुक्ति स्थाई किया जाता था जो विगत 20, वर्षो से नही हो रहा है जिसे देखते हुए राजद नेता ने दो स्थाई कर्मचारी को नियुक्ति करने की मांग किये है।

## पुलिस हिरासत में 15 मवेशियों की संदिग्ध मौत, प्रशासनिक लापरवाही और तस्करी की भूमिका पर उठ रहे सवाल

**हुसैनाबाद,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहम्मदगंज थाना पुलिस द्वारा 18 अगस्त को मवेशी तस्करी के आरोप में एक पिकअप वाहन को पकड़ा गया था, जिसमें 17 मवेशी लदे हुए थे।इस मामले में दो पशु तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। सभी जप्त मवेशियों को थाना परिसर में रखा गया था। हालांकि, 18 अगस्त को ही थाना परिसर में रखे गए सात मवेशियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस प्रशासन ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही इन मवेशियों को दफना दिया, जिससे प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। अब, 19 अगस्त को शेष बचे 10 मवेशियों में से आठ की मौत की सूचना मिली है। इस घटना ने प्रशासनिक लापरवाही और मवेशियों की तस्करी के आरोपियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभी तक न तो पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे हैं और न ही मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम किया गया है। पशु चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि मवेशियों की इतनी बड़ी संख्या में अचानक मौत के पीछे जहरीला आहार या किसी प्रकार की दवा का इस्तेमाल हो सकता है। लेकिन, बिना पोस्टमार्टम के इन मौतों के सही कारण का पता लगाना मुश्किल है। इस घटना के बाद से प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं तस्करी के आरोपियों पर भी संदेह की सुई घूम रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि आखिर किस परिस्थिति में मवेशियों की अचानक मौत हो गई। फिलहाल, इस मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहा है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है और वे न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं ताकि मवेशियों की मौत के सही कारणों का खुलासा हो सके और दोषियों को सजा मिले।

# कन्या विवाह सोसायटी द्वारा रक्षाबंधन पर बहनों के बीच राखी वितरित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित कन्या विवाह एण्ड विकास सोसाइटी कि ओर से गरीब एवं जरूरतमंद बहनों के बीच रक्षाबंधन के अवसर पर मिठाई एवं राखी का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय डंडई, सोनेहारा, जर्दे , करके, रारो, लवाही, जरही, तसरार, महुदंड, पचौर सहित धुरकी प्रखंड के टाटीडिरी, मर्चैया, परासपानी, भंडार, शक्ति आदि गांवों कि लगभग 2500 बहनों के बीच संस्था द्वारा राखी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर कन्या विवाह और विकास सोसाइटी के प्रखंड प्रभारी दीनानाथ पांडेय ने कहा कि संस्था के सचिव विकास माली के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के अवसर पर रजिस्टर्ड बहनों के




साथ-साथ अन्य गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को राखी एवं मिठाई भेंट करती है। इसी वर्ष दिसंबर माह में 100 से अधिक कन्याओं के सामूहिक विवाह का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें सभी कन्याओं को विदाई सामग्री व अन्य सामान देकर धूमधाम से विवाह कराया जाएगा। इस अवसर पर सुमन देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, पूर्व उप प्रमुख आनंद प्रकाश, मुनीरूद्दीन अंसारी, संस्था के काउंसलर राकेश मेहता, सरवेयर अंकुर प्रसाद, लक्ष्मी मेहता, अनिल कांत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# वंशवाद हटाओ विश्रामपुर विधानसभा बचाओ को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** उटारी रोड स्थित, श्री शिव संपत धाम मंदिर प्रांगण में वंशवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा बैठक आहूत की गई थी, इस बैठक की अध्यक्षता उटारी रोड जिला परिषद अरविंद सिंह ने किया, वही मंच का संचालन भाजपा नेता वेद प्रकाश शर्मा ने किया, उपस्थित सभी वरिष्ठ भाजपाइयों ने अपनी मांग को लेकर बताई किसी भी हाल में वंश बाद मुक्त जनप्रतिनिधि की जरूरत है, बिश्रामपुर मझियाव का विकास थम सा गया है, कार्यकर्ता में सांफ ढंग से हताशा और निराशा व्याप्त है, वहीं जिला परिषद अरविंद सिंह ने उपस्थित लोगों के बीच श्री संपत धाम मंदिर पर जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व मे लक्ष्मी नारायण



यज्ञ होने की बत बताई 17/10/2024 से लेकर अक्टूबर 22/10/2024 तक चलेगी इस यज्ञ में काफी संख्या में लोगों को सम्मिलित होने की भी बात कही कार्यक्रम में उपस्थित, भाजपा नेता सीएस दुब, पूर्व पलामू जिला अध्यक्ष, नरेंद्र पांडे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर नारायण पांडे, भाजपा नेता बृजेंद्र पाठक, बिश्रामपुर जिला परिषद विजय रविदास, बिश्रामपुर युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी, रामाशीष यादव प्रदेश कर समिति सदस्य, अभय कुमार सिंह, दीपक गुप्ता, मुंशी प्रसाद गुप्ता, अमित कुमार चौधरी, सकेनदर कुमार, अहमद अंसारी, परमानंद तिवारी समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आक्रोश रैली में शामिल हो प्रदर्शन को दे मजबूती : संजय मेहता



**पिपरा,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड मंडल अध्यक्ष संजय मेहता ने प्रखंड के युवाओं को 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली रांची में शामिल होकर प्रदर्शन को मजबूती देने के लिए अनुरोध किया है। संजय मेहता ने कहा कि हेमंत सरकार के द्वारा युवाओं को छलने का काम किया गया है. हेमंत ने जिन कार्यों को करने का वादा करके सरकार बनाया था। उनके द्वारा किए गए सारे वादे झूठ साबित हुए हैं। युवा बेरोजगारी से परेशान है। हेमंत सरकार के नेता बस खुद का झोली भरने का काम कर रहे हैं। राज्य जिला एवं प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है अब समय आ गया है कि उन लोगों को उनकी असली जगह दिखा दिया जाए। इसलिए प्रखंड क्षेत्र के सभी युवाओं से एक बार फिर अनुरोध है कि भारी से भारी संख्या में 23 अगस्त को रांची पहुंचकर आक्रोश रैली को सफल बनाएं।

## शिवशक्ति धाम कजरी में भजन संध्या सह भंडारे का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा :** श्रावण पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर त्रिवेणी संगम तट स्थित शिवशक्ति धाम कजरी में भजन संध्या सह भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह में पुरोहित त्रिभुवन पाठक और मुख्य यजमान बृजबिहारी सिंह द्वारा रुद्राभिषेक विशेष पूजा अर्चना किया गया. दोपहर में भंडारे का आयोजन किया। संध्या में राम और श्याम द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया गया. ऐसी लगी लगन मीरा हो गई मगन... राम नाम अति मीठा है कोई गा के देख ले .. आदि भजन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. अति सुन्दर भजन श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया. इस भंडारे में राजद नेत्री ममता कुमारी ने भाग लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण की। लोगो से मुलाकात की और बाबा भोले का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुखिया रंजना कुमारी सिंह, रंजय सिंह, अनुज सिंह, सुमेर सिंह, धर्मवीर सिंह, अशोक सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, नागेश्वर सिंह, अजीत सिंह, विशेश्वर नाथ सिंह, अनिल सिंह, शशिभूषण सिंह, सुनील सिंह, छोटू सिंह, मुकेश सिंह, दिलीप सिंह, अजय सिंह, आनंदी सिंह, लल्लू सिंह, बसंत सिंह, प्रसिद्ध नारायण सिंह, मुना सिंह, अरुण सिंह, जयराम सिंह, मंटू ठाकुर सहित समिति के कई लोग मौजूद थे।

## शहर थाना पुलिस की गिरफ्त में तीन महिला चोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी के आदेश पर शहर थाना की पुलिस इन दोनों अलर्ट हो गई है। हर छोटे बड़े चोर पर पुलिस की कड़ी निगरानी है। इसी क्रम में रक्षाबंधन त्यौहार के दिन काली मंदिर से तीन महिला चोर को शहर थाना की पुलिस पड़कर उनसे पूछताछ के लिए उन्हें थाना लाई है। जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन त्यौहार की सुबह शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक निवासी संतोष सिंह की पत्नी ललिता देवी अपने परिवार के साथ रेडमां काली मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंची थी। तभी तीनों महिला चोरों ने मिलकर उनके गले से सोने का चैन चोरी कर भागना चाहा परंतु मंदिर में पूजा कर रहे अन्य लोगों ने उन चोरों को पड़कर इसकी सूचना शहर थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलने पर टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश सिंह, रोहित कुमार, टिओपी 2 टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों चोरों को पड़कर थाना ले गए। पूछताछ के क्रम में महिला चोरों ने बताया कि तीनों उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के रहने वाले हैं। महिला चोरों ने पुलिस को यह भी बताया कि उनके गैंग चोरी करने के लिए सभी जिलों में फैले हुवे है। भीड़भाड़ का इलाका देखकर यह सभी चोर चोरी करते हैं। वहीं पकड़े गए चोरों के बारे में शहर थाना में किसी प्रकार का आवेदन नहीं दिया गया है। वहीं आवेदन मिलने के बाद पुलिस इन चोरों पर कार्रवाई करेगी।

## प्रखंड प्रमुख ने पत्नी सहित किया पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड क्षेत्र में रक्षाबंधन एवम श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने के कारण सभी देव स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखा गया। इस क्रम में सुबह से ही सभी मंदिर परिसर में भिड़ उमड़ रहा था है जगह हर हर महादेव की गूज सुनाई दे रहा था जबकि मध्यान के बाद रक्षाबंधन का पर्व को लेकर बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांध कर भाई को दीर्घ जीवी होने की कामना किया गया। सगमा के प्रखण्ड प्रमुख ने सपरिवार अपने आवास स्थित शिव मंदिर में भगवान भोले नाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर अपने परिवार के साथ प्रखण्ड छेत्र के लोगो के लिए मंगल कामना की। प्रखण्ड क्षेत्र के गांव में चल रहे मिठाई की दुकान पर खरीददारी करने वालो का ताता लगा हुआ था बहनों ने भाई को रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घ जीवी होने का आशीर्वाद दिया तो भाइयों ने अपनी बहन की मान सम्मान के साथ सुरक्षा देने का वचन दिया। प्रखण्ड के सभी गांव में सुबह से ही भाई बहन एक दूसरे के यहा आते जाते देखे गए जिस कारण दिन भर गांव में चहल पहल की स्थिति बना रहा। क्षेत्र के सगमा, कटहरकलां, सारदा,पुत्तुर, बीरबल, सोनडीहा, बैलीया, घघरी, झुनाका, दुसैया, मकरी, चैनपुर में स्थित देव स्थोलो पर स्रधालुओ के कारण मेले जैसा भीड़ लगा रहा।

## सावन के अंतिम सोमवारी को झरनेश्वर मंदिर में हुआ विशेष पूजा अर्चना



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत बघमनवा पंचायत स्थित झरनेश्वर शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवरी को विशेष पूजा अर्चना की गई। अहले सुबह से ही भक्तों का मंदिर में पहुंचना शुरू हो गया था, जो शाम तक जारी रहा। मंदिर प्रांगण में कई और भी धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इसके अलावा 24 घंटे का अखंड कीर्तन भी हुआ। अखंड कीर्तन में वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह भी शामिल हुए। मंदिर कमिटी के लोगों ने बबलू सिंह का जोरदार स्वागत किया। श्री सिंह ने सबसे पहले भगवान भोलेनाथ का पूजा कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद आयोजित अन्य धार्मिक कार्यों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से हर मनोकामना पूर्ण होती है। मौके पर निरंजन सिंह खरवार, राणा प्रताप सिंह, अंजू अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रभारी सलीमुदिन अंसारी, प्रवीण सिंह, मीडिया प्रभारी राहुल दुबे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# चिनिया में एआईएमआईएम का हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** एआईएमआईएम के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के खुरी गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात चिनिया प्रखंड के चिरका बाजार में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार मुसलमान के हक व अधिकार कब देगा। वर्तमान झारखंड की सरकार सिर्फ यहां के लोगों को ठगने का काम की है। यहां के विधायक सह मंत्री के द्वारा सिर्फ विकास के नाम पर ढोल बजाया जा रहा है। यहां अभी तक लोगों को पेयजल, बिजली व सड़क आदि की सुविधा नहीं मिल पाई है। डॉ. एमएन खान ने कहा कि एआइएमआइएम ही गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र का



चहुमुखी विकास कर सकता है। यह बात यहां की जनता भी पूरी तरह समझ चुकी है। एआइएमआइएम से लगातार लोग जुड़ रहे हैं। हेमंत सरकार ने जो अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था उसमें से कोई भी काम नहीं किया जो जनहित में हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गढ़वा सहित पूरे झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता परेशान हैं लेकिन उनका सुनने वाला कोई नहीं है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, जिला सचिव अशोक चौधरी, जिला सचिव हाजी नसीरुद्दीन, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, सुनील यादव, गढ़वा प्रखंड के सोशल मीडिया प्रभारी दाऊद इब्राहिम, सदाकत अंसारी, हसनैन मंसूरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम जिले के टाउन हॉल में आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कार्यक्रम ने उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, सदर एसडीओ विजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यकम का उद्घाटन किया। मौके पर विभिन्न स्कूलों के छात्र, छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत व नृत्य की प्रस्तुति की। निर्णायक कमिटी द्वारा गीत में प्रथम शांति निवास, द्वितीय आरके, पब्लिक स्कूल तथा तृतीय स्थान ज्ञान निकेतन स्कूल को मिला। वहीं नृत्य में बीएसकेडी स्कूल को प्रथम, कस्तूरबा गांधी को द्वितीय तथा ब्राइट फ्यूचर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



निर्णायक कमिटी में अजय कुमार शुक्ल, गोपाल प्रसाद कश्यप, छितिजा कुमारी शामिल थे। मौके पर स्थानीय वरिष्ठ कलाकारों ने भी बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दिया। गोपाल प्रसाद कश्यप होठो पे सच्चाई रहती है, विजय प्रताप देव एवं सुधांशु कुमार ने संदेशे आते है, उमेश विश्वकर्मा ने ए मेरे प्यारे वतन, बसंत कुमार ने जहाँ डाल डाल पर सोने की, दया शंकर गुप्ता एवम पूर्णिमा कुमारी ने मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू गीतों से देश भक्ति भावना से महफ़िल में जोश भर दिया। सभी कार्यकर्मो का निर्देशन संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी द्वारा किया गया। मंच संचालन पूनमश्री ने किया।

## स्कूली बच्चों ने पिपरा पुलिसकर्मियों को बांधा राखी




**पिपरा, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के संत जेवियर इंग्लिश विद्यालय के बच्चों ने पिपरा थाना परिसर पहुंचकर दर्जनों पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर बहनों की कमियों को दूर किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहां के बहुत सारे पुलिसकर्मी त्योहार के मौके पर अपने घर नहीं जा पाते हैं. हमारे विद्यालय के बच्चों के द्वारा रक्षाबंधन पर एक छोटा सा प्रयास उन कमियों की भरपाई का। वही एसआई नकुल शर्मा ने कहा कि मैं हर संभव सभी बहनों की रक्षा करने की वचन देता हूं मनोज राणा ने कहा कि महिलाओं बच्चों बहनों की सुरक्षा हमारी जिम्मेवारी है। जिसे हम सब पुलिसकर्मी किसी भी कीमत पर पूरा करेंगे। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा राखी बंधवाकर हम सभी लोगों को बहुत ही अच्छा लग रहा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### अंतिम सोमवारी पर कांवड़ियों का किया गया स्वागत

रांचीः अंतिम सोमवारी को सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी राँची,चर्च रोड दुकानदार समिति के तत्वधान में कांडियों के लिए विशेष रुप से स्वागत किया। आपसी सद्भावना के साथ स्वागत देर रात तक किया गया। इस अवसर पर राँची के लोकप्रिय उपायुक्त राहुल सिन्हा ,सदर एस डी, एम,उत्कर्ष कुमार,सिटी डीएसपी केवी रमन , लोअर बाजार के थाना प्रभारी दयानन्द कुमार भी मौजूद रहे। शिविर में मुख्य रूप से,सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटी राँची के महा सचिव, अकीलुर्रहमान, सेन्ट्रल पीस कमिटी के सागर कुमार,मो सरफराज आलम, अब्दुल खालिक ननहू,अफताब आलम सेहत कई समाज सेवी आदि देर रात तक ऊपस्थित रहे।

### ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड के सुधीर का रहा शानदार प्रदर्शन

रांची। महाराष्ट्र की संभाजी नगर (औरंगाबाद)में आयोजित 17 से 20 अगस्त तक आयोजित हो रही 41वां जूनियर नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2024 प्रतियोगिता में झारखंड के सुधीर कुमार ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए क्रमश असम, सर्विसेज, महाराष्ट्र के खिलाड़ी को हराते हुए झारखंड को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इसी के साथ झारखंड के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई । झारखंड ताइक्कांडो के सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष बमबम कुमार देव, झारखंड ताइक्कांडो के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, संयुक्त सचिव रबीउल हुसैन , झारखंड ताइक्कांडो के सदस्य एवं रांची जिला ताइक्कांडो के सचिव सैयद फारूक नदीम, झारखंड ताइक्कांडो के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राजीव रंजन और देवघर ताइक्कांडो के अध्यक्ष अनूप कुमार बरनवाल, देवघर ताइक्कांडो के चेयरमैन शिव शंकर सिंह , दुमका जिला ताइक्कांडो के सचिव दिलीप कुमार यादव , गोड्डा जिला के कोच मोहम्मद अजीजुल्लाह साथ डीएसए के सचिव आशीष झा ने भी बधाई दी।

# अंतिम सोमवारी के विधि-व्यवस्था को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आज रात्रि को अंतिम सोमवारी को लेकर रांची शहर की पूरी विधि-व्यवस्था का मुआयना किया गया।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्वागत शिविर का मुआयना

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आज रात्रि को पांचवी सोमवारी को लेकर बनाए गए स्वागत शिविर कर्बला चौक का मुआयना करते हुए सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### श्रद्धालुओं से वार्ता की

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अंतिम सोमवारी को लेकर रांची शहर में विधि-व्यवस्था देखने निकले तो उस दौरान वे चुटिया स्थित राम मंदिर एवं नामकुम में स्वर्ण रेखा घाट का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनकी राय ली। साथ यहाँ उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की यहाँ श्रद्धालुओं को कोई समस्या नही हो साथ इस दौरान पूरी विधि-व्यवस्था चाक-चौबंद रहें यह सुनिश्चित रखें।

उपायुक्त रांची, ने अंतिम सोमवारी को लेकर पूरी शहर का विधि व्यवस्था अच्छा रहें इसको लेकर सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया। साथ उन्होंने प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया।

# सड़क दुर्घटना में बिशप स्कूल के छात्र प्रियांशु की मौत के बाद झालसा ने लिया संज्ञान

प्रभात मंत्र संवाददाता




रांची : लोअर बाजार थाना क्षेत्र के बहुबाजार कांटाटोली मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना, जिसमें एक बेकाबू कार के ने स्कूटी पर सवार मां एवं बेटे को अपने चपेट में ले लिया जिसमें 11 साल के बालक प्रियांशु की मौत हो घटनास्थल पर हो गई थी। उसकी माता रोमा कुमारी गंभीर रूप से घायल है ।इस घटना को झालसा, रांची ने संज्ञान लिया है। साथ ही डालसा रांची को आदेश दिया कि वह तत्काल घायल माता तथा उनके परिवार वालों से मिलकर आवश्यक विधिक सहायता प्रदान करें। यह संज्ञान अखबारों में छपी खबर पर लिया गया है। सड़क दुर्घटना 15 अगस्त को घटी थी। इस निर्देश के आलोक में न्यायायुक्त- सह-अध्यक्ष डालसा, रांची दिवाकर पांडेय ने डालसा सचिव को अविलम्ब एक टीम गठित कर मृतक के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। इस आदेश के आलोक में डालसा सचिव कमलेश बेहरा पीएलवी विक्की चौधरी व स्नेहलता दुबे ने मृतक के परिवार से मेडिका अस्पताल में मृतक के पिता एवं परिवार से मुलाकात कर समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया एवं केस के अनुसंधानकर्ता को अभियुक्त के विरूद्ध त्वरित उचित कार्रवाई करने को कहा। ज्ञात हो कि इस घटना को लेकर अभियुक्त के विरूद्ध बी.एन.एस. की धारा 281, 125, 105, 106 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। इसके साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के द्वारा भी इस वाद में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में पीड़िता के परिवारवालों को जानकारी दी गयी एवं उनकी विधिक सहायता हेतु एक प्रो-बोनो विद्वान अधिवक्ता, ममता श्रीवास्तव को भी नियुक्त किया गया। कार्यरत पीएलवी स्नेहलता दुबे को निर्देश दिया गया कि वे पीड़िता के तरफ से मुआवजा आवेदन प्राप्त कर डी.एल.एस.ए. ऑफिस में जमा करें, ताकि इस संबंध में आपदा प्रबंधन एवं एमएसीटी में पीड़िता के आवेदन को प्रेषित कर जल्द-से-जल्द राहत प्रदान की जा सके। बता दें कि छात्र बिशप स्कूल में पढ़ता था और घटना 15 अगस्त रात्रि की थी, इस खबर को सबसे पहले प्रभात मंत्र पोर्टल में चलाया इसके बाद अखबारों ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया।

# पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखण्ड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के केंद्रीय पदाधिकारी महामंत्री सुधीर थापा, प्रदेश संयुक्त मंत्री चंद्रदीप ठाकुर और प्रदेश उपाध्यक्ष विनोरमा कुमारी ने झारखण्ड राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से ट्रेड रैंक के विषय में विस्तृत रूप से वार्ता की। मुख्यमंत्री ने कहा की इस विषय पर मुझे संज्ञान है और में आप लोग के विषय पर कार्य कर रहा हूं, आप लोग बेफिक्र रहे, आपकी ये मांग अवश्य ही पूरी होगी। प्रदेश संयुक्त मंत्री चंद्रदीप ठाकुर।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बनाए गए डॉ आरिफ बट

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों की सूची सोमवार को जारी कर दी गई है। इसमें पिछले कमिटी में मंत्री रहे डॉक्टर आरिफ नासिर बट को उनके कार्यो को देखते हुए फिर से पदोन्नति करते हुए महामंत्री नियुक्त किया गया। अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात साहब ने आरिफ बट को प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा है। आरिफ ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी के लिए पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष अनवर हयात , नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी , संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का आभार जताया है। आरिफ के महामंत्री बनने पर प्रभारी सोना खान, अल्पसंख्यक महामंत्री ताजदार आलम, उपाध्यक्ष शमीम रजा, प्रवक्ता नय्यर आजम, उपाध्यक्ष तारिक इमरान, कोषाध्यक्ष समीर खान, ने खुशी जताई और अन्य पदाधिकारियों ने भी बधाई दिया। अन्य पदाधिकारियों की घोषणा भी कर दी गई है जल्द से जल्द प्रदेश कार्यसमिति की भी घोषणा कर दी जाएगी।

# 24 को आंदोलनकारी अपने अधिकारों की रक्षा की आवाज बनेंगे : पुष्कर महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि 24 अगस्त को झारखंड आंदोलनकारी अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का आवाज बनेंगे । अपने बाल -बच्चों के अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान करेंगे,झारखंड आंदोलनकारियों को अपनी अलग पहचान और झारखंड का डेमोग्राफी को बचाने की लड़ाई लड़ने का संकल्प लेंगे । संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह केंद्रीय संयोजिका सरोजिनी कच्छप, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रजामंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समक्ष हजारों -हजार की संख्या में झारखंड आंदोलनकारी गण अपने अधिकारों एवं झारखंड अलग राज्य के मूल्यों की रक्षा का संकल्प सभा में भाग लेंगे। राज्य बनने के पश्चात झारखंड आंदोलनकारियों के समक्ष कई चुनौतियां खड़े हुए हैं। इन चुनौतियों में झारखंड आंदोलनकारियों के समक्ष सबसे बड़ा चुनौती अलग पहचान को बचाने का है अस्मिता एवं अस्तित्व , जल जंगल जमीन की रक्षा का है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट, पेसा कानून, पांचवी अनुसूचित क्षेत्र , परंपरा एवं व्यवस्था को बचाने का है।

# सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाये जा रहे डायल 112 के क्यूआर कोड

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची : डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर महिला सुरक्षा, एटीएम संबंधी अपराधों की रोकथाम को लेकर त्वरित कार्रवाई के लिए डायल-112 का क्यूआर कोड बनाया गया है।

इस क्रम में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में क्यूआर कोड को सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाया जा रहा है। क्यूआर कोड को जिले के सभी ऑटो, ई-रिक्शा और नगर निगम की सभी बसों पर चिपकाया जा रहा है, जिसे महिलाएं आसानी से स्कैन कर डायल-112 में छेड़खानी संबंधी और अन्य शिकायत दर्ज कर सकेंगी। इसी प्रकार एटीएम संबंधी धोखाधड़ी या साइबर अपराध की सूचना और शिकायत के लिए क्यूआर कोड बनाया गया है, जिसे शहर के सभी एटीएम में चिपकाया जायेगा। आमजन आसानी से आवश्यकता पड़ने पर इसे स्कैन कर डायल-112 में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। क्यूआर कोड की व्यवस्था के माध्यम से डायल-112 को और अधिक प्रभावी बनाया गया है, जिससे लोग आसानी से अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनको त्वरित सहायता मिल सके।

# दुर्गा पुजा की तैयारी को लेकर हुआ भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। रमेश सिंह अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने कहा कि रांची के हृदय स्थलीय शहीद अल्बर्ट एक्का चौक स्थित मुख्य मार्ग पर विगत कई वर्षो से शहर में बहु चर्चित रहा पूजा पंडाल चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भी भव्य और आकर्षक दुर्गा उत्सव झारखंड वासियों के बीच करने को लेकर प्रयास रत हैं। इसी के तहत चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति अपने पूजा पंडाल परिसर के समक्ष झमाझम बारिश के बीच भूमि पूजन किया । इस शुभ अवसर पर संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर जैनेंद्र प्रसाद , ओमप्रकाश वर्मा, आनंद वर्मा, सतीश चंद्र, प्रदीप बर्मन,विकास वर्मा बबलू वर्मा, हरीस सिंह, संदीप सिंह संतोष आदित्य, दीपक वर्मा, दिलीप सिंह, विक्की वर्मा नीरज वर्मा ओम वर्मा , सुमित, अशोक यादव विनय राज, अभिषेक बंटी यादव, कुणाल यादव, राहुल चौधरी,सुनील साहू, दिलीप गुप्ता, विजय सिंह, महावीर सिंह, अमन जयसवाल, मिंटू चौबे , एवं अन्य सम्मानित लोग की उपस्थिति रही।

# रांची में हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची की बुंडू थाना पुलिस ने हथियार और चाकू के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित श्रवण कुमार दास बुंडू के पुराना बाजार टोली का रहने वाला है। इसके पास से एक देशी पिस्तौल और स्टील का फोल्डिंग चाकू बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पुराना बाजार टोली में बड़ा तालाब का सौन्दर्यीकरण का कार्य हो रहा है, जिसमें काम कर रहे कर्मचारी को किसी अपराधी के जरिये पिस्टल और चाकू का भय दिखाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस दल ने बड़ा तालाब बुंडू के पास त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रवण कुमार दास को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ पूर्व से दो मामला दर्ज हैं।

# भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है : मनोज

रांची : प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है और यही भाजपा की नीति और नियति है। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन के अगुवाई में सरकार बनी है तब से आज तक लगातार भाजपा झारखंड में सरकार को गिराने के लिए जोड़-तोड़ करने का काम कर रही है। सफलता नहीं मिली और न मिलेगी। उन्होंने सोमवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी अपने पाले में करने में भाजपा सफल होता दिख रही है लेकिन सरकार पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है।

# 37 वां अब्दुल सत्तार मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची : 37 वां अब्दुल सत्तार मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन रविवार से रिसालदार बाबा मैदान में आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन समाजसेवी अयूब अली एवं वेलफेयर स्पोर्टिंग क्लब दर्जी मोहल्ला डोरंडा, रांची के अध्यक्ष इफ्तेखार आलम एवं मोहम्मद हसनैन समाजसेवी के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली शामिल हुए। तथा शमशाद आलम, अजहरुद्दीन आलम, मो नौशाद, अरशद ज़मील विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर श्री अली ने कहा की नौजवान नशा पान से दूर रहकर खेल प्रतिभा के साथ आगे बढ़े, उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभा को विकसित करने के लिए यह फुटबॉल टूर्नामेंट एक सार्थक कदम है टूर्नामेंट में हार जीत का परवाह न कर खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर आगे बढ़े। श्री अली ने कहा कि इस तरह के खेल प्रतियोगिता से ही खिलाड़ी जिला , राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर अपने खेल प्रतिभा के माध्यम से पहुंचते हैं। इस फुटबाल टूर्नामेंट में मोहम्मद अशरफ, छोटू गद्दी ,मौलाना मनीर मोहम्मद इस्लाम ,शाहिद अय्यूबी, हाजी फिरोज , नौशाद आलम ,मोहम्मद शमीम, मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी , शाहबाज अहमद, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद भुट्टो ,हाजी जावेद , मोहम्मद शमशाद, मिराज गद्दी ,मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद सदीक ,पप्पू गद्दी ,सरफराज गद्दी ,मो शाहिद शाहिद रांची के गणमान्य व्यक्ति सहित चौरासी पंचायत, गद्दी पंचायत मोहर्रम कमेटी, मोमिन पंचायत, उर्स कमेटी केके पदाधिकारी शामिल हुए सभी लोगों को पगड़ी बांधकर शाल , बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजक अयूब अली एवं मुख्तार इफ्तिखार आलम ने कहा इस फुटबॉल टूर्नामेंट में आठ टीम के बीच मैच खेला गया तथा फाइनल गद्दी बॉयज एवं डोरंडा रेड के बीच खेला गया जिसमें डोरंडा रेड ने 3-0 से फाइनल मैच जीता विजेता टीम डोरंडा रेड एवं उपविजेता गद्दी बॉयज को मुख्य अतिथि आबिद अली, अयूब अली, मोहम्मद हसनैन के द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया।

# रांची में जुटे देशभर के 20 माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही, अनुभव को साझा किया

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची : रांची के जैप 1 (शौर्य सभागार) के ऑडिटोरियम, डोरंडा में सोमवार को 'एवरेस्ट सम्मिट 2.0- बियोंड दी माउनटेंस' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे देश भर के 20 पर्वतारोही शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक राजीव गुप्ता ने सीसीएल, साइबरपीस कॉर्प्स, अडाणी पावर, स्वच्छता पुकारे और प्रतिज्ञा के सहयोग से किया।जैमलिंग तेनजिंग, मेजर विनित, सिद्धार्थ त्रिपाठी, राजीव गुप्ता, आलोक गुप्ता ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता जैमलिंग तेनजिंग ने लोगों के सामने अपना अनुभव साझा किया। शिक्षा पूरी करने के लिए विदेश गये। अपने पिता से तेनजिंग नोर्गे से पहाड़ चढ़ने के लिए प्रेरणा लिया और पहाड़ों की तराई पर चढ़ना शुरू किया। काफी संघर्ष करने के बाद एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी की। आज पहाड़ों के बीच अपना जीवन बिता रहे हैं। एवरेस्ट फतह करने वाली विश्व की सबसे छोटी उम्र की महिला है, जो 13 साल और 11 महीने का उम्र में एवरेस्ट पर देश का झंडा फहराया। जीवन का संघर्ष को लोगों के सामने बयां किया। पर्वातारोही के दौरान होने वाली मुश्किलों को किताब में लिख डाली और पूरे जीवन को फिल्म में कैद कर लिया। संगीता एस. बहल एक मिस इंडिया,1985 की फाइनलिस्ट हैं, जिन्होंने अपने मॉडलिंग करियर के बारे में लोगों से अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने लोगों के सामने जीवन का अनुभव को साझा किया। प्रकृति वार्ष्णेय ने बताया कि दुनिया बहुत बड़ी है और इसमें आपके रहने के अनगिनत तरीके हैं। आप जो बनना चाहते हैं, वह बन सकते हैं, कोई नियम नहीं हैं। बस अपने दिल का अनुसरण करें, चाहे वह कहीं भी हो। काम्या कार्थिकेयन ने कहा किसबके अपने-अपने एवरेस्ट हैं; बस एक पैर दूसरे के सामने रखें और आप एक दिन वहां पहुंच जाएंगे।

# झारखंड की पहली शाखा जहां रोजगार के लिए कई कोर्स होंगे : शादाब

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची : आईपीसीएस ग्लोबल रांची की 32वीं शाखा का आर काम्प्लेक्स, मेन गेट बिरसा बस स्टैंड के सामने होटल पिकनिक, रांची के पास राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर बोलते हुए आईपीसीएस ग्लोबल रांची के संचालक शादाब आलम ने कहा कि पूरे भारत में इसकी 31 शाखा पहले से है, इसके अलावा दुबई सऊदी अरब में भी इसकी कई शाखा है। राज्यसभा सांसद डाक्टर महुआ माजी ने कहा की यह रोजगार से जोड़ने वाली है। हमारे लोगों को इससे फायदा उठाना चाहिए। इस मौके पर आईपीसीएस ग्लोबल के डायरेक्टर ओबेदुल्लाह, डायरेक्टर अब्दुल जमाल आईपीसीएस ग्लोबल के टेक्निकल हेड इंडिया राकेश केसी, आर एस अक्षय, मैनेजर आईपीसीएस समेत कई विशिष्ट लोग मौजूद थे।

## बुंडू में धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव




**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में सावन माह के उपलक्ष्य मे आज बुंडू नगर के थाना टोली मे नगर की महिलाओं ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ सावन महोत्सव मनाया । महोत्सव के सर्वप्रथम मे सभी महिलाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद आपस में सभी ने अपने विचारों में सावन महोत्सव कीउल्लेख करते हुएभविष्य में बेहतरीन ढंग से मानने का निर्णय लिया । इस क्रम में प्रीति जायसवाल ने कहीं की महिलाएं अपने दिनचर्या में व्यस्त रहती हैं ।सावन के इस पावन महीने में इस महोत्सव का बुंडू में पहली बार आयोजन होना महिलाओं के लिए खुशी की बात है । भविष्य में इस कार्यक्रम कि रूपरेखा बड़ी की जाएगी । रीना प्रजापति ने कहीं की इस महोत्सव की तैयारी एक् सप्ताह से की जा रही थी इस आयोजन से हम सभी बहुत उत्साहित हैं। आलो दत्ता ने कहीं की आज का पूरा दिन हम महिलाओ के लिए खुशी का दिन रहा। भविष्य में इस कार्यक्रम को बड़ा किया जायेगा। प्रीति सिंह ने कही की बुंडू मे हमलोगों ने पहली बार प्रयास कर इस महोत्सव का आयोजन किये जो पुरी तरह सफल रहा। इसके बाद महिलाओ ने कैटवॉक, मेहंदी प्रतियोगिता, कुर्सी रेस , सावन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । जिसमें कुर्सी रेस बहुत ही रोचक रहा। कुर्सी रेस में सफल राखी जायसवाल का का मुकुट पहना कर सम्मानित किया गया । साथ सभी खेल में विजेता महिलाओं को भी सम्मानित किया गया । कुर्सी रेसकी विजेता के हाथों सावन महोत्सव का पहला आयोजन की याद में केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी गई। अंत में सभी महिलाएं अपने घर से बनाकर लाए व्यंजनों भी आपस में बाँट कर व्यंजनों का स्वाद लिया । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति जायसवाल,रीना प्रजापति, आलो दत्ता, प्रीति सिंह ,वंदना दत्ता, खुशबू चौधरी ,नेहा चौधरी ,बेबी जायसवाल, रिमी चौधरी ,राखी जायसवाल, रुचिका चौधरी, ललिता जायसवाल का सक्रिय योगदान रहा।

## छात्राओं ने छह कांस्य पदक लाकर खूंटी जिला का नाम रौशन किया




**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर के स्टेडियम रांची में 20 वीं झारखंड राज्य दो दिवसीय सिनियर वुशू प्रतियोगिता पर प्लस टू हाई स्कूल कर्रा के बालिका खिलाड़ीयों ने खूंटी जिला को 6 कांस्य पदक दिलाई. ज्ञात हो कि 17 व 18 अगस्त को आर के स्टेडियम रांची में दो दिवसीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. जिसमें खूंटी जिला वुशू संघ के महासचिव अब्दुल कादिर के नेतृत्व में प्लस टू कर्रा बालिका खिलाड़ी बबिता कुमारी, तनीषा आरा , रितु राज, चंचला कुमारी, गंन्दोरी टोप्पो व कमला कच्छप ने भाग लिया था खिलाड़ियों बेहतर व कुशल प्रदर्शन से खूंटी जिला छह कांस्य पदक प्राप्त हुआ. बालिका खिलाड़ियों फिर से खूंटी व कर्रा का नाम रौशन किया. जिससे खूंटी जिला वुशू संघ के पदाधिकारी व अभिभावक अपने बच्चियों के गर्व महसूस कर रहे हैं और आगे बेहतर प्रदर्शन का शुभकामना दे रहे हैं।

## वुशू प्रतियोगिता मे कोयलांचल के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन, बना उपविजेता




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ी रांची मे संपन्न हुए सीनियर वुशू प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए उप विजेता बना है।जानकारी के अनुसार राँची के आरके आनन्द इनडोर स्टेडियम मे संपन्न हुए 20 वां झारखण्ड राज्य सीनियर वुशू प्रतियोगिता मे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशू प्रतियोगिता चतरा जिला वुशु संघ की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया है और उप विजेता बना है।झारखण्ड ओलम्पिक संघ के महासचिव मधु पाठक की उपस्थिति मे आयोजित इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सरला बिरला युनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रोफेसर विजय सिंह उपस्थित थे।उन्होंने सभी सफर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।इस प्रतियोगिता मे चतरा जिला वुशू संघ की ओर से बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए कोयलांचल के खिलाड़ियों को कुल 9 स्वर्ण पदक,तीन रजत पदक और एक कास्य पदक जीतने के साथ ही चतरा जिला वुशू संघ के सचिव एवं झारखण्ड वुशू संघ के कोच रजी अहमद को उप विजेता का ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियो मे तन्नु कुमारी, सितल कुमारी,ललन यादव, डॉली कुमारी,जेठु गंझु और अविनाश गंझु का नाम शामिल हैं।वही रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी मे अंकित कुमार,शिवम उरांव और रोहित कुमार गंझु जबकी कास्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी मे रुपलाल महतो का नाम शामिल है।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिये सभी अतिथियों ने शुभकामनाएं दी और मंगल कामना की।साथ ही भविष्य मे होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे और पदकों की संख्या बढाने की अपील की।

### सावन की अंतिम सोमवारी व सावन पूर्णिमा पर शिवालयों में शिवभक्तों की उमड़ी भीड़

# हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजता रहा शिवालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सावन की अंतिम सोमवारी व सावन पूर्णिमा पर सोमवार को खलारी कोयलांचल के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पुरुष महिलाएं और बच्चे सभी सुबह से ही शिवजी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए शिवालयों में पहुंचे। खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह देखा गया। अंतिम सोमवारी व सावन पूर्णिमा के कारण शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दिनोंभर शिवभक्तों का तांता लगा रहा।

इस दौरान महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेशंकर पर फल, फूल, नैवेद्य,भांग, धथुरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना किया। इसके साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने पूरे परिवार की मंगल कामना की। पूजन के दौरान शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। पूरा खलारी कोयलांचल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। शहर से लेकर गांव तक लोग शिव की भक्ति में लीन दिखे। पूजन को लेकर खलारी स्थित जानकी रमण मंदिर, पहाड़ी मंदिर, खलारी बाजारटांड़ स्थित शिवालय, शांति नगर, रामनगर, करकट्टा, धमधमियां नौ नम्बर, मोहननगर, चुरी कॉलोनी, चुरी बस्ती मंदिर समेत ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दिनोंभर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। अंतिम सोमवारी को लेकर कई मंदिर कमेटी द्वारा लाईट लगाकर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इधर देर शाम खलारी के विभिन्न शिवालयों में रुद्रा-अभिषेक एवं श्रृगांर पुजन के अलावा क्षेत्र के कई स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान व भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। क्षेत्र में पूरे दिन शिव की गीतों से माहौल भक्तिमय बना हुआ था।



## डूंगरी पंचायत में आजसू की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के डुंगरी पंचायत अंतर्गत मुरूम ग्राम में पंचायत प्रभारी राजू टोप्पो के अगुवाई में बैठक की गई।मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने हेमंत सोरेन सरकार को घेरते हुवा कहा सरकार की योजनाएं धरातल पर नही है सिर्फ कागजों पर टिका है अपने संबोधन में कहा कि आज महिला समूह केवल और केवल दस-बीस रूपये साप्ताहिक अपना पैसा जमा करतीं हैं और दो पाँच लाख रुपये जमा हो जाने पर आपसी बंटवारा कर लेतीं हैं,महिला समूह को जागरूक होना जरूरी है ताकि उस पाँच लाख जमा पैसे से स्वरोजगार तलाश कर पतल दोना, मोमबत्ती, साबुन, आचार, पापड़, मडुवा का लड्डू इत्यादि बना कर ब्यवपार के माध्यम से अच्छा मुनाफा कमा सकतीं हैं।आजसू पार्टी पुरे हर विधान सभा में चूल्हा प्रमुख तैयार कर रही है,साथ हीं झारखण्ड प्रदेश में युवा और युवतियों को एक मंच दे रही उसी के तहत पार्टी (युवा आजसू) की भी गठन कर गाँव पंचायत टोला मुहल्ला में संगठन विस्तार में लगी हुई है,जिस तरह पार्टी के प्रति आम अवाम की झुकाव दीख रही है निश्चित रूप से आनें वाले दिनों में, झारखण्ड प्रदेश में 2024 के चुनाव में आजसू पार्टी अपार समर्थन के साथ उभरते देखेगी। मुख्य रूप से आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,राँची जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वीणा कुमारी जी ने भी पार्टी के निति सिद्धान्तों के संदर्भ में विचार रखीं।मौके पर विशाल कच्छप, जॉन एक्का, सुशील कच्छप, अजय टोप्पो, महेश कच्छप, सूरज तिर्की, अर्जून टोप्पो, अशीष लिण्डा, सुजित लिण्डा, संनी कच्छप,अनिता खलखो, अनीमा कच्छप,कुसुम लिण्डा, पृध्दी लिण्डा,राधा लिण्डा, रीना लिण्डा,सीमा देवी,गीता टोप्पो आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर कोयलांचल के मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में सावन की अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।पांचवी सोमवारी पर महादेव को जलार्पण करने के लिए पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।सावन की अंतिम सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़ को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था।श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया।क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक स्थित शिव मन्दिर,झारखंडी शिव मंदिर पुरनीराय,बेंती शिव मंदिर, राय, कल्याणपुर,चुरी, बचरा बस्ती,राय बस्ती, राय कोलियरी सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।कोयलांचल क्षेत्र के शिवालयों में सावन की अंतिम सोमवारी पर करीब दस हजार से अधिक लोगों ने जलाभिषेक किया।इधर बचरा शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्त जलार्पण करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखे गये। श्रद्धालुओं में महिलाओं और युवतियों की संख्या ज्यादा देखी गई जो पुरी तन्मयता एवं श्रद्धा भाव से बेलपत्र, धतुरा,फुल,अक्षत,रोली, चंदन के साथ भगवान शिव का जलार्पण एवं श्रृंगार कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पुजा पाठ कर रही थी।इस अवसर पर बचरा स्थित शिव मंदिर में सभी श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का भी वितरण किया गया।इधर प्रजापति युवा संगठन के सदस्यों ने बेंती शिव मंदिर में अंतिम सोमवारी पर पूजा अर्चना के साथ सभी श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का वितरण किया।इस मौके पर प्रजापति युवा संगठन के अध्यक्ष सिकेन्दर प्रजापति, अजय प्रजापति,राजेश प्रजापति,बैजनाथ प्रजापति, खजांची प्रजापति,सुगन प्रजापति,उमेश प्रजापति, हेमराज प्रजापति,मुकेश प्रजापति,अरुण प्रजापति, लकी प्रजापति,छोटू प्रजापति सहित कई लोग मौजुद थे।

## 29 को निकाला जायेगा चेहल्लुम का जुलूस

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के तत्वाधान में मुहर्रम समन्वय कमिटी, रानीखटंगा कमिटी, बारीडीह कमिटी सहित क्षेत्र के अन्य मुहर्रम कमिटियों की इटकी बाजार टांड़ में एक बैठक हुई। जिसमें 29 अगस्त को चेहल्लुम का त्यौहार परंपरागत ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ाधारियों को सेंट्रल मुहर्रम कमिटी की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इटकी में 28 अगस्त की रात में भी चेहल्लुम का जुलूस निकाली जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष सलीम अंसारी, सचिव वसीम अंसारी, मुहर्रम समन्वय कमिटी के अध्यक्ष इकबाल अंसारी, आजाद कुरैशी, के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रानी खटंगा के खलीफा कुदुस अंसारी, तबरेज अंसारी, कुंदी के खलीफा आलम अंसारी, स्माउल अंसारी, बारीडीह के खलीफा सज्जाद अंसारी, मोरो के खलीफा हसन अंसारी, सरवर आलम, विक्की खान, सज्जाद अंसारी, टुन्नू, लाल बाबू, रिजवान अंसारी, हम्माद सहित अन्य शामिल थे।

## पिपरवार क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया भाई-बहन का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार को भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह बहनों ने सबसे पूर्व मंदिरों में जाकर विधिवत पूजा अर्चना की,जिसके बाद घर में अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की।वही भाइयों ने भी बहनों को उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया।भाई-बहन के इस अटूट त्यौहार में काफी उत्साह देखा गया।छोटे-छोटे बच्चों में रक्षाबंधन को लेकर काफी उत्साह देखा गया।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा, राय, बहेरा, कल्याणपुर, बेंती, किचटो, बिलारी,कारो, चिरैयाटांड़, बुंडू, हफुआ,न्यू विजन, बमने, पुरानीराय, बचरा बस्ती सहित अन्य जगहों पर रक्षाबंधन का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया।इधर रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर क्षेत्र के बाजारों में काफी रौनक देखी गई।राखी की दुकानों से लेकर मिठाइयों की दुकानों में काफी भीड़ देखी गई।वहीं मंदिरों में भी लोग पूजा करते देखे गए।रक्षा बंधन को लेकर बाजारो मे काफी चहल पहल देखी गई।

## उरांगगाड़ा पुल के समीप बाइक की हुई लुट

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत विसरिया निवासी अजय कुमार महतो उम्र - 31 वर्ष का बाइक की लुट हो गई। जानकारी के अनुसार अजय कुमार महतो बाइक से अपने दीदी के घर खेरडीह गया हुआ था।वापस लौटने के क्रम में रविवार को रात 9:30 बजे के करीब मुरी उरांगगाड़ा पुल के समीप दो लड़के से मुलाकात हुआ और बाइक को रोकवाकर कुछ दुर छोड़ने को कहा फीर कुछ दुरी पर दोनों युवक बाइक को लुटकर फरार हो गया।ग्राम बिसारिया के पिड़ीत अजय कुमार महतो ने इस सम्बन्ध मे मुरी ओपी को आवेदन दिया गया है एवं मुरी ओपी पदाधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध मे जांच किया जा रहा है।

## भाई बहन का प्यार रक्षा बंधन का त्योहार

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में रक्षा बंधन का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। भद्रा होने के कारण राखी बंधवाने का मुहूर्त 1:30 बजे से शुरू हुआ जो रात 10 बजे तक चला। समय के शुरू होते ही बहन लोग सुबह से ही राखी बांधने के लिए बैचेन थे लेकिन मुहूर्त को लेकर परेशान थे। सभी के घरों में रक्षा बंधन को लेकर काफी खुशी का माहौल था।यह त्योहार भाई बहन का प्यार का प्रतीक है। बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बांधकर बहुत खुश हुई और भाईयों ने राखी बंधवाकर गिफ्ट देकर काफी खुश हुए और बहन की रक्षा को लेकर आशिर्वाद दिया। राखी त्योहार को लेकर बाजारों में काफी चहल-पहल देखा गया।



### भाई-बहन के अटूट बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन परंपरागत तरीके से मनाया गया

# बहनों ने मांगी भाइयों की लंबी उम्र का वरदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल समेत ग्रामीण इलाकों में श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर भाई- बहन का अटूट बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन धार्मिक उल्लास व परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस वर्ष रक्षाबंधन 19 अगस्त दोपहर डेढ़ बजे के बाद शुभ मुहूर्त में शुरू हुआ। वहीं श्रावण पूर्णिमा और सोमवारी दोनों एक हीं दिन की अद्भुत संयोग होने के कारण बहने सुबह में मंदिर जाकर श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की। उसके बाद रक्षाबंधन की तैयारियां में लग गई थी। शुभ मुहर्त के बाद बहने राखी की थाली सजाकर भाई की माथे पर कुमकुम का टीका लगाकर राखी बांधी। तत्पश्चात आरती उतारी और भाई की लंबी उम्र की कामना की। राखी बांधने के बाद बहनों ने भाई को मिठाई खिलाई। भाई ने भी बहनों को उपहार दिया। मान्यता है कि इस दिन बहने अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र (राखी) बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लेती है। रक्षासूत्र बांधा जाने वाला पवित्र धागा रक्षा बंधन कहलाता है।

## श्रावणी मेले में उमड़ी लोगों की भीड़



**खलारी :** सावन पूर्णिमा रक्षा बंधन को लेकर केडी स्थित नेहरू स्टेडियम में लगे श्रावणी मेला के मीना बाजार में सोमवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रक्षा बंधन के कारण श्रावणी मेले में खलारी क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीणों की भीड़ हजारों की तादाद में देखी गई। सुबह से ही खलारी क्षेत्र सहित आसपास से लोग मेले में पहुंचते रहे। जबकि शाम में काफी भीड़ जुट गई। मेला में बच्चें, महिलाएं और युवाओं का खूब भीड़ देखी गई।


**BEFORE THE NOTARY PUBLIC, DHANBAD. AFFIDAVIT**

I, Md. Ashique Quraishi, S/o Md. Alimuddin Quraishi, aged about 45 years, by faith Muslim, occupation Welder, Resident of Quraishi Muhalla, Wasseypur, P. O. Dhanbad, P. S. Bank more, Dist. Dhanbad - 826001, Jharkhand do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows : 1. That, I was taking my passport to got a photo copies on 15 August 2024, wide passport No. is U3506157, Date of issue : 28.10.2020. 2. That, I was going to Bank more from my home on 15 August 2024 at 8 P.M., I lost my passport some where on the way. 3. That, I am swearing this affidavit to produce to the passport authority and Bank more police station for getting a new passport for needful.

**MD. ASHIQUE QURAISHI**
**DEPONENT**

S. No. / Date : 16 / 17-08-24.



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता का चंपाई सोरेन पर बड़ा हमला, कहा

# झारखंड के इतिहास में चंपाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड का इतिहास जब भी लिखा जायेगा, चंपाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा, जिस पार्टी और माटी ने उनको सबकुछ दिया उसको ठुकरा कर व अपने आत्मसम्मान को गिरवी रख कर वे सरकार को तोड़ने का कार्य कर रहे थे। लेकिन समय रहते जब चीजें सामने आ गई तो सोशल मीडिया में इमोशनल वाला पोस्ट कर रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि वे अपनी करनी पर पछतावा कर रहे हैं और मुंह छुपा रहे हैं। यह आरोप सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए राज्य के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर लगाया है।

बन्ना ने कहा कि गुरूजी ने एक साधारण व्यक्ति को पार्टी में अपने बाद का ओहदा दिया। जब-जब जेएमएम की सरकार बनी उसमें मंत्री बनाया। सांसद का टिकट दिया। हर निर्णय का सम्मान किया लेकिन उसके बदले चंपाई दा ने राज्य को मौका परस्ती के दलदल में झोकना चाहा।

कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन जब जेल जाने लगे तो उन्होंने सभी सत्ता पक्ष के विधायकों से चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही तो हम सभी ने हेमंत सोरेन की बात को माना, जब खुद को मुख्यमंत्री बनने की बात थी तो वह निर्णय चंपाई दा को बुरा नहीं लगा, प्रोटोकॉल के विरुद्ध नहीं लगा, तानाशाही नहीं लगा?

जब हमारे नेता जेल से छुटकर आ रहे थे तो चंपाई सोरेन कैबिनेट की बैठक में व्यस्त थे, जबकि इतिहास गवाह है कि जब वनवास के बाद प्रभु श्रीराम वापस आये तो भरत ने उनका स्वागत कर उन्हें राज सिंघासन पर बैठने का आग्रह किया था।

मगर चंपाई दा तो अकेले निर्णय लेने में व्यस्त थे, हर विभाग में उनका हस्तक्षेप था, हर मंत्रालय में वे खुद निर्णय लेने लगे थे, तब उनको नेतृत्व में तानाशाही महसूस नहीं हुआ था क्या?

दूसरे को नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले और झूठा सहानुभूति इक्क्ठा करने के चक्कर में चंपाई दा अपने कुकर्मो को भूल गए हैं शायद

चंपाई दादा, 2019 का चुनाव आपके चेहरे पर नहीं बल्कि हेमंत बाबू के चेहरे पर लड़ा गया था और यह जनादेश हेमंत बाबू और गुरूजी को मिला था, लेकिन अनुकम्पा के आधार पर मिली कुर्सी को आप अधिकार समझने लगे। आप तो अंतिम समय में भी ट्रांसफर पोस्टिंग में लगे थे, असल में आपको कुर्सी का लगाव और मोह नहीं छूट पा रहा था।

जब हेमंत बाबू ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे थे तो एक मुख्यमंत्री बनने के बाद भी आप मंत्री पद मांगने की जिद करने लगे, अगर आपको कुर्सी का मोह नहीं होता तो कई सीनियर नेता थे, जिसे आप अपना मंत्री पद दे सकते थे लेकिन आप तो मंत्री बनने के लिए नाराज तक हो गए थे। लेकिन यदि किसी ने कुर्बानी दी तो वे थे बसंत सोरेन क्योंकि उनके शरीर में गुरूजी का खून है।

आज जब भाजपा में आपकी दाल नहीं गली, बाबूलाल मरांडी आपके ज्वाइनिंग का विरोध कर रहे हैं तो आप लगे हरिश्चन्द्र बनने, ऑप्शन चुनने, आपके पास एक ही ऑप्सन था जो आपने गवां दिया, वो था मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गद्दी सौंपना और झामुमो को मजबूत करना। लेकिन अफसोस कि रातों रात आप तो अपने घर और गांव से झामुमो का झंडा उतार कर गायब करवा दिया। लॉबिन दादा को मनाने के बजाय उकसा कर गलत बयानबाजी करवा दिया। मीडिया मैंनेजमेंट के बहाने झामुमो के मजबूत और समर्पित विधायकगणों का नाम उछलवा दिया कि वे आपके साथ हैं।

## धर्म को राजनीति से ऊपर उठ बच्चों के भविष्य के बारे में सोचें मुखी समाज : डॉ अजय



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को मुखी समाज की ओर से केबल मुखी बस्ती में डॉ. अजय कुमार का स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बस्तीवासियों ने डॉ. अजय का बुके और शॉल ओढ़ाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. अजय ने बस्ती की समस्याओं से अवगत हुए एवं जल्द से जल्द निदान करवाने का हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया। लोगों से कहा कि वह धर्म जाति की राजनीति से ऊपर उठकर अपने बच्चों का भविष्य के लिए सोचें और भाजपा के जुमलेबाजी में न फंसे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी जिला अध्यक्ष (नगर) धर्मेंद्र सोनकर, किशोर यादव, मनोज सिंह, जगत मुखी, संजय, रिंकू मुखी, बबलू सोनकर, बबलू झा, राकेश साहू, अजितेश उज्जैन, कल्लू व आकाश मुखी आदि उपस्थित थे।

## पोटका में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से बनी 6 करोड़ की पुलिया की एप्रोच सड़क धंसी

### पहली बरसात ने ही खोली भ्रष्टाचार की पोल



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका प्रखंड अंतर्गत नरवा पहाड़ से सटे मुर्गाघुटू चौक से डोमजूडी- गोविंदपुर को जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से बनी 6 करोड़ की पुलिया की एप्रोच सड़क पहली बरसात भी नहीं झेल पाई। यह सड़क जहां-तहां ही धंस गई। इस बाबत भाजपा नेता प्रभाकर दास ने निर्माण कार्य में लुट- खसोट का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है ताकि दोषियों के खिलाफ कारवाई की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिया के बीचों बीच दरार आ गई है, जो भविष्य में दुर्घटना को आमंत्रित करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण में पूरी तरह से गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। रोलर का उपयोग नहीं होने की वजह से जमीन समतलीकरण का काम सही ढंग से नहीं किया गया व छह महीने ही यह पुलिया से सटी एप्रोच सड़क टूटने लगी है।

## डीएई की हॉकी मैच के जोनल सलेक्शन को लेकर यूसील की जादूगोड़ा टीम मैदान में बहा रही है पसीना



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परमाणु ऊर्जा आयोग की ओर हर साल होने वाले आल इंडिया हॉकी मैच में फतह करने को लेकर यूसील की कोणार्क टीम तपन माझी की अगुवाई में तैयारी में जुटी है। इसके पूर्व जोनल सलेक्शन में जगह बनाने को लेकर यूसील की जादूगोड़ा टीम मैदान में पसीना बहा रही । जोनल सलेक्शन आगामी अक्टूबरजी-नवंबर तक कोलकाता में होने की संभावना है। इस बाबत यूसील की हॉकी टीम के प्रतिभागी तपन माझी ने कहा कि फाइनल प्रतियोगिता इस साल राजस्थान के कोटा में होना है। यूसील को कोणार्क टीम भी शिरकत करेगी। जिसको लेकर कंपनी कर्मियों की ओर से तपन माझी, मंगल किस्कू, वीरेंद्र हेंब्रम, शिबू मार्डी व नरेश मुर्मु तैयारी में जुटे हैं। बीते पांच महीने से तैयारी की जा रही है। इसके पूर्व बीते जनवरी में मुंबई में आयोजित हॉकी खेल में सेमी फाइनल पहुंच कर यूसील की हाकी कोणार्क टीम को हार का मुंह देखना पड़ा था। इस बार अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर तैयारी जोर शोर से जारी है ताकि यूसील का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया जा सके।

## कांग्रेस नेता अंसार खान ने बंधवाई राखी



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्याय सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान सोमवार को पवित्र रक्षाबंधन त्योहार के मौके पर न्यू केबल टाउन बांग्ला नंबर जी 4/9 गोलमुरी में अपनी मुंह बोली बहन चित्रलेखा से राखी बंधवाने के लिए हर साल की तरह पहुंचे। चित्रलेखा बहन ने अंसार खान को राखी बांधकर मिठाई खिलाई और भाई अंसार खान को दुआएं दीं।

## आजसू का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन आज, सुदेश कुमार महतो होंगे शामिल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी का जुगसलाई विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह मगलवार को पटमदा प्रखंड के काटिन स्थित मैदान में आहूत की गई है। इसके लिए भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लगातार क्षेत्र में दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति तैयार की है। आजसू नेता रामकृष्ण महतो ने बताया कि कार्यक्रम में पूरे विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिला व पुरुष कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## राखी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में ईचागढ़ थाना परिसर में हुआ रूद्राभिषेक



**ईचागढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना परिसर स्थित मनोकामना महादेव मंदिर में राखी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में श्रावण की अंतिम सोमवारी को रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना के बाद रूद्राभिषेक किया गया। बाबा को सोलह श्रृंगार से सजाया गया। रूद्राभिषेक में थाना क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पंडित चंद्र भान ने रूद्राभिषेक पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न किया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। थाना परिसर में रूद्राभिषेक का आयोजन पूजा समिति के माध्यम से किया जाता है। थाना क्षेत्र के श्रद्धालु थाना परिसर में पहुंचते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। इस आयोजन से पुलिस पब्लिक का संबंध भी मजबूत होता है।

मौके पर थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे, एस आई गुलशन कुमार भगत, बिमलेश महतो, एएसआई धनंजय सिंह, मनिंदर सिंह, समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार माझी, कोषाध्यक्ष बासुदेव चटर्जी, सह सचिव नकुल घोष, मंत्री अमित सिन्हा, उपाध्यक्ष पंचानन पातर, महा मंत्री मुरलीधर मिश्रा व ललित घोष आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## देर से ही सही चंपाई सोरेन का कदम स्वागत योग्य : जटाशंकर पांडेय



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. जटाशंकर पांडेय ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के व्यवहार के विषय में जो टिप्पणी की है वह स्वागत योग्य है। चम्पाई सोरेन को पहले सोचना चाहिए था कि वे जिस पार्टी में हैं वहां केवल एक परिवार का चलता है वह परिवारवादी पार्टी में हैं। वहां एक परिवार का भी नहीं एक व्यक्ति का चलता है। जो परिवार अपनी बड़ी बहू की इज्जत नहीं करता वो उनकी इज्जत कैसे कर सकता है। चम्पाई सोरेन को पहले ही सरकार तथा पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा जैसी राष्ट्रवादी पार्टी में शामिल हो जाना चाहिए था। जहां उनके त्याग, तपस्या तथा संघर्ष का पूर्ण रूप से सम्मान होता। सच्चाई तो यह है कि हेमंत सरकार के सभी मंत्री भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हुए हैं। जहां हर कदम पर भ्रष्टाचार है। यह सरकार गांव, गरीब,किसान, नौजवान, मजदूर, उद्योग तथा विद्यार्थी विरोधी है।

## भाजपा के जाल में बुरी तरह फंस गए चंपाई : सुधीर कुमार पप्पू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भारतीय जनता पार्टी के जाल में पूरी तरह फंस चुके हैं। उनका निर्णय राजनीतिक रूप से आत्मघाती सिद्ध होगा। भाजपा किसी का नहीं है जो भाजपा में गया उसका राजनीतिक कैरियर बर्बाद हो गया। भाजपा ने हेमंत सरकार को गिराने के लिए साजिश रची थी जो सफल नहीं हो सका। उन्होंने आगे कहा कि जो भी नेता डर से या पैसे के लालच में भाजपा ज्वाइन किया उसकी दुर्दशा हो गई और उसका राजनीतिक कैरियर दांव पर लग गया। चंपाई सोरेन के साथ में वही होगा जो मधु कोड़ा, गीता कोड़ा, सीता सोरेन एवं अन्य नेताओं के साथ हुआ। सुखदेव भगत आदि नेताओं को घर वापसी करनी पड़ी। चुनाव आयोग को यह पता था कि ऑपरेशन लोटस होने वाला है इसी कारण झारखंड और महाराष्ट्र में मतदान कराने की घोषणा नहीं की गई। पप्पू ने कहा कि हेमंत सोरेन की मेहरबानी से चंपाई को मुख्यमंत्री बनाया गया और उन्होंने झामुमो और पार्टी नेता के साथ विश्वासघात किया। अगर चंपाई सोरेन सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से लगातार जीतते आए हैं तो उनका कोई जनाधार नहीं है बल्कि तीर धनुष चुनाव चिन्ह और झारखंड मुक्ति मोर्चा का जनाधार के कारण उनकी जीत होती रही है। उनका राजनीतिक कैरियर मुश्किल भरा होगा। दूसरी तरफ सुधीर कुमार पप्पू ने कहा बंगाल में डॉक्टर के साथ जो कुछ हुआ वह निंदनीय है। मामले की उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषियों को कठोर सजा दी जाए एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा संज्ञान लेना ही न्याय का प्रतीक है। उनका मानना है कि बंगाल के मामले में मोदी सरकार और भाजपा को राजनीति नहीं करनी चाहिए।

## ग्रामीण क्षेत्र के खिलाडियों में काफी प्रतिभा है : महावीर मुर्मू



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत नागाडीह गांव में केवाईएस क्लब की ओर से रक्षाबंधन के शुभ अवसर आयोजित दो दिवसीय अंडर 15 व 12 उम्र के फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता महाबीर मुर्मू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल में किक करते हुए फाइनल मैच का शुभारंभ किया। मौके पर महावीर मुर्मू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और खिलाड़ियों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उचित मार्गदर्शन और अच्छी व्यवस्था दी जाए तो झारखंड प्रदेश और देश का नाम को रोशन कर सकते हैं। फाइनल मैच ब्रदर एफसी बनाम जूनियर एसटी डॉट कॉम के बीच खेला गया। टाई ब्रेकर में जूनियर एसटी डॉट कॉम 3-2 से विजय हुआ। मौके पर ग्राम प्रधान गोपाल हांसदा, मनोज तांती, सुनील सरदार, गौतम सरदार, अजय सरदार, मिथून पात्रो, दारा मंडल, सुभाष सरदार, विष्णु सरदार, राजेश सरदार, चमटू पात्रो, रिश्ते सरदार, छूटनी सरदार आदि मौजूद थे।

## लोकसभा में करारी हार के बाद घबराहट में है भाजपा, इंडिया गठबंधन को नहीं होगा नुकसान : डॉ. अजय



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की खबर पर सोमवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने कहा कि भाजपा हमेशा तोड़ फोड़ की राजनीति करती है। यही उनका चरित्र है। महाराष्ट्र में भी उन्होंने तोड़ फोड़ कर सरकार बनाई। जिसको महाराष्ट्र की जनता ने लोकसभा चुनाव में नकार दिया। झारखंड में आदिवासी एवं मूलवासी ने भाजपा को लोकसभा चुनाव में नकार दिया, जिसके कारण भाजपा को आदिवासी बहुल पांच सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने कांग्रेस से गीता कोड़ा और झामुमो से सीता सोरेन को पार्टी में शामिल किया, और दोनों ही चुनाव हार गई।

**चंपाई सोरेन को ट्रैप करने में सफल रही बीजेपी**

उन्होंने कहा कि भोले भाले चंपाई सोरेन को बरगलाने में बीजेपी सफल रही। बीजेपी में जाने के बाद उनकी स्थिति क्या होने वाली है इसका मुझे अंदाजा है इसलिए चंपाई सोरेन के लिए मुझे दुख है। वह अच्छे इंसान हैं और मेरे अच्छे मित्र भी इसलिए थोड़ा ज्यादा दुख है। हालांकि उनके बीजेपी में जाने से इंडिया गठबंधन को कोई नुकसान नहीं होगा।

## पटमदा में भाइयों की कलाई पर बहनों ने राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** भारतीय सभ्यता सामाजिक संबंधों की सर्वोकृष्ट पाठशाला है। हमारे पूर्वजों ने समाज में ऐसी व्यवस्था बनाई है जहां प्रत्येक संबंध का परस्पर निर्वहन संपूर्ण प्रेम समर्पण और मर्यादा से हो। इसका अनुपम मिशाल है भाई- बहन के बीच अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन। रक्षांबधन एक अद्वितीय पर्व है। भाई - बहन के निष्कलंक स्नेह की मिसाल है। सोमवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का त्योहार संपन्न हो गया। क्षेत्र की बहनों ने दोपहर ढेड़ बजे के बाद अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधते हुए उनके लंबी उम्र, सुख, समृद्धि व उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार स्वरूप नगद राशि या वस्त्र भेंट करते हुए बहनों की सुरक्षा और उनके जीवन में हर कदम पर साथ देने का वादा किया।

## गम्हरिया क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा, गम्हरिया समेत सम्पूर्ण क्षेत्र में गुरुवार को भाई-बहन के असीम प्रेम, विश्वास और अटूट रिश्ते का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और फिर उनकी कलाई पर राखी बांधी। साथ ही मिठाई खिला कर बहनों ने अपने भाई की लंबी उम्र के लिए भगवान से कामना की। इस दौरान भाइयों ने भी बहनों को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। पूरे क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को लेकर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए थे। बच्चों में भी इस दौरान काफी उत्साह देखा गया। नए-नए कपड़ों में बच्चों की कलाई तरह-तरह की राखियों से सजी रही। सुबह से ही मिठाई एवं गिफ्ट की दुकान तथा कपड़ों की दुकानों में काफी भीड़ देखी गई।

## रक्षाबंधन पर आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल हुए भाजपा नेता विमल बैठा



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सोमवार को हर साल की भांति इस साल भी साउथ प्वाइंट स्कूल मैदान में याराना स्पोर्टिंग गोबरघुसी की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा नेता विमल बैठा व विशिष्ट अतिथि पटमदा मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। बारिश के कारण जल्द ही अंधेरा हो जाने के कारण फाइनल मैच नहीं हो पाया। इसलिए पहला पुरस्कार 11 हजार व दूसरा पुरस्कार 9 हजार रुपये फाइनल में पहुंचीं दोनों टीम पावनपुर स्पोर्टिंग व मुर्मू स्पोर्टिंग को समान रूप से बांट दिया गया। जबकि तीसरे स्थान पर रहे अभी स्पोर्टिंग व सिधु स्पोर्टिंग को 6 - 6 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमेटी के मनोरंजन सिंह, पवन सिंह, अजय माझी, सनातन सिंह, चैतन माझी, कन्हाई प्रमाणिक, मंगल सहिस आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## माई किड्स प्ले स्कूल में राखी का मनाया गया त्योहार



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. मनोहर लाल गोयल श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में राखी का त्योहार माई किड्स प्ले स्कूल में मनाया गया। बच्चों ने अपने शिक्षकों की मदद से विभिन्न प्रकार की राखी बनाई। लड़कियों ने राखी के अवसर पर अपनी कक्षा के लड़कों को राखी बांधी और सभी ने एक दूसरे को उपहार दिए। सभी ने त्योहार का आनंद लिया। बच्चों ने अपने पसंदीदा गीतों पर नृत्य किया। बच्चों ने कई तरह की गतिविधियों में भाग लिया। ज्ञात हो कि माई किड्स प्ले स्कूल में बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ योग, संगीत एवं स्वच्छता से रहने का तरीका भी सीखाया जाता है जिससे न केवल बच्चों में मानसिक विकास बल्कि शारिरिक विकास भी होता है। यहां सभी शिक्षिकाएं बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए हमेशा तत्परता से उन्हें मदद हेतु तैयार रहती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्य श्रीमती ईशा गोयल, स्कूल की शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान रहा।

## 21 अगस्त को आहूत संपूर्ण भारत बंदी को लेकर एससी एसटी समाज के लोग हुए गोलबंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोमवार को घाटशिला के फूलडूंगरी में विभिन्न सामाजिक और जन संगठनों की ओर से एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उप वर्गीकरण तथा क्रीमीलेयर में परिवर्तन किए जाने के फैसले के विरोध में बहुजन समाज की ओर से 21 अगस्त को संपूर्ण भारत बंद को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हम बलिदान देंगे परंतु संविधान में किसी भी तरह से छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। भारत बंदी के दौरान घाटशिला अनुमंडल के प्रमुख बाजार को पूरी तरह से बंद किया जाएगा।

इस बंदी में माझी पारगाना माहाल पूर्वी सिंहभूम, अंबेडकरवादी अनुसूचित जाति कल्याण समिति, झारखंडी भाषा भाषी मूल निवासी संघ, घाटशिला अनुमंडल जन अधिकार मंच, झारखंड नवनिर्माण अभियान आदि संगठन की ओर से बंदी को लोकतांत्रिक और शांतिप्रिय तरीका से सफल बनाने के लिए सड़क पर उतरने का आहवान किया गया है। यह बन्दी प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक सभी दुकान, मॉल, सरकारी एवं निजी कार्यालय, बाजार, सभी प्रकार के वाहन, स्कूल, कॉलेज, पेट्रोल पंप, आदि बंद रहेंगे। इस बंदी से मेडिकल सेवाएं, पुलिस, अग्निशमन सेवाएं खुली रहेंगी। बैठक में मदन मोहन सोरेन, बहादुर सोरेन, सुनील बन सिंह व फकीर हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर गम्हरिया प्रखंड परिसर में महाप्रसाद का हुआ वितरण



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आध्यात्मिक संस्था श्री विद्या परिवार की ओर से श्रावण पूर्णिमा और सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर गम्हरिया प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने भगवान शिव का महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को संस्था द्वारा अलग अलग शिवालयों में भगवान शिव की विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इससे पूर्व सदस्यों द्वारा मन्दिर में विशेष पूजा अर्चना कर राज्य तथा देश की समृद्धि व उन्नति एवं विश्व शांति की कामना की गई। इस कार्य में संस्था की उपाध्यक्ष असमा पूर्ति, प्रभु दयाल मुंडा, कुणाल कुमार गुप्ता, कपूर स्वर्णकार, बंटी दास, चेतन लक्ष्मण प्रसाद, अखिलेश कुमार ठाकुर समेत कई सदस्यों का योगदान रहा।

संपादकीय

## इतिहास की बेटी मनु

**निशानेबाज** बिटिया मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में वह कर दिखाया है, जो अभूतपूर्व, अप्रत्याशित, अतुलनीय और अनिर्वचनीय है। एक ही खेल के दो प्रारूपों में लगातार दो कांस्य पदक जीत कर मनु ने कई इतिहास लिख दिए हैं। मनु के साथ सरबजोत सिंह भी मिश्रित खेल की अप्रतिम उपलब्धि के सूत्रधार हैं, लिहाजा देश के बेटे-बेटी को साझा शाबाश...! मनु 10 मीटर एयर पिस्टल की निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। यह राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय गौरव भी मनु के हिस्से आया है कि एक ही ओलंपिक में, एक ही खेल की दो शैलियों में, दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भी प्रथम महिला खिलाड़ी बन गई हैं। देश की संप्रभु आजादी के 77 सालों में मनु भाकर इस तरह ओलंपिक पदकवीर बनने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। मनु की यह सफलता 'हैट्रिक' में भी तब्दील हो सकती है, क्योंकि उन्हें 2 अगस्त को 25 मीटर रैपिड निशानेबाजी में भी भाग लेना है। खेल की यह शैली मनु को सर्वाधिक प्रिय है। विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में खेल की इसी शैली में मनु स्वर्ण पदक जीत चुकी है। विश्व कप में इस 'होनहार बेटी' ने 9 स्वर्ण पदकों समेत कुल 11 पदक हासिल किए हैं और अभी तो सफर जारी है। करीब 124 साल पहले ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 के ओलंपिक में 200 मीटर फर्राटा और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे, लेकिन भारत तब गुलाम देश था। मनु और सरबजोत दोनों ही हरियाणा के खिलाड़ी हैं। वे 2019 से मिश्रित निशानेबाजी का साथ-साथ अभ्यास करते रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय और विश्व कप तथा अन्य मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीतते रहे हैं। यह सरबजोत ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया, जब उन्होंने इस उपलब्धि की बधाई देने के लिए फोन किया था और मिश्रित टीम के बारे जिज्ञासा प्रकट की थी। सरबजोत ने प्रधानमंत्री के जरिए देश को आश्वस्त किया कि अगली बार वे स्वर्ण पदक जीत कर दिखाएंगे। बेशक यह उनके संघर्ष, जुनून, लक्ष्य, अनथक मेहनत का ही नतीजा है कि दोनों ओलंपिक पदकवीर हैं। यह वाकई असामान्य और अविश्वसनीय उपलब्धि है। हरियाणा तो क्या, देश भर में निशानेबाजी कोई पारंपरिक खेल नहीं है। हरियाणा कुश्ती, कबड्डी, मुक्केबाजी के लिए विख्यात राज्य है, लेकिन निशानेबाजी ने उसे नए मुकुट पहना दिए हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौर ने 2004 के एथेंस ओलंपिक में निशानेबाजी का रजत पदक जीता था। अभिनव बिंद्रा 2008 के बीजिंग ओलंपिक में इसी खेल की भिन्न शैली के चैम्पियन बने। वहीं निशानेबाजी का एकमात्र ओलंपिक स्वर्ण पदक भारत के हिस्से आया था। निशानेबाजी में रजत पदक विजेता विजय कुमार और कांस्य पदकवीर गगन नारंग सरीखे नाम भी अविस्मरणीय हैं, लेकिन दोहरे पदक की सफलता मनु ने ही हासिल की है और बेटी ने इतिहास का नया शिलालेख लिख दिया है। भारत में अब खेल पेशेवर हो गए हैं। अब बड़ी-बड़ी कंपनियां खेलों को प्रायोजित करती हैं और पदकवीर खिलाड़ियों को नौकरी भी देती हैं। क्रिकेट के आईपीएल मुकाबले पेशेवर खेल के ज्वलंत उदाहरण हैं। 18-20 साल का युवा भी करोड़पति हो सकता है। यह परंपरा वहां से शुरू हुई, जब 1983 में तत्कालीन विश्व चैम्पियन टीम को पराजित कर भारत की टीम विश्व चैम्पियन बनी थी। कप्तान कपिल देव ने ट्रॉफी का वह सम्मान पूरी दुनिया के सामने हासिल किया था। दरअसल वहीं से भारत में खेल के प्रति मानसिकता बदली और आज खिलाड़ियों की प्रतिष्ठा भी है और एक सफल करियर भी है। मनु की उम्र भी अभी 22 साल है और वह करोड़पति है। वह अपने खेल की विश्व चैम्पियन मानी जाती है। खेल के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की निजी दिलचस्पी भी है। वह खिलाड़ियों से लगातार संवाद करते हैं, उन्हें प्रोत्साहित करते रहते हैं, मुलाकातें करते रहते हैं। उन्होंने देश के कोने-कोने से खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें तराशने वाले अकेले 'खेलो इंडिया कार्यक्रम' के लिए 900 करोड़ रुपए, बजट में आवंटित करते हैं, लेकिन यह भी ध्यान रखना चाहिए, और उस पर लगातार चिंतन-मनन करना चाहिए कि भारतीय खेल की विश्वस्तरीय मंजिल अभी मीलों दूर है। मनु-सरबजोत सरीखी दुर्लभ चांदनियां हैं, जो हमारे खेल को रोशन करती हैं। अभी कई और रोशनियां चमकेंगी।

> देश की संप्रभु आजादी के 77 सालों में मनु भाकर इस तरह ओलंपिक पदकवीर बनने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। मनु की यह सफलता 'हैट्रिक' में भी तब्दील हो सकती है, क्योंकि उन्हें 2 अगस्त को 25 मीटर रैपिड निशानेबाजी में भी भाग लेना है। खेल की यह शैली मनु को सर्वाधिक प्रिय है। विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में खेल की इसी शैली में मनु स्वर्ण पदक जीत चुकी है। विश्व कप में इस 'होनहार बेटी' ने 9 स्वर्ण पदकों समेत कुल 11 पदक हासिल किए हैं और अभी तो सफर जारी है। करीब 124 साल पहले ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 के ओलंपिक में 200 मीटर फर्राटा और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे, लेकिन भारत तब गुलाम देश था।

### राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं

# राहुल गांधी की विभाजनकारी राजनीति और बेतुकें तर्क

ललित गर्ग

> नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगती। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफ़सर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है।

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है ये जान ही पा सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफ़सर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं कि अनारक्षित वर्गों के अधिकारी आरक्षित वर्गों के हितों की उपेक्षा करते हैं। इस तरह वे देश की परम्पराओं एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के समझे बिना ऐसा कुछ कह जाते है जो देश की एकता, अखण्डता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत होता है। राहुल के बोलने का बचकानापन तो कभी-कभी सारी हदें पार कर जाता है। एक बार तो उन्होंने यहां तक कह दिया हैं कि उच्च जाति के शिक्षक प्रश्नपत्र बनाते हैं, इसलिए आरक्षित वर्ग के



छात्र फेल हो जाते हैं। आखिर यह भड़काऊ राजनीति नहीं तो और क्या है?

राहुल गांधी ने बजट पर सरकार को घेरने के लिए महाभारतकालीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कह डाला कि जैसे अभिमन्यु को चक्रव्यूह में घेर लिया गया था, उसी तरह देश को भी मोदी सरकार ने घेर रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत जिन छह लोगों को इस घेराबंदी के लिए जिम्मेदार ठहराया, उसमें अंबानी-अदाणी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी शामिल कर लिया। उन्होंने दावा किया है कि भारत पर कब्जा करने वाले चक्रव्यूह के पीछे तीन ताकतें है- पहली एकाधिकार पूंजी का विचार, जिसमें दो लोगों को देश की समूची संपत्ति का मालिक बनने की अनुमति देना। दूसरा देश की संस्थाएं, एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग हैं एवं तीसरी राजनीतिक कार्यप्रणाली है। इन तीनों ने मिलकर देश को तबाह कर दिया है। इस तरह के बयानों एवं बोलों से स्पष्ट है कि वह मनमाने और बेतुके तर्क देने में संकोच नहीं कर रहे हैं। वह अपनी ऐसी बातों से चर्चा में तो आ जाते हैं और उनके समर्थक उनकी वाह-वाही करने में भी जुट जाते हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह न तो समाज को कोई सही दिशा दे पा रहे हैं और न ही सरकार को कोई सार्थक सुझाव। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, चिन्तनीय है।

राहुल गांधी के रुख-रवैये एवं अतिशयोक्तिपूर्ण तर्कों से यही लगता है कि वह अभी भी चुनावी मुद्रा में हैं। अपनी चुनाव पूर्व की आक्रामकता से वे उपरत नहीं हो पाये हैं। वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? उन्हें बताना चाहिए कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बजट बनाने में आरक्षित वर्गों के कितने अधिकारियों की हिस्सेदारी होती है? वह मोदी शासन की तरह मीडिया में भी आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी कई बार उठा चुके हैं, लेकिन यह देखने को तैयार नहीं कि आखिर उनके परिवार के प्रभुत्व वाले मीडिया संस्थान में इन वर्गों के कितने लोगों की हिस्सेदारी है?

लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। जिससे सरकार को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है। आखिर सरकार करे, तो क्या करे? उसने हर सत्र के शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठकें करके देख ली। दोनों सदनों के अध्यक्ष और उप-सभापति ने बारंबार समझा-समझाकर सहयोग की अपील कर ली। प्रधानमंत्री ने भी बार-बार सदस्यों से सदन को शांतिपूर्वक बहस के जरिये चलने-चलाने की विनम्र अपील कर डाली। बावजूद इसके एनडीए को सत्ता के आरंभ 2014 से अभी तक विपक्ष का सहयोग नहीं मिल पाया है। संसद के सत्रों की ही भांति नीति आयोग की बैठक का भी लगभग सभी विपक्षी दलों ने बहिष्कार कर दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आई जरूर, लेकिन उन्होंने भी यह आरोप लगाकर बाहर का रास्ता नापा कि उनको बोलने नहीं दिया गया, माइक बंद कर दिया गया। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है। क्या देश के मतदाताओं ने भारी संख्या में विपक्ष को इसीलिए भेजा है कि वे उनके हितकारी कार्यों पर संसद में बहस करने के बजाय सब कुछ हंगामे या बहिष्कार की भेंट चढ़ा दें? कब विपक्ष संसद में मतदाताओं की भावनाओं के अनुरूप उनको सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति गंभीर होकर अपनी दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन करते हुए देश-निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वाह करेंगे?

नीति आयोग ऐसा कोई मंच नहीं, जिसे दलगत राजनीति का अखाड़ा बनाया जाए। वैसे भी, इस बार तो नीति आयोग की बैठक का एजेंडा देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उपाय और सुझावों पर केंद्रित था। आखिर इस एजेंडे पर विपक्षी दलों एवं विपक्षी दल के मुख्यमंत्री को राजनीति करने की क्यों सूझी? वे यह ठान चुके हैं कि वे किसी भी, यहां तक की राष्ट्रीय हित के विषय पर भी सरकार के साथ मिलकर चलने को तैयार नहीं। इसकी झलक संसद में तो लगातार मिल रही है, लेकिन नीति आयोग में भी वैसी ही नकारात्मक स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है।

दृष्टि कोण

# छपरी युवाओं और नशेड़ियों से त्रस्त समाज

**भारतीय** समाज में धार्मिक एवं जातिगत विभाजन की लकीरें तो पहले से ही लंबी हैं, वहीं बाबाओं/गुरुओं के नेटवर्क में फंसे लोग और नशे के जंजाल में उलझी युवा पीढ़ी एवं बढ़ती बेरोजगारी ने सामाजिक ताने-बाने पर गंभीर चुनौतियां पेश कर रखी हैं। संयुक्त राष्ट्र संगठन के अनुसार 15 और 24 वर्ष की आयु के बीच की अवधि युवावस्था है और दुनिया की 18 फीसदी आबादी 'युवा' है। जहां तक भारतीय समाज में छपरी टाइप आवारा नशेड़ी युवाओं का सवाल है तो भारत के वर्तमान सामाजिक, आर्थिक परिदृश्य के दृष्टिगत ऐसा भी नहीं है कि परिस्थितियां बद से बदतर हो रखी हों। हमारे अधिकांश युवाओं ने अपनी मेहनत, उत्तम शैक्षणिक ज्ञान और कौशल से अपने लिए और अपने परिवारों के लिए सुखद आर्थिक हालात निर्मित किए हैं। हां, यह भी सत्य है कि बिगड़े घरेलु माहौल, पारिवारिक एवं आर्थिक हालात के कारण कुछ कम पढ़े लिखे युवा राह भटककर अपने खुद के लिए, अपने परिवारों तथा समाज के लिए असुरक्षा और अराजकता का वातावरण तैयार कर रहे हैं।

अब ये नशेड़ी युवा अपने परिवारों के लिए कोई आर्थिक सहारा तो बनने से रहे, उल्टे आम जनता के घरों की दहलीज पर पहुंचकर सरेआम नशा करते दिख रहे हैं। ताज्जुब वाली बात यह भी है कि स्थानीय नेता, पंचायत प्रधान, पंचायत सदस्यगण और पुलिस इनकी करतूतों से नजरें चुराकर इनकी दहशत को कम करने के लिए कुछ भी करते नजर नहीं आ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा तमाम तरह की सुविधाएं प्रदान किए जाने के बावजूद हमारे कुछ युवा पथभ्रष्ट होकर खुद से निर्मित बेरोजगारी और नशीले मादक पदार्थों के सेवन में मदमस्त होकर न केवल स्वयं का भविष्य चौपट कर रहे हैं, बल्कि समाज में नकारात्मक वातावरण तैयार कर असुरक्षा एवं अराजकता को भी बढ़ावा दे रहे हैं। हिमाचली समाज में अब अधिकतर घरों में बच्चों के अन्य राज्यों/विदेशों में चले जाने से उनके वृद्ध माता-पिता की सुरक्षा के लिए ऐसे आवारा नशेड़ियों से गंभीर खतरा पैदा हो रखा है और मजे की बात यह है कि इस परिदृश्य में पुलिस सिवाए नेताओं को सुरक्षा प्रदान करने के, आम नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने में कहीं भी खड़ी नजर नहीं आती है। युवाओं की बेहतरी प्रत्येक समाज के लिए हमेशा ही चिंता और आशाओं का प्रमुख विषय रहा है। इसी प्रकार परिवार एवं समाज की बेहतरी के लिए युवकों को सशक्त करना किसी भी देश के लिए एक बड़ी चुनौती होती है। आज बड़ी संख्या में शिक्षित भारतीय युवक खुद को तेजी से बढ़ती उपभोक्ता और भौतिकतावादी संस्कृति के बहाव में बहता हुआ पाते हैं, लेकिन अपनी आर्थिक प्रगति हेतु जी-तोड़ मेहनत भी कर रहे हैं, वहीं ऐसे युवाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है जो बेरोजगारी की वजह से उपेक्षित और तनावग्रस्त हैं। लिहाजा इस बात का ज्यादा जोखिम है कि वे निहित स्वार्थी तत्वों, अपराधियों और नशा तस्करों के चंगुल में फंसा लिए जाएं। अधिकांश मामलों में अनेक स्थानीय युवाओं को अपने गली, मोहल्लों और सुनसान जगहों पर नशे में आवारागर्दी करते देखा जा सकता है। अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए इनके द्वारा महिलाओं के गहनों के लिए छीना-झपटी और स्थानीय समाज में इनके द्वारा अंजाम दी जाने वाली चोरियों से गांवों/कस्बों के लोगों में असुरक्षा की भावना देखी जा सकती है। वर्तमान समय में हिमाचल के प्रत्येक गांव/कस्बे में बाहरी राज्यों के लोगों की भरमार हो रखी है। पुलिस थानों में इतना पर्याप्त स्टाफ भी नहीं है कि वे इनकी जांच कर सकें और स्थानीय नशेड़ी युवाओं के समूहों पर लगाम लगा पाएं। अफसोस इस बात का भी है कि हमारी सरकारें पिछले 75 वर्षों में वह माहौल ही तैयार नहीं कर पाई हैं जिनसे हमारी युवा पीढ़ी नशे की वजह से नकारा बनने के बजाय आत्मनिर्भर और सुसंस्कृत बन पाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जुलाई, 2024, रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में नशामुक्त भारत की दिशा में सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए 'मानस' हेल्पलाइन पर नशे से जुड़ी कोई भी जानकारी साझा करने की अपील की है।

कुछ अलग

# उखड़े हुए लोग

**बौराये** हुए लोग शहरों से उखड़ कर गांवों की ओर, और गांवों में कोई ठिकाना न पाकर फिर शहरों की ओर लौट रहे हैं। बहुत बरस हुए जो पंछी अपने नीड़ छोडक़र विदेशों की ओर उड़े थे, उन्हें तो आज नष्ट नीड़ की कहानी दुहरा कर सुनाई जा रही है। यहां तो घोंसलों का तिनका-तिनका बिखर गया और जिस स्वप्न द्वीप को पा लेने की कल्पना परदेस में की थी, वहां उन्हें आगंतुक अनिमंत्रित करार दे दिया गया। 'चल खुसरो अपने देस' लौटते हुए निराश चेहरे जैसे अपना अंतस टटोल कर कह देना चाहते हैं। लेकिन कहा हैं देस? किसका देस, कहां है ठिकाना? ठिकाने तो जर्जर हो गए, कहीं भी अपने नहीं लगते। नौकरी छिनने और महंगाई बढने की बात न कीजिए। बेकारी और कीमत वृद्धि के जो आंकड़े आपको डरा रहे हैं, वे तो उन दिनों के हैं, जब महामारी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू किया था। फिर आया महामारी काल। न जाने कितने कामागरों की बंधी-बंधाई नौकरियां छूट गईं। गांव से शहर और शहर से गांव के आवागमन में न जाने कितने गृहस्थी उजड़े प्राणी हांफ-हांफ कर दम तोड़ गए। कितने अनियमित छोटे व्यापारियों और फड़ी रेहड़ी वालों का काम धंधा उजड़ा, इसके आंकड़े, हिसाब-किताब या लेखा-जोखा किसी के पास नहीं है। लोकसभा में मंत्री महोदय आंकड़े न होने पर बेबसी दिखा रहे थे। प्रगति सूंचकांक ऐतिहासिक गिरावट दिखाते हुए जैसे अपना सिर पीट रहे थे, लेकिन फिर भी सरकारी कक्ष अपनी टूटी बांसुरी पर मधुर स्वप्न राग छेड़ रहे थे कि देश विकास की मैरॉथन में स्वर्ण पदक जीत लाएगा। कैसे बताएं कि फिसड्डी लोगों के स्वर्ण पदक जीत लेने के सपने हर बरस नपुंसक हो जाते हैं, और गांवों से महानगर, और महानगर से विदेश जा कर अपने लिए स्वप्न महल खड़ा कर लेने का सपना, किसी उजड़े हुए हातिमताई की दास्तां लगने लगता है। गरीब और फटीचर हातिमताई को समझाया जाता है कि यह भुखमरी, यह बेकारी, यह फटीचर जिंदगी महामारी का मुकाबला न कर पाने की असमर्थता से पैदा नहीं हुई, लोग तो यहां सदियों से गरीबी और भुखमरी झेल रहे हैं। यह पिछड़ा हुआ देश पहले से ही मंदीग्रस्त था। मरने और मरने में अंतर होता है। जो भूखा, बेकारी और अर्थिक दुरावस्था की वजह से मरे, वह इतर कारणों से मरे हैं, मसलन हमारे योजनाबद्ध आर्थिक विकास का बंटाधार, देश में दायित्वहीनता की पराकाष्ठा, या अपने देश का दुनिया के दस सबसे महाभ्रष्ट देशों में से एक होना। असली कारणों का गला नापने की जगह आप तो बहाने बनाए जा रहे हैं। नाबालिगों के वाहन चलाने पर अब उनके अभिभावकों को सजा या भारी राशि का चालान हो जाने की घोषणा हो गई। न जाने नियंताओं को कैसे समझ आएगी कि ऐसे चालान योद्धाओं को रसीद विहीन चिरौरी भेंट कर किसी पतली गली से निकल जाइए। लेकिन नहीं आपको तो कानून पर चलना है, सरकार का खाली खज़ाना भरना है। भरिये-भरिये जनाब, देश में चन्द सत्यवादी भी तो होने चाहिएं। लेकिन इन सत्यवादियों को समझा दीजिये कि हर मौत बीमारी से हुई मौत नहीं होती। कोई दिल के दौरे से मरा, कोई भुखमरी से पैदा हुए यकृत की कृपा से। जो जहां मरा है, उसे उसी खाते में डालिए। केवल भूख से मरे लोगों के आंकड़े बढ़ा कर क्यों दहशत पैदा करते हैं? कम से कम इस बात से दिलासा हासिल करें कि अपना देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आइए, तब तक क्यों न हम देश के विकसित होने का प्रशस्तिगायन करते रहें।

देश दुनीया से

# विज्ञान और अध्यात्म

> मिथ यह कि विज्ञान परम्परा-भंजक है, अंधविश्वास को तोड़ता है। सच यह है कि विज्ञान परम्परा में जीवित रहता है और उसके अपने अंधविश्वास हैं। मिथ्या अहंकार को इस सत्य से आंख चुराए रखने का हठ है कि विज्ञान के अपने अंधविश्वास होते हैं। समाज में प्रचलित अन्य किसी भी कोटि के अंधविश्वास, किन्हीं अनुभवों पर आधारित होने से शायद उतने खतरनाक न भी हों, जितने अवांछित परिणाम लाने वाले विज्ञान के अंधविश्वास हो सकते हैं, क्योंकि वे तथ्यों से निकले होते हैं। विज्ञान तथ्यपरक है, यही कारण है कि विज्ञान के अंधविश्वास ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। विज्ञान और तकनीक को लेकर एक बहुत बड़ा अंधविश्वास यह है कि वह एक क्रांति है। वह परम्परा-भंजक है, जबकि सत्य इसके एकदम विपरीत है।

**कोई** मंदिर में इसलिए जाता है कि वहां भगवान है तो उसकी मर्जी। गहरे में देखें तो वह इसलिए जा रहा है कि उसके अंदर कोई खोज है। इसी तरह शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों में भी हम अपने अंदर की किसी खोज पूरी कर पाने की आशा लेकर जाते हैं, जहां विज्ञानसम्मत दृष्टिकोण को प्रधानता दी जाती है। समझना यह है कि विज्ञान की उपयोगिता तक तो ठीक, मगर उसे अहंकार का आधार बनाएं या नहीं? अहंकार का आधार विज्ञान को लेकर जो मिथ है, उसमें है। मिथ यह कि विज्ञान परम्परा-भंजक है, अंधविश्वास को तोड़ता है। सच यह है कि विज्ञान परम्परा में जीवित रहता है और उसके अपने अंधविश्वास हैं। मिथ्या अहंकार को इस सत्य से आंख चुराए रखने का हठ है कि विज्ञान के अपने अंधविश्वास होते हैं। समाज में प्रचलित अन्य किसी भी कोटि के अंधविश्वास, किन्हीं अनुभवों पर आधारित होने से शायद उतने खतरनाक न भी हों, जितने अवांछित परिणाम लाने वाले विज्ञान के अंधविश्वास हो सकते हैं, क्योंकि वे तथ्यों से निकले होते हैं। विज्ञान तथ्यपरक है, यही कारण है कि विज्ञान के अंधविश्वास ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। विज्ञान और तकनीक को लेकर एक बहुत बड़ा अंधविश्वास यह है कि वह एक क्रांति है। वह परम्परा-भंजक है, जबकि सत्य इसके एकदम विपरीत है। सच तो यह है कि विज्ञान की एक परम्परा होती है। एक लंबी परम्परा के बिना विज्ञान चल ही नहीं सकता। हर नया वैज्ञानिक दरअसल अपने से पहले वाले वैज्ञानिक के कन्धों पर पांव टिकाकर खड़ा होता है। वैज्ञानिक का काम इतना चुनौती भरा है कि आगे बढने के लिए उसे पहले की कोई खोज चाहिए, चाहे वह अकस्मात जान लिया गया कोई प्राकृतिक रहस्य ही हो।

ध्यान से देखें तो आर्किमिडीज, पायथागोरस, गैलीलियो, न्यूटन से लेकर आइन्स्टाइन तक विज्ञान के हर क्षेत्र की एक परम्परा है। बीच की एक भी कड़ी निकाल दीजिए, सब ताश के पत्तों से बनी मीनार की तरह भरभरा कर ढह जाएंगे। इसका यह अर्थ नहीं है कि विज्ञान निंदनीय अथवा त्याज्य है। विज्ञान और उस पर आधारित तकनीक उपयोगी हैं। चांद पर जाना हो और कोई कहे मैं तो अपनी घोड़ा-बग्घी या बैलगाड़ी में ही जाऊंगा तो नहीं चलेगा। यहां विज्ञान और उसका बनाया यान ही उपयोगी है। बग्घी से ध्यान आया, सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी के इंग्लैण्ड में, अमेरिका में भी, 'स्टेजकोच' या 'स्टेजवैगन' नाम की बग्घियां चला करती थीं। ये आम तौर पर चार घोड़ों से चलती थीं और लम्बे सफर में काम में लाई जाती थीं। इनमें पैसा देकर यात्रा की जाती थी। बीच-बीच में 'स्टेज-स्टेशन' भी हुआ करते थे जहां रुककर 'कोच' के घोड़े बदलकर ताजादम घोड़े जोते जाते थे। जब स्टीम इंजन वाली गाड़ी आई तो 'स्टैंडर्ड गेज' की जो रेल-पटरियां बिछायी गयीं, वे 'स्टेजकोच' के दोनों तरफ वाले पहियों की दूरी पर थीं! इस परम्परा को निभाने के बाद जरूरत के अनुसार ब्रॉड गेज, मीटर गेज या नैरो गेज की पटरी बिछाने की नयी परम्परा डालना कहां मुश्किल था? दुनिया भर में ट्रेन का आज तक चला आ रहा रेलवे गेज 'स्टेजकोच' की परम्परा में है! वैगन और कोच जैसी संज्ञायें तो खैर इस परम्परा की हैं ही। यह जानना भी दिलचस्प होगा कि जेम्ज वाट ने जो स्टीम इंजन बनाया था वह टॉमस न्यूकमेन नाम के इंजीनियर द्वारा पहले बनाए गए स्टीम इंजन की परम्परा में था। यह विज्ञान का अपना अंधविश्वास है कि वह परम्परा-भंजक है। दरअसल विज्ञान एक परम्परा है। मनुष्य की अन्तश्चेतना और विज्ञान की बाह्य-दृष्टि में अन्दर-बाहर का यह जो अन्तर है, वह विज्ञान को उसके अपने अन्धविश्वासों में धकेलने का काम करता है। सोचिए कैसे? एक ऐसे व्यक्ति की कल्पना कीजिये जो रात के अंधेरे में चला जा रहा है। रास्ते के रोड़ों-रुकावटों से टकराते-जूझते धीरे-धीरे उसका आगे बढना ही उसकी विकास यात्रा है। लेकिन विज्ञान की दुनिया में इसे विकास कहना इसलिए उसका अंधविश्वास है कि यात्रा को मंजिल मान लेना भूल है। अभी हम यात्रा में हैं, पहुंचे नहीं हैं। आखिर आंख बन्द करके विश्वास कर लेने को ही अन्धविश्वास कहते हैं। इसी भूल के चलते विज्ञान के निष्कर्ष कुछ वर्षों के भीतर बदल जाते हैं।

अंधेरे की इसी यात्रा को न्यूटन ने विशाल सागर के किनारे कंकड़ बीनना कहा था। थॉमस एडिसन ने भी स्वीकार किया था कि हम एक प्रतिशत का दस लाखवां हिस्सा भी नहीं जानते हैं। अंधेरे में चल रहा व्यक्ति अपनी टॉर्च की रोशनी डालता है और सामने सडक़ के गहरे गड्ढे का तथ्य उसके हाथ लग जाता है। टॉर्च ने निस्सन्देह गड्ढे से बचने में उसकी मदद की। थोड़ा आगे जाने पर टॉर्च की बीम ने जो दिखाया उससे तथ्य बदल गया। अब गड्ढा नहीं, एक बड़ी चट्टान रास्ते की रुकावट है। टॉर्च की मदद से वह चट्टान से टकराने और चोट खाने से भी बच गया। उसके आगे की यात्रा कभी रास्ते पर भरे पानी की सूचना लाती है तो कभी ऐसे खतरनाक मोड़ की जहां से गहरी खाई में गिरने का भय था। हर कदम परिवर्तित स्थिति और तदनुसार नए निष्कर्ष में ले जाने का काम करता है। विज्ञान और तकनीक की यही नियति है।

आप का नजरीया

# सैलानी संतुष्टि सूचकांक

**पर्यटन** अगर महज आंकड़ों का खेल है, तो हिमाचल की बुलंदी का सर्टिफिकेट काफी प्रभावशाली है। आधे साल की शुमारी में एक करोड़ पर्यटक किसी भी सूरत इसलिए भी कम नहीं, क्योंकि गोवा में 2023 के पूरे साल का आंकड़ा इससे कहीं आधे पर टिकता है, जबकि राजस्थान में इस दौरान बेशक 18 करोड़ घरेलू व 17 लाख विदेशी सैलानी पहुंचे। पर्यटकों की बढ़ती शुमारी के अनुभव पूरी होटल इंडस्ट्री गिन रही है, फिर भी कुछ आवश्यक पहलू हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पर्यटकों के ये आंकड़े तमाम मंदिरों की परिक्रमा, अटल टनल के दोनों छोरों पर और फोरलेन जैसी सडक़ परियोजनाओं की रफ्तार की कहानी हैं, लेकिन प्रसन्नता यह है कि अब सरकार इसकी केंद्रीय भूमिका में आ रही है। वर्तमान संदर्भ में सुक्खू सरकार ने अपने कार्यकाल में पर्यटक तादाद को पांच करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। जाहिर है इसके पीछे जो सोच रही है, उसके तहत नए निवेश, नई अधोसंरचना, नई व्यवस्था और पर्यटक राज्य की तस्वीर बनाने की महत्त्वाकांक्षा होगी। कांगड़ा को पर्यटक राजधानी बनाने का एक महत्त्वाकांक्षी शीर्षासन, एयरपोर्ट विस्तार को लेकर चल रही कार्रवाई है और अगर इस परिप्रेक्ष्य में सरकार की साधना पूरी हो गई, तो यह परियोजना सारे हिमाचल का युग बदल सकती है। युग बदलने की परिकल्पना में कितना पर्यटन और कैसे पर्यटन पर स्थिति स्पष्ट चाहिए। मसलन पांच करोड़ पर्यटक अगर हर दिन और हर क्षेत्र के हिसाब से गिने जाएं, तो योजनाओं का प्रारूप कालाअंब, जसूर, गगरेट और मैहतपुर से शुरू होगा, वरना मंदिरों में आते हर श्रद्धालु और पर्यटक सीजन की भीड़ में अंधाधुंध विस्तार के मायने अलग होंगे। हमें पांच करोड़ पर्यटकों को बुलाना नहीं, बल्कि उन्हें संतुष्ट करके वापस भेजना है। अभी तक हमारे पर्यटन की छवि कश्मीर घाटी के बिगड़े मिजाज, देवी दर्शन, अटल टनल के दर्शन, गर्मियों में हिल स्टेशन, ट्रैकिंग, सप्ताहांत भ्रमण और पड़ोसी राज्यों से एक ट्रिप मात्र है। चंडीगढ़ से कसौली या शिमला अब एक दिन की भागमभाग बनता जा रहा है, तो धार्मिक लंगरों में पर्यटन का यात्रा वृतांत महज संख्या बढ़ा रहा है। पर्यटन में गुणवत्ता लाने के लिए हमें एक 'संतुष्टि इंडेक्स' विकसित करना होगा। पर्यटक सीजन की धूल और तमाम गतिविधियों के बीच घूमने-फिरने वालों को अगर गंतव्य स्थलों की स्वच्छता सताएगी, तो बढ़े हुए आंकड़े भी बेमानी होंगे। पांच करोड़ पर्यटकों के लायक संतोषजनक अधोसंरचना, कनेक्टिविटी और मनोरंजन के साधन पुष्ट करने होंगे। सबसे पहले मंदिर दर्शन को दक्षिण भारतीय मंदिरों की तर्ज पर व्यवस्थित तथा आरामदायक बनाना होगा। पांच करोड़ पर्यटकों में अगर हम दस फीसदी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के ले आए, तो मंजिलें बदल जाएंगी, लेकिन इनके लिए कसोल या धर्मकोट नहीं, ट्राइबल, धरोहर, साहसिक व विरासत पर्यटन की तरफ रुख मोडऩा होगा। सुजानपुर, पुराना कांगड़ा, शिमला व मसरूर जैसे स्थलों पर संगीत समारोह, जबकि अनेक स्थानों पर लाइट एंड साउंड कार्यक्रमों की श्रृंखला बनानी पड़ेगी।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति हुआ घायल एक व्यक्ति की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** थाना क्षेत्र के गेरुआ गांव के उगरमाचा के पास ट्रक के द्वारा मोटरसाइकिल चालक को धक्का मार दिए जाने के कारण एक व्यक्ति कपिल भारती पिता सतीश भारती उर्फ सिया भारती जो इसी थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव का रहने वाला है उसकी इस दुर्घटना में स्पॉट पर ही मृत्यु हो गई । मृतक के बॉडी को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो ट्रक का चक्का का कुछ हिस्सा इसके माथे पर चढ़ा और उसके माथे की गड्डी बाहर हुई और वह स्पॉट पर ही दम तोड़ दिया। उनके साथ बाइक पर सवार अरविंद यादव जो नावाडीह के ही रहने वाले हैं वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बात की जानकारी जब प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र को दी गई तो वहां से एंबुलेंस के द्वारा घायल व्यक्ति को लाया गया। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेजा गया है । उन्होंने कहा कि उसे ट्रक को ही शीघ्र ही पता कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जो ट्रक चालक ट्रक से इस घटना को अंजाम देकर भाग गया। घायल अरविंद ने बताया कि वे दोनों रानीगंज किसी काम से जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उगरमाचा पास टर्निंग पर किसी ट्रक से टक्कर हो गई *(घायल अरबिंद के मुताबिक इन्हें धक्का मार दिया) और यह घायल हो गए एक व्यक्ति की मौत हो गई उन्होंने बताया कि कई लोगों को मैं मदद के लिए गुहार लगाता रहा लेकिन लोग रुके नहीं। फिलहाल मृतक कपिल भारती के परिजन के विलाप क्रंदन से पूरा अस्पताल परिसर गमगीन हो गया है।

## रक्षाबंधन पर भाई अपनी बहनों को रक्षा का वचन देते हैं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड में पूरे धूम धाम के साथ हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हर साल रक्षाबंधन का त्योहार मनाया रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधी, रक्षासूत्र बांधती हैं और भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं. वहीं, भाई अपनी बहनों को रक्षा का वचन देते हैं। रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का पर्व है। रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त यानी आज मनाया जा रहा है। रक्षाबंधन की पूर्णिमा तिथि आज सुबह 3 बजकर 04 मिनट पर शुरू हो चुकी है और तिथि पूरे दिन रहेगी यानी रात 11 बजकर 55 मिनट पर इस तिथि का समापन होगा। रक्षाबंधन के पावन पर्व में भद्रा को बहुत ही महत्व दिया जाता है क्योंकि भद्रा में कोई शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। बहन ने खिलाई मिठाई एवम भाई ने भी बहन को गिफ्ट देकर आशीर्वाद दिया। सुबह से ही महुआडांड़ के मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी थी।

## भारी बारिश के कारण गरीब का आशियाना उजड़ा, हुआ बेघर, किराए के मकान में लिया शरण



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के डाडी बाकचौमा गांव में भारी बारिश के कारण एक गरीब का घर ढह गया। जिससे अपने बच्चों के साथ घर छोड़ किराए के मकान में अपना शरण लिए हुए है। उक्त घर बाकचौमा गांव के मो अजीज पिता मो सफीक है। मो सफीक के चार पुत्र हैं जिसमें सभी अलग अलग घर बना कर रह रहे है किंतु पिता द्वारा दिए गए मिट्टी का मकान का हिस्सा जीर्ण तीर्ण होने के कारण लगातार बारिश में घर गिर कर नष्ट हो गया है। मो अजीज मजदूरी का काम करता है। उनके चार छोटे छोटे पुत्री है। मजदूरी करने के कारण पिता द्वारा दिए गए मिट्टी का मकान को मरम्मती तक नहीं करा पाया ।जिसके कारण वर्षा में मकान धाराशाही हो गया है। और अपने छोटे छोटे बच्चों को जिंदगी न बचाने और सर छुपाने के लिए कही पास में हीं किराए के मकान में रह कर जिंदगी खाना बादौस के तरह गुजार रहा है। वैसे में एक तरफ झारखंड सरकार गरीब असहाय के लिए अबूआ आवास योजना के तहत वैसे गरीबों और असहायों को मकान देने का मुहिम चलाया है जो मकान बना आसानी से जिंदगी गुजार सके। किंतु यहां हैरत की बात है कि ऐसे व्यक्ति तक अबूआ आवास का सुगंध आज तक क्यों नहीं पहुंच पाई है। क्या वैसे सुखी संपन्न व्यक्तियों के लिए अबूआ आवास का सरंचना झारखण्ड सरकार ने किया था। जो खुद के पास सभी तरह के सुविधाओं से लैस है। ऐसे में इस तरह हृदय विदारक दृश्य देख कई तरह का सवाल खड़े होने लगते हैं। क्या उक्त व्यक्ति को अविलंब अबूआ आवास का लाभ मिलेगा या उसी तरह खाना बदौस की जिंदगी गुजारने पर मजबूर रहेगा।

# सावन के अंतिम सोमवारी पर महादेव मठ में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** सावन के अंतिम सोमवारी पर ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना की।महादेव मठ तीर्थ स्थल की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ तीनों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है और नीचे से झरना बहता है,जो इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बिखेरता, जो यहां पहुंचने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनता है।महादेव मठ के पुजारी ने बताया कि सावन व फाल्गुन के महीने में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है, क्योंकि लोग भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए यहां आते हैं।ज्ञात हो की महादेव मठ की प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के कारण यह तीर्थ स्थल पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षक स्थल बन गया है।वही सावन पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थ स्थल में कमेटी की ओर से हरि कीर्तन के साथ-साथ भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया था। मौके पर अखंड हरिकीर्तन को सफल बनाने में मुखिया सह मठ समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, मुख्य पुजारी दीनदयाल जी महाराज, मठ समिति के पूर्व अध्यक्ष लवकुश कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुमार सौंडिक, गुड्डू राम, विशाल कुमार वर्मा का अहम योगदान रहा।

## कुन्दा में यादव होटल का हुआ शुभारंभ

# मुखिया व शाखा प्रबंधक ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखंड के मेन चौक से महज कुछ ही दूरी पर बाजार रोड स्थित सतेंद्र पासवान के मकान में यादव होटल का शुभारंभ सोमवार को हुआ। होटल का उद्घाटन कुन्दा मुखिया मनोज कुमार साहू,सिकीदाग मुखिया अनिता देवी,नवादा मुखिया भरत यादव, बौधाडीह मुखिया अनिता देवी, शाखा प्रबंधक आंजेण्य कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वही इस मौके पर मुखिया ने कहा की होटल के शुभारंभ होने से आम अवाम के साथ साथ प्रखंड व पंचायत कर्मियों को उत्तम भोजन की सुविधा मिलेगी। होटल संचालक राजेश कुमार ने बताया कि यादव होटल में आमलोगों के बजट के अनुरूप व्यंजन मिलेगी, हमारे यहां पर सभी तरह के वेज एवं नॉनवेज व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। जिसमें वेज पनीर, पनीर अंगारा, वेज खजाना, पालक पनीर एवं नॉनवेज में चिकन तंदूरी, चिकन हांडी, मटन हांडी पंजाबी, फीश फ्राय, चाउमीन, मेनचुरियन, चिली एवं नाश्ता, खाना आदि व्यंजन ग्राहकों को परोसे जाएंगे। मौके पर मजदूर संघ प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, समाजसेवी विनोद साव, रविशंकर वर्मा, संतोष कुमार यादव समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

## प्रांतीय यादव महासभा की बैठक मोहर सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रांतीय यादव महासभा की बैठक अध्यक्ष मोहर सिंह यादव की अध्यक्षता में कृष्णा इन होटल में किया गया। इस बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। 1.यादव महासभा को मजबूत करने पर बल दिया गया। 2.जन्माष्टमी पूजा करने का निर्णय लिया 3.नवगठित जिला कमेटी का परिचय सत्र का किया गया।इस बैठक में निम्न लोग उपस्थित हुए, बलि यादव संरक्षक लक्ष्मण यादव संरक्षक रामप्रवेश यादव संरक्षक राजधानी यादव देववंश यादव उपाध्यक्ष, महासचिव दामोदर यादव शिवनन्दन यादव सचिव, मनोज यादव कोषाध्यक्ष, विरेंद्र यादव व जितेन्द्र यादव सचिव, बिहारी यादव, रंजीत यादव,रामकुमार यादव, मनोज यादव, श्यामसुंदर यादव, चन्द्रमोहन यादव, वंशी यादव, विशुनदेव यादव, पवन यादव, जनेश्वर यादव, प्रदीप यादव, प्रमोद यादव, सिकंदर यादव बिहारी यादव अजय यादव हेरहंज लक्ष्मण यादव संतोष यादव, उमेश यादव, बिजय यादव, दिलेश्वर यादव, विशुनदेव यादव उपस्थित थे।

## बच्चों के आपसी विवाद में एक की गई जान

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत काठो गांव से रविवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव की महिला सुमित्रा देवी, पति किरण सिंह ने 8 वर्षीय एक बच्चा रघबीर सिंह, पिता जितेंद्र सिंह की हत्या डंडे से सर पर मार कर दी। क्या है मामला तीन बच्चे घर के आस-पास साथ खेल रहें थे। आपस में लडाई हुआ। साथ खेल रही बच्ची की मां सुमित्रा देवी वहां पहुंची और गुस्सा से बच्चा रघूबीर सिंह के सर पर लगातार तीन चार डंडा मारकर घायल कर दी। जख्मी खून से लतपत बच्चा जमीन पर पड़ा था। दृश्य देखकर तीसरा बच्चा जान बचाकर वहां से भागता हुआ घर आकर पूरा घटना की जानकारी दी। इस संबंध में महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया, मामला संज्ञान में आया है। बच्चे की मौत रिम्स ले जाते समय रास्ते में हो गई। जिसके कारण परिजनों ने पोस्टमार्टम गुमला में ही कराया। गुमला पुलिस ने बच्चे के परिजन से फर्द बयान लिया है। जीरो एफआईआर किया है। जैसे ही जीरो एफआईआर की प्रति हमे मिलती है हम त्वरित कारवाई करेंगे।

## दासी वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक और सांसद

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हुरनाली पंचायत स्थित कान्हू खाप गांव में जंगलों के बीचो-बीच अवस्थित प्राचीन मंदिर का वार्षिकोत्सव प्रत्येक वर्ष श्रावण मास के पूर्णिमा तिथि को हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित कर मनाया जाता है। यह कार्यक्रम मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा आयोजित की जाती है। जिसमें दो जिले और तीन प्रखंडों के श्रद्धालु भक्ति भाव से पूजा अर्चना और अपनी मन्नतें मांगने के लिए उमड़ पड़ते हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह, विशिष्ट अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास और भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता शामिल हुए। जहां मंदिर समिति के सदस्यों ने अतिथियों को माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया। तत्पश्चात समिति के सदस्यों ने अतिथियों को मंदिर से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें उन्होंने पेयजल, पुल और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित होने के कारण वार्षिकोत्सव में मंदिर समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## जिले भर में धूमधाम के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। यह त्योहार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णीमा तिथि को मनाया जाता है।रक्षा बंधन को लेकर बहनों में काफी उत्साह दिखी। सुबह से ही तैयार होकर बहनें राखी बांधने की शुभ मुहूर्त के इंतजार करते रही। यह शुभ मुहूर्त 19 अगस्त दिन सोमवार को 1:31 मिनट से शुरू हुई जो रात्रि के 11:00 बजे तक थी। वहीं शुभ मुहूर्त को आते ही बहनें थाल में तिलक, फूल, राखी व दीये के साथ मिठाई सजाकर आसन पर भाईयों को बिठाया। इसके बाद भाईयों को तिलक लगाकर आरती उतारी। साथ ही बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु होने की कामना की। और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान भाईयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया। और उपहार देकर बहनों की खुशियों को दोगुना कर दिया। यह सिलसिला दोपहर के 1:31 मीनट से देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर बस, टेंपो समेत अन्य वाहनों में भी काफी भीड़ रही। वहीं सुबह से ही मंदिरों में पूजा पाठ के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए अर्शदुल कादरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पोखरी कलां निवासी अर्शदुल कादरी को बनाए जाने पर वरिष्ठ कांग्रेसी व कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो हमें झारखंड के मजदूरो के हित में यह जिम्मेवारी दी है इसे बखुबी निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जन हित में महत्वकांक्षी व कल्याणकारी योजनाओं का संचालन में बड़े स्तर पर मजदूरों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने संगठन द्वारा दिए गए जिम्मेदारी पर कांग्रेस आलाकमान को शुक्रिया अदा किया है। वहीं बधाई देने वालो में मनिका विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी, यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविन्द्र राम, विधायक प्रतिनिधि, प्रेम कुमार सिंह, मोहम्मद शईद अंसारी, समाजसेवी हेसामुल अंसारी, दिलावर अंसारी, जाकिर हुसैन, विक्रम कुमार, अकरम अंसारी, परवेज़ आलम, अली अख्तर अंसारी, अफ़ज़ल अंसारी, राज अंसारी, परवेज़ मुशर्रफ़ समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

## पत्थलगड़ा में हुआ हल जुताई जय हिंद किसान एग्रो पावर टीलर मशीन शोरूम का उद्धघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय सुभाष चौक के समीप मोहम्मद सिराजुल भवन में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सोमवार को प्रमुख मनीषा कुमारी जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काट कर जय हिंद किसान एग्रो प्रतिष्ठान का उद्धघाटन किया। बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन एवं प्रो तारकेश्वर दांगी ने बताया कि किसानों को अब नहीं जाना पड़ेगा दूर शहर की गलियां चाकर काटने पत्थलगड़ा में हुआ हल जुताई पावर टिलर मशीन उपलब्ध है। साथ हीं संदीप सुमन ने बताया कि हमारे यहां उचित दाम पर किसानों के लिए मशीन उपलब्ध है इस मौक पर जिला परिषद सदस्य रामसेवक भगत, प्रमुख मनीषा कुमारी, सिंघानी पंचायत के मुखिया राधिका देवी समाज सेवी संदीप सिंह, समाज सेवी श्री मुनेश्वर दागी, मोहम्मद सेराजुल, आदि उपस्थित थे।

# बारियातू थाना पहुंचे चतरा सांसद, मंदिर परिसर में की पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** चतरा लोक सभा सांसद कालीचरण सिंह अपने कई कार्यतांओं के साथ बारियातु थाना परिसर के मंदिर पहुँच कर सावन समाप्ति की पूर्णिमा के अवसर पर पूजा अर्चना किया। मंदिर परिसर में पुजा करा रहे जनार्दन पाण्डेय ने विधिवत चतरा सांसद को पूजा करवाया। तत्पश्चात् प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मीडिया ने बारियातू के बारिखाप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आज तक स्वास्थ्य सेवा नहीं बहाल करने को लेकर बात चीत की। इस पर सांसद ने कहा की रघुवर सरकार के कार्यकाल मे स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन हुआ था। दुर्भाग्य रहा की भाजपा का सरकार नहीं बन पाया. अब यहां के आम लोगों को अधिक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है. इस बार की चुनाव मे भाजपा का सरकार बनने जा रहा है। सरकार बनने के बाद यहां स्वास्थ्य चिकित्सीय सुविधा देने पर पूरा जोर दिया जायेगा। साथ ही कहा की बारियातू प्रखंड 70 हजार आबादी क्षेत्र मे अस्पताल बने पांच वर्ष बित गए परन्तु अभी तक चिकित्सीय सुविधा बहाल नहीं किया जाना यह वर्तमान सरकार की कमी है. जैसे ही क्षेत्र मे भाजपा का विधायक होगा वैसे ही कार्य को पूर्ण करा लिया जायेगा। मौके पर चतरा पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंहपरभजपा लव कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह महामंत्री, संजय सिंह, सुमित कुमार चिंटू, उमेश सिंह, माधव प्रसाद, कामाख्या सिंह, थाना प्रभारी राजा दिलावर, एसआई नीरज दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मां कल्याणी हॉस्पिटल में हुआ था सिजेरियन ऑपरेशन, मरीज की जान खतरे में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बरियातू में अवैध रूप से संचालित मां कल्याणी हॉस्पिटल में रविवार को एक महिला का सिजेरियन ऑपरेशन झोलाछाप चिकित्सक के द्वारा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने लातेहार सिविल सर्जन अवधेश सिंह, एसडीएम अरविंद कुमार रजक एवं लातेहार उपयुक्त गरिमा सिंह को सुबह लगभग 11बजे दी। उसके बाद सिविल सर्जन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बधाई, डॉ अमरनाथ प्रसाद, डॉक्टर अलीशा टोपो एवं डॉक्टर सुरेंद्र कुमार को जांच टीम गठित कर शाम चार बजे जांच के लिए भेजा गया। लेकिन जांच टीम आने की सूचना स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध नर्सिंग होम संचालक को दे दिए जाने के कारण आनन फ़ानन- में मां कल्याणी नर्सिंग होम से मरीज हटाकर बंद पड़े मां उग्रतारा नर्सिंग होम में ले जाकर शिफ्ट कर दिया गया ।जब जांच टीम मां कल्याणी हॉस्पिटल पहुंचा तो वहां ताला लगा हुआ मिला। उसके बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि मरीज को अस्पताल के संचालक पुराने नर्सिंग होम माँ उग्रतारा नर्सिंग होम में शिफ्ट कर दिया है ।जब जांच टीम वहां पहुंचा तो चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा देखा कि पूरा ताला बंद है ऊपर चढ़ने पर उन्होंने देखा कि मरीज और एक सहिया अंदर मौजूद है ।जबकि रूम के बाहर ताला लटका हुआ है। जांच टीम द्वारा दरवाजा खोलने के लिए काफी कोशिश किया। लेकिन संचालक एवं सहिया ने दरवाजा नहीं खोला। उसके बाद जांच टीम ने बैरंग वापस लौट गया ।ज्ञात हो कि मां कल्याणी नर्सिंग होम के संचालक सौरभ कुमार चंदवा के रहने वाले हैं और इनका पूर्व में मां उग्रतारा नर्सिंग होम संचालित था। जिसमें ओवरी निकालने एवं कई लोगों को की मृत्यु हो जाने की घटना के बाद उपायुक्त के निर्देश पर उक्त नर्सिंग होम का पंजीयन रद करते हुए प्राथमिकी दर्ज एवम नर्सिंग होम को सील करने का निर्देश दिया था। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण होने के कारण सिर्फ उक्त नर्सिंग होम का पंजीयन रद्द किया गया एवं ना तो उसे सील की गई ना ही एफआईआर किया गया। यही कारण था कि आज पुनः इस नर्सिंग होम में मरीज को शिफ्ट किया गया ।वहीं सूत्र बतलाते हैं की नर्सिंग होम के संचालक सौरभ कुमार पुनः मां कल्याणी नर्सिंग होम के नाम पर पंजीयन करने के लिए सीएस कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं ।इधर मरीज को कमरे में बंद कर अस्पताल संचालक द्वारा फरार हो जाने के बाद मरीज के जीवन के साथ खुलम- खुला खिलवाड़ किया जा रहा है जो गंभीर विषय है। स्थानीय लोगों ने इस तरह मरीजों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। **जांच के नाम पर खाना पूर्ति :** बरियातू में अवैध रूप से संचालित मां कल्याणी नर्सिंग होम में झोलाछाप चिकित्सक द्वारा सिजेरियन ऑपरेशन किए जाने की शिकायत उपायुक्त को मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच के नाम पर खाना पूर्ति कर लिया गया। इसकी सूचना पदाधिकारी को सुबह 11:00 बजे दी गई थी वही जांच के लिए जांच टीम 4:00 बजे पहुंचा तब तक अस्पताल के संचालक को मरीज हटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इशारा कर दिया गया और जब यह कंफर्म हो गया कि मरीज वहां से दूसरे जगह शिफ्ट हो गया है ।उसके बाद खाना पूर्ति करने के लिए जांच टीम वहां पहुंचा ।लेकिन जब स्थानीय लोगों ने जांच टीम को यह बताया कि मरीज पुराना नर्सिंग होम मां उग्रतारा में रखा गया है तो वहां पर खाना पूर्ति कर जांच टीम वापस लौट गई ।जबकि अवैध नर्सिंग होम जांच के लिए उपायुक्त द्वारा बनाए गए जांच टीम में थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी को रखना हैं। अब यह प्रश्न उठने लगा है की जांच टीम द्वारा पुलिस की मदद लेकर अंदर पड़े मरीज का दरवाजा क्यों नहीं खुलवाया। अवैध नर्सिंग होम संचालक को सूचना देकर मरीज को दूसरे जगह शिफ्ट करवाकर बचाव करने का प्रयास किया गया।

# खिलाड़ियों के उत्थान और सहयोग के लिए आयोजित कर रहें हैं सांसद खेल महोत्सव 2024 : मनीष जायसवाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों के खिलाड़ियों के उत्थान और सहयोग के साथ उन्हें बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाह्न और निर्देश पर ÷सांसद खेल महोत्सव-2024÷ कराने का संकल्प लिया है। ज्ञात हो की बतौर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने साल 2016 से ही इसकी शुरुआत अपने स्तर से नमो खेल श्रृंखला के माध्यम से की थी। शुरुआत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट से महज कुछ टीमों के साथ कटकमदाग प्रखंड से हुआ था जिसका विस्तार पूरे हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में हुआ और इसमें विधानसभा क्षेत्र के करीब शत प्रतिशत गांवों की टीमें शामिल होने लगी। कोरोना काल के दौरान दो साल 2020 और 2021 में यह टूर्नामेंट स्थगित रहा लेकिन साल 2022 में नए स्वरूप में दिखा। साल 2022 में पहली बार इस टूर्नामेंट का आयोजन हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के बाहर इचाक और डाड़ी प्रखंड में सफलतापूर्वक हुआ। साल 2023 में इस टूर्नामेंट का विस्तार बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में भी हुआ। मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट ने हजारीबाग जिले के ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति गजब का उत्साह और जुनून खिलाडियों और खेल प्रेमियों ने उत्पन्न किया। महज़ सात साल ( दो साल कोरोना काल को छोड़कर) में ही नमो फुटबॉल टूर्नामेंट ने हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा और लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट होने का ख्याति प्राप्त किया। साल 2023 में ही नमो खेल श्रृंखला के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट के अपार सफलता के पश्चात मनीष जायसवाल के द्वारा नमो कैरम, नमो कबड्डी और नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और संकल्प लिया गया है अन्य खेल का भी प्रतिस्पर्धा कराएंगे ताकि खेल- खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिले और वो समाज और देश के लिए बेहतर करें ।

साल 2024 में पहली बार हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद मनीष जायसवाल ने ÷सांसद खेल महोत्सव-2024÷ के तहत नमो खेल श्रृंखला का विस्तार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में करने का निर्णय लिया है। सांसद खेल महोत्सव-2024 के प्रथम चरण की तैयारी पूरी कर ली गई है और जल्द ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़, मांडू, हजारीबाग सदर, बड़कागांव और बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने इसे लेकर सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन कर बताया कि हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में सांसद खेल महोत्सव -2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विस्तार किया जायेगा। इसबार लोकसभा क्षेत्र के करीब 1,000-1500 (एक हज़ार-पंद्रह सौ) टीम के 15,000- 20,000 (पंद्रह हज़ार-बीस हज़ार) खिलाडियों का समागम इस टूर्नामेंट में होने जा रहा है। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 के प्रथम चरण की शुरुआत आगामी 21 अगस्त को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड से होगा। द्वितीय चरण आगामी 25 अगस्त को मांडू विधानसभा क्षेत्र के कुजू से होगा। इसकी तैयारी नमो खेल श्रृंखला समिति द्वारा पूरी कर ली गई है। हर वर्ष की भांति इस बार भी इस टूर्नामेंट में शामिल होने वाले सभी फुटबॉल टीम को प्रोत्साहन हेतु एक-एक फुटबॉल और सभी खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी भेंट किया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर का लोकल के अभियान को चरितार्थ करते हुए हजारों जर्सी के स्टिचिंग और प्रिंटिंग का जिम्मा भी हजारीबाग के न्यू एरिया रोड, पंचमुखी मंदिर के समीप अवस्थित एक स्थानीय स्टिचिंग यूनिट को दिया गया है। जहां दर्जनों महिला कार्यक्रम के द्वारा आकर्षक रंगों के नमो जर्सी को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है। प्रत्येक चरण के विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 25,000 रुपए नगर और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 15,000 नगद और आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया जाएगा। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन और समापन को समारोह के रूप में आयोजित कर स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान कर उन्हें भी प्रोत्साहित किया जायेगा।

## एकल अभियान की महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** एकल अभियान मिशन दारु प्रखंड कि आचार्य दीदियों के द्वारा दारु थाना भवन मे रक्षा बंधन के अवसर एएसआई श्रवण पासवान और थाना मे मौजूद सभी पुलिस कर्मियों को भाई बहन के प्यार का प्रतीक राखी के पवित्र धागे को वैदिक मंत्रोंचारण के साथ बाँधा।इस अवसर पर पॉलिसकर्मियों ने सभी बहनो की रक्षा का वचन दिया।पुलिस कर्मियों को राखी बांध कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं की इस पहल की सराहना की।वहीं इस मौके पर सभी पुलिसकर्मियों ने परिसर में परिवार जैसा अनुभव महसूस किया। कहा कि पुलिस बल हमेशा उनकी सुरक्षा के हित में तत्पर रहेगी। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि अधिकांश पुलिस के जवान जनता की रक्षा ड्यूटी में रहने के चलते रक्षाबंधन जैसे प्रमुख पर्व पर घर नहीं जा पाते।

## हर्ष अजमेरा ने शहर के विभिन्न स्थानों पर बहनों के संग मनाया रक्षा बंधन का त्यौहार

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने इस वर्ष रक्षा बंधन के पावन पर्व पर शहर के विभिन्न स्थानों पर की बहनों के संग बड़े हर्षोल्लास के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाया। यह आयोजन एकता, भाईचारे और सेवा भाव के प्रतीक के रूप में आयोजित किया गया। बहनों ने बड़ी खुशी के साथ हर्ष अजमेरा को रखी बांधकर पर्व मनाया। बहनों ने श्री अजमेरा को बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ ढेरों आशीर्वाद प्रदान की। हर्ष अजमेरा ने कहा की रक्षाबंधन का त्यौहार सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह त्यौहार सभी के बीच प्रेम, सुरक्षा और विश्वास का भी प्रतीक है। समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ इसे मनाना हमारा कर्तव्य है, ताकि वे भी इस खुशी में शामिल हो सकें।न्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि हम एक सशक्त और एकजुट समाज का निर्माण कर सकें, बहनों ने हर्ष अजमेरा को राखी बांधी और उनके स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की। इसके साथ ही, हर्ष अजमेरा ने उन्हें उपहार भेंट किया। इस आयोजन के माध्यम से हर्ष अजमेरा ने यह संदेश दिया कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए और हमें उनके प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना चाहिए।



## तालाब में डूबने से गई एक युवा की जान,पूरा परिवार सदमे में



**विष्णुगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत बनासो पंचायत से रक्षाबंधन के दिन हृदयविदारक घटना घटी जिसमे एक 14 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई।इस घटना की जानकारी देते हुए बनासो मुखिया चंद्रशेखर पटेल ने बताया कि मृतक बालक का नाम हीरालाल यादव पिता स्व.नरेश यादव,यादव टोला का स्थानीय निवासी था। आज रक्षाबंधन की छुट्टी के मौके पर मृतक समेत तीन बच्चे त्रिवेणी पोखर में मौजमस्ती एवं नहाने के उद्देश्य से गये थे। नहाने के दौरान हीरालाल गहरे पानी मे चला गया कुछ देर पश्चात उनके साथियों ने उसे पानी से खींच कर निकाला,उसके ना उठने पर हल्ला मचाने लगे,हल्ला सुनकर अगल-बगल से लोग जमा हुए और आनन-फानन में उसे विष्णुगढ़ सीएचसी ले आये जहाँ चिकित्सको ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही सीएचसी परिसर हृदयविदारक रुन्दन से गमगीन हो गया,उपस्थित सभी लोगो की आँखें नम हो गई। चंद्रशेखर पटेल ने मृतक के परिजनों का ढाढस बंधाते

## एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया पूजन सामग्री का वितरण



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित माँ वैष्णव मंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल, बेलपत्र, माचिस एवं अगरबत्ती का वितरण किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को भस्म भी लगाया गया। जिसकी शुरुआत एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता ने पूजन सामाग्री वितरण कर किया। साथ ही ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता के द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी के लिए सुख एवं शांति की मंगल कामना की। मौके पर विशेष रूप से एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य राकेश गुप्ता, सुमीत सोंडी उर्फ रिंकू सोंडी, बटेश्वर मेहता, सुमेर सेठी, भैया आसिम, मणिक चक्रवर्ती, विशाल वर्मा, ऋषि कुमार, मनोज पांडेय, प्रियांशु कुमार, दिनेश नाटाणी, प्रवीण श्रीवास्तव, कार्तिक पाण्डेय एवं गौतम कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## राहुल गांधी पिछड़ो, अल्पसंख्यकों दलित आदिवासी के मसीहा है : डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस नेता पूर्व सदर विधानसभा के उपविजेता सह कुशवाहा महासभा के केंद्रीय सलाहकार डॉ आरसी मेहता ने सदर प्रखंड के सिंघानी, अमृत नगर, अंबाडीह, दारू इत्यादि दर्जनों गांव का भ्रमण किया । इस दौरान हुटपा के सभा में डॉ मेहता ने कहा की राहुल गांधी पिछड़ो, अल्पसंख्यकों दलित आदिवासी के मसीहा है । पिछड़ों के 65त्न आबादी का सम्मान करते हुए राहुल गांधी ने जिसके जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी के आधार पर एक गरीब किसान के बेटा केशव महतो कमलेश को झारखंड कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाए हैं एवं मंत्री डॉ उरांव को विधायक दल का नेता बनाया हैं । महतो समाज के तरफ से राहुल गांधी एवं खड़गे साहब को आभार धन्यवाद देता हूं। इस परिवर्तन से कांग्रेस को सीटों में दोगुनी बढ़ोतरी होगी। झारखंड के विभाजन के बाद पहली बार सरकार द्वारा जनहितकारी दर्जनों सौगात दिया गया है जिसमें मैंइया महिला सम्मान योजना महिलाओं के कल्याणकारी योजना है। इस योजना के तहत झारखंड के लाखों महिलाओं के खाता में रुपया भेजा गया है अबुवा आवास सभी कच्चे मकान घरवाले लोगों मिलेगा उसका लाभ उठाएं 2 लाख तक कृषि कर्ज माफी 200 यूनिट निशुल्क बिजली सोना सोबरण साड़ी धोती 51 से लेकर जीवन पर्यंत सभी वर्ग के महिला पुरुषों को पेंशन संपूर्ण झारखंड में यात्री बस की सुविधा, बेरोजगारों को बोलोरो गाड़ी सब्सिडी पर पशुधन देना, मुर्गी फॉर्म झारखंड सरकार द्वारा हजारीबाग वासियों को नगवा टोल टैक्स को संपूर्ण जिला वासियों के लिए फ्री किया गया है, हत्यारे पूर्व हजारीबाग डीसी सिंपसन पार्क से सिमसंन शब्द हटाना, होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा दे झारखंड पुलिस के बराबर वेतन दिया जाएगा पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा देना कृषकों को सब्सिडी में विज देना झारखंड के गांव को सड़क से जोड़ना नदी तालाब बनाना इत्यादि सैकड़ो सराहनीय कार्य झारखंड सरकार द्वारा किया गया है उपरोक्त जन कल्याणकारी योजना से सर्वांगीण विकास हो रहा है उपरोक्त योजना को लाने में जिसमें कांग्रेस कि भूमिका अहम है जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से सदर प्रखंड विधि प्रकोष्ठ के जिला संजय दास शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ब्रजकिशोर मेहता हार्ली मुखिया फारूक पूर्व प्रखंड अध्यक्ष तुलसीदास कुशवाहा नारायण कुशवाहा देवनंदन प्रसाद सुरेंद्र कुशवाहा राकेश गुप्ता अशोक कुशवाहा फरदीन मासूम राजकुमार कुशवाहा मुकेश पासवान अजय राम संजय राम मंटू ठाकुर इत्यादि भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिए।

## एकल विद्यालय के आचार्यों ने रक्षा बंधन को बनाया खास, पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र में बांधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** एकल विद्यालय द्वारा रक्षाबंधन उत्सव मनाने की परंपरा विगत कई वर्षो से अनवरत जारी है, प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विष्णुगढ़ थाना परिसर में रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस पावन अवसर पर एकल विद्यालय के आचार्यों ने थाने में तैनात पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर इस त्योहार को मनाया। कार्यक्रम के दौरान आचार्यों ने सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांधी, जिससे पुलिस कर्मियों के चेहरे पर उत्साह और खुशी की झलक देखने को मिली। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने पुलिस कर्मियों को बधाई दी और उन्हें उनके कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव का वातावरण बनता है।

## पगमिल रोड पर जलभराव के खिलाफ प्रदर्शन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने लिया जायज़ा, अधिकारियों से जल्द करेंगे कार्रवाई की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने पगमिल रोड स्थित हासमियां कॉलोनी का दौरा किया, जहां स्थानीय निवासी गंदे पानी के जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। मौके पर समाजसेवी संजर मलिक भी मौजूद थे, जिन्होंने नगर निगम और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ गंदे पानी में लेटकर विरोध प्रदर्शन किया। संजर मलिक ने नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन के सामने स्थानीय लोगों की पीड़ा को उजागर करने के लिए यह विरोध प्रदर्शन किया।पगमिल रोड जो हजारीबाग, कटकमसाड़ी और चतरा के बीच का मुख्य मार्ग है इस बरसात में तालाब या नदी जैसा बन चुका है। इसके कारण आम जनता को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, विशेष रूप से पगमिल के निवासियों को, जिनके घरों और दुकानों में पानी भर रहा है।

इस स्थिति की जानकारी मिलते ही, मुन्ना सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने समाजसेवी संजर मलिक और स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और समस्या की गंभीरता को समझा। मुन्ना सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे और आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रशासन से तुरंत मुलाकात करेंगे।

मुन्ना सिंह के आश्वासन के बाद समाजसेवी संजर मलिक और स्थानीय निवासियों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। स्थानीय लोगों ने अपने घरों में पानी भरने की समस्या और अन्य कठिनाइयों को लेकर मुन्ना सिंह जी से अपनी पीड़ा साझा की।

## सावन मास की अंतिम सोमवारी को माँ काली मंदिर के शिवालय में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने किया रूद्राभिषेक व प्रसाद वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सावन मास की अंतिम सोमवारी को शहर के खिरगांव स्थित मुक्ति धाम माँ काली मंदिर में दिन सोमवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने रूद्राभिषेक किया तथा प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने माता काली एवं शिवालय में माथा टेककर समस्त सदर विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि सावन का महिना का काफी पावन होता है। पवित्र मास का हर दिन शुभ एवं मंगलकारी होता है। पूजा पाठ एवं अनुष्ठान से बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती प्रशन्न होकर जीवन में चमत्कारी बदलाव आता है। सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है। मौके पर विशेष रूप से काली मंदिर पुजारी बिट्टू पुजारी, भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मिकी, रवि कुमार, शंभू पीडी मेहता, ऋषभ ज्योति, विकाश हरि, नवीन पांडे, रोहित पांडे, मनीष कुमार, आशीष कुमार सिंह, मुकेश गुप्ता, दिनेश सीआर पासवान, मोनू गुप्ता, अजीत गुप्ता, रंजीत राम, रोहित राम, मनीष कुमार राम, मनोज कुमार एवं मनोज राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सावन की अंतिम सोमवारी पर किया जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सावन के पवित्र महीने की अंतिम सोमवारी पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने धार्मिक आस्था और परंपरा का निर्वहन करते हुए बराकर नदी से जल भरकर बरही ब्लॉक परिसर स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने रुद्राभिषेक में भी भाग लिया और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी अनुज शर्मा ने कराया। पूर्व विधायक ने इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भगवान शिव से बरही

विधानसभा क्षेत्र की समृद्धि, प्रगति और उन्नति के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि सावन का महीना शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है और इस अवसर पर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करना सौभाग्य की बात है। पूर्व विधायक की इस धार्मिक क्रियाकलाप ने लोगों के दिलों में आस्था और विश्वास की भावना को और प्रगाढ़ किया।रुद्राभिषेक के दौरान मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर भगवान शिव का गुणगान किया और उनकी कृपा से क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन साव, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, राजकुमार यादव, मनोज केशरी, सूरज देव यादव, प्रदीप केशरी, धर्मेंद्र गुप्ता, नन्द किशोर गुप्ता, पिंटू केशरी, पिंटू ठाकुर, बलराम केशरी, प्रशांत केशरी, श्याम सिन्हा, हरिशंकर शर्मा, दिलीप केशरी, आचार्य चंद्र मोहन मिश्रा, मंदिर पुजारी अनुज शर्मा, सचिन यादव सहित अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

# हेमन्त सोरेन की सरकार जिन वादों से सत्तासीन हुई,उसमें एक भी पूरा नही हुआ : सी.बी पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भाजपा झारखण्ड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं माण्डू विधानसभा के प्रबल दावेदार अधिवक्ता चन्द्रनाथ भाई पटेल ने 23 अगस्त 2024 की आक्रोश रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अपने समर्थकों से आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछले कई वर्षो से लगातार कहती आई है,झारखण्ड की सरकार ठगबंधन की सरकार है,जिसको पिछले साढ़े चार साल से अधिक के कार्यकाल में ये चरितार्थ हो गया है।हेमन्त सोरेन की सरकार जिन चुनावी वादों को लेकर सत्तासीन हुआ उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया है।झारखंड में ठगबंधन के मुखिया हेमन्त सोरेन ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी तो सलाना 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे मिला क्या ? स्नातक पास युवाओं 5 हजार व स्नातकोत्तर बेरोजगार युवाओं को 7हजार बेरोजगारी भत्ता देने की वादा किया था,किसी को मिला क्या?

रघुवर दास की सरकार में 181 टॉल फ्री नंबर पर बात कर भ्रष्टाचार पर लगाम लगी थी,जिसको हटाकर भ्रष्टाचार की खुली छूट दे दी गई है। हेमंत सोरेन ने यह भी कहा था कि गरीबों को ऐसा आवास देंगे जिसमे बुआ-बबुआ सभी आराम से राह सकेंगे सरकार के अंतिम कार्यकाल में गरीबो का उपहास उड़ाने के लिए अबुआ आवास का झुनझुना थमाया जा रहा है। पर विडम्बना यह है कि गरीब अबुआ आवास बनाने के लिए बालू के लिए मोहताज हो रहे हैं। कहीं कोई नदी नाले से बालू लाते हैं तो ट्रेक्टर ट्राली पकड़ कर कई धाराओं को लगा कर न सिर्फ ड्राइवर को जेल भेजा जाता है बल्कि ट्रेक्टर पर राज़ सात की कार्रवाई की जाती है।हेमंत सोरेन ने यह भी घोषणा किया था। पारा शिक्षक सहित सभी अनुबंधित कर्मचारियों को स्थाई करेंगे।पर जब ये याद दिलाते हैं ऐसी निक्कमी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है,झारखण्ड की भोली भाली जनता को हेमंत सोरेन ने ठगा है,इसका जवाब आने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से देना है।

## 21000 वृक्षारोपण का संकल्प पूरा, रुद्राभिषेक और भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग में स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज गुप्ता द्वारा लिया गया 21000 वृक्षारोपण का संकल्प हाल ही में पूरा हुआ। इस अवसर पर एक भव्य रुद्राभिषेक और भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि भाजपा के स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और रुद्राभिषेक में भाग लिया।इस कार्यक्रम के दौरान, नीरज गुप्ता ने कहा, ÷यह उपलब्धि अकेले की नहीं, बल्कि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।÷ उन्होंने आश्वासन दिया कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे।कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति और सहयोग ने इसे और अधिक विशेष बना दिया। गुप्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण बढ़ाना है, बल्कि समाज में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।विशेषज्ञों के अनुसार, वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन के साथ ही स्थानीय इकोलॉजिकल विविधता में भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने वृक्षों के महत्व को रेखांकित किया और उनके संरक्षण की आवश्यकता की बात की।नीरज गुप्ता ने यह भी बताया कि अगले चरण में वृक्षों के लिए नियमित देखभाल और संरक्षण का प्रावधान किया जाएगा, ताकि सभी पौधे स्वस्थ और मजबूत बन सकें।इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश फैलता है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

## सयाल, उरीमारी सहित पुरे भुरकुंडा कोयलांचल में बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सावन महीने के पांचवें सोमवारी होने के साथ पुरे देश में सोमवार को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया। वहीं कोयलांचल के भुरकुंडा, सयाल, उरीमारी मे भी लोग पुरे हर्षोल्लास के साथ भाई बहन के प्रेम के प्रतिक रक्षा बंधन का त्योहार मनाते दिखे। हालांकि भद्रा काल पड़ने के कारण बहनों ने दोपहर 1ः25 बजे से राखी बांधना प्रारंभ किया। बता दें कि हर साल श्रावण मास के पुर्णिमा को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयो के कलाइ पर राखी बांधती है। और बदले में भाई अपनी बहन को आजीवन रक्षा करने का वचन देता है। सावन महीने के पांचवें सोमवारी होने पर मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओ कि भीड जुटी रही। वहीं रविवार को भुरकुंडा सयाल उरीमारी क्षेत्र कि दुकानों पर बहनों ने अपने भाई के लिए राखी व मिठाई खरीदती नजर आई। जिससे कोयलांचल का माहौल खुशनुमा बना रहा।

## विधायक के अथक प्रयास से पतरातू प्रखंड में हो रहा है चहुंमुखी विकास : कृष्णा सिंह

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने प्रेस-बयान जारी कर कहा है कि विधायक अंबा प्रसाद के अथक प्रयास से पतरातू प्रखंड में चहुमुखी विकास को लेकर विधायक मद की योजना को स्वीकृति मिल चुकी है। फिलहाल मिली 47 योजनाओं की स्वीकृति में प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में विभिन्न प्रकार की विकास योजना उतारी जाएगी। जिसमें पीसीसी पथ,पेवर ब्लॉक पथ,यात्री शेड,शमशान शेड, छठ घाट,शमशान घाट,नाली निर्माण, मंदिर के समीप सुंदरीकरण,मंडा पूजा के लिए तारा माचा,चबुतरा निर्माण आदि अन्य योजनाएं शामिल हैं। जिसकी कुल लागत लगभग एक करोड़,चार लाख रुपए से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा।आगे सिंह ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद पतरातू प्रखंड ही नहीं पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में बड़ी-बड़ी योजनाओं को धरातल में उतारने के बाद अब पंचायत स्तर में योजनाओं को अपने विधायक मद से धरातल पर उतारने का काम कर रही है ताकि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो।



## हजारीबाग सांसद पंहुचे पतरातू, बहनों से बंधवाया राखी



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल रक्षाबंधन के दिन बहनों से राखी बंधवाने के लिए पतरातू पहुंचे। जंहा उन्होंने सबसे पहले पतरातू ब्लॉक मोड़ स्थित बाबा बुच्चाबांध में माथा टेक कर पूजा अर्चना किए। जिसके बाद सांसद ने क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ पूरे भारतवासीयों को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बधाई और शुभकामना दिए। तत्पश्चात पतरातू क्षेत्र की बहनों के द्वारा सांसद के कलाई पर राखी-बांधी गई। वहीं सांसद के द्वारा बहनों को आजीवन रक्षा करने का वादा किया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि रक्षाबंधन भारत के सभी त्योहारों में एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। जिसमें बहन-भाई के कलाई में राखी बांधकर रक्षा करने का शपथ लेता है। भाई-बहन के इस पवित्र त्यौहार के साथ-साथ हम सभी लोगों को पेड़ की भी रक्षा-सूत्र बांधकर उसकी रक्षा करने का शपथ लेने का दिन है। मौके पर बुच्चाबंध समिति के अध्यक्ष गुलशन कुमार,त्रिलोकी गिरी,महानंद सिंह,रवि दत्ता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता और महिला पूरूष उपस्थित थे।

## सांसद का सयाल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सयाल के आठ नंबर के समीप सोमवार को हजारीबाग लोकसभा के भाजपा सांसद मनीष जायसवाल का पतरातु से बड़कागांव जाने के क्रम में सयाल आठ नंबर समीप पहले से जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने पतरातु में जलापूर्ति व्यवस्था को सुधारने हेतु सीसीएल प्रबंधन से टेलिफोनिक वार्ता कि। और जलापूर्ति व्यवस्था को हर हाल में सुधारने कि बात कही। वहीं सयाल में अपनी समस्या को लेकर पहुंचे एक व्यक्ति कि ओन द स्पॉट समस्या का समाधान किया गया। वहीं सयाल में सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत करने वालो में सतीश मोहन मिश्रा, ज्योति सिंह, सतेन्द्र सिंह, संतोष शर्मा, राकेश सिन्हा, कमलेश सिन्हा, राजन पांडेय, महेन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, त्रिलोकी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बहनों ने भाई की दीर्घायु की कामना की,कलाई पर बांधी राखी



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राखी का त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र मे अंतिम सोमवारी के साथ भाई बहन का अटूट प्रेम आस्था का त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर बहनों ने भाई के हाथों मे राखी बाँधी, इसके पूर्व बहनों ने त्योहार को देखते हुए पूजा अर्चना कर नए वस्त्रो का धारण किये भाई को राखी बांधी, भाई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार है रक्षाबंधन, इस अवसर पर बहनो ने अपने भाई के कवच के रूप में खड़ी रहती हैं और उनके सुख समृद्धि की कामना करती हैं भाई दीर्घायु रहे भगवान से कामना भी करती हैं त्योहार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे काफी चहल-पहल दिखाई दिया, राखी का गीतों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा, भाइयों को तिलक लगाकर कलाई पर अटूट प्रेम और आस्था का धागा राखी बांधा गया।

# रक्षाबंधन पर समिति की बहनों को जवानों ने दिया रक्षा का वचन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** जिले की अग्रिणी सेवा भावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति स्थानीय पंजाब रेजिमेंट केंद्र की मुख्यालय जाकर सेना के वरिष्ठ अधिकारी तथा जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम के आरंभ में समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने कर्नल हरसिमरन सिंह सिद्धेवाला को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया ।तत्पश्चात समिति की संरक्षिका अरूणा जैन ने कर्नल साहब को राखी बांधी। सुनीता जैन द्वारा रक्षाबंधन एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात समिति की बहनों ने सेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य अपने घरों तथा बहनों से दूर हमारे जवानों को बहनों के स्नेह एवं प्रेम का अहसास कराना है , समिति की बहनें अपने सैनिक भाइयों को यह संदेश देना चाहती है कि भले वह अपनी सगी बहनों से अपने कर्तव्य पथ के कारण दूर है परंतु उनकी यह बहनें उनकी सलामती एवं दीर्घायु होने की प्रार्थना करने के लिए सदैव तत्पर है। साथ ही , सेना के वीर जवानों ने भी समिति की बहनों से रक्षा सूत्र बंधाने के बाद बहनों की सदैव रक्षा करने की संकल्प ली। बाद में बहनों द्वारा सैनिकों के बीच मिठाइयां वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की अरूणा जैन, सिंपल बरेलिया , गरिमा अग्रवाल , सुनीता जैन एवं आयुषी जैन ने सराहनीय योगदान दिया।

## रामगढ़ पार्षद श्राद्ध कार्य में शामिल हुए, परिजनों को खाद्य सामग्री का किया सहयोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ प्रखण्ड के बारलोंग पंचायत के हरगडाडीह निवासी स्व भारती देवी पिछले सप्ताह वज्रपात से निधन हो गया था शोकाकुल परिजन काफी निर्धन परिवार के हैं मृतक परिजन का आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है जिसकी जानकारी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को दिया गया, सांसद-विधायक के निर्देश अनुसार रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो के द्वारा दसकर्मा कार्य संपन्न कराने हेतू मृतक के पति तुलेश्वर महतो व परिवार के सदस्य को खाद सामग्री आटा,चूड़ा ,चावल, तेल,देकर सहयोग किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से बारलोंग पंचायत मुखिया रेखा देवी,कुंदरु कला मुखिया किशुन राम मुंडा, उप- मुखिया बीरेंद्र कुमार, संतोष महतो, सुखदेव महतो प्रेम महतो ज्ञानी महतो जागेश्वर महतो अरुण महतो प्रताब महतो टिकेश्वर महतो प्रदीप महतो लालचंद महतो जगदेव महतो बजट नायक एवं शोकाकुल परिवार उपस्थित थे।

# झारखंड प्रदेश में सुख समृद्धि शांति और खुशहाली बना रहे : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 2024 मे भी सावन के पावन महीना पर कांवरिया भोले बाबा के श्रद्धालु भारी संख्या में भोले बाबा का भक्त रजरप्पा मंदिर पहुंचते हैं जहां 21 फीट का विशालकाय शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते है तत पश्चात रामगढ़ जिला समेत पास पड़ेस के पड़ोसी जिला से भी लोग भारी संख्या में रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तीके मंदिर पहुंच कर पवित्र संगमस्थल दामोदर भैरवी नदी मैं स्नान पूजन कर जल उठाकर पैदल कांवरिया अपने-अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं सावन के अंतिम पांचवें सोमवारी पर गिरिडीह सांसद प्रकाश चौधरी द्वारा पवित्र संगम स्थल से जल संकल्प कराकर एवं केसरिया ध्वज दिखाकर हजारों बोल बम कांवरिया को रवाना किया इस मौके पर सांसद चौधरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सावन के पवित्र महीना में हजारों हजार की संख्या में कांवरिया रजरप्पा मंदिर संगम स्थल से जल उठाकर अपने मनोकामना करते हैं और विभिन्न शिवालय मंदिरों में जलाभिषेक कर अपने मनोकामना पूरी करते हैं, भारी संख्या में पहुंचे कांवरिया बम का केसरिया रंगों से पटा रहा ,



इस मौके पर विभिन्न स्थलों पर कांवरियों के सेवा के लिए शरबत फल चना प्रसाद का वितरण किया गया,कांवड़ यात्रा में शामिल कांवरिया द्वारा डीजे साउंड के गीतों से भोले बाबा के भक्ति गीतों से भक्त झूमते नाचते अपने-अपने शिवालय मंदिर पहुंचे और भोले बाबा के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया, अंतिम पांचवे सोमवारी एवं रक्षाबंधन के त्योहार पर लोगों को सांसद ने दिया बधाई, रजरप्पा मंदिर मंदिर में पहुंचे समस्त भक्तों को जीवन में उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली और पूरे क्षेत्र में हरियाली बना रहे की शुभकामनाएं दिया। मौके पर अमृतलाल मुंडा,गुड्डू पंडा रूपेश पंडा अजय पंडा सुभाशीष पंडा, कुलदीप साहू,जगदीश महतो, गणेश महतो व सहित हजारों की संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

# रक्षा मंत्र पढ़ बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** भाई-बहन के असीम प्रेम को समर्पित पावन पर्व रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को गोला प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया,भाई बहनों का यह पवित्र त्योहार बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर मनाया। शास्त्रों के अनुसार राखी बांधने की शुभ मुहूर्त पर ही बहनों ने राखी बांधने में रुचि दिखाई, देर शाम तक रक्षाबंधन का कार्यक्रम चलता रहा। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधी, तिलक लगाया, आरती उतारी और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इसके साथ ही बहनों ने अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की। बहनों ने राखी बांधने समय रक्षा मंत्र येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वामनुबध्नामि रक्षे मा चल मा चल॥ का उच्चारण कर राखी बांधी। हेमतपुर गांव की सविता कुमारी और सुमति कुमारी ने संयुक्त रूप से रक्षा मंत्र के बारे में बताया कि जो रक्षा सूत्र राजा बलि को बांधा गया था, वही रक्षा सूत्र मैं तुम्हारी कलाई पर बांधती हूं, जो भाइयों को सदैव विपत्तियों से रक्षा करेगा, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,



इस मंत्र का उच्चारण करके कलाई पर राखी बांधने से आरोग्यता और ऐश्वर्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है, कई बहनों ने राखी के इस पवित्र त्योहार में भाइयों को राखी बांधने के लिए कई किलोमीटर का सफर तय कर भाइयों की कलाई राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को हर सुख-दुख में सदैव साथ देने का वचन दिया साथ ही भाइयों ने बहनों के समक्ष हर परिस्थिति में माताओं एवं बहनों की रक्षा और सुरक्षा का संकल्प लिया। मौके पर सावित्री कुमारी, प्रियंका कुमारी,अवनी प्रिशा ,प्रतिभा प्रिशा, अर्यण पटेल,प्रिया कुमारी, स्वीटी कुमारी,गीता कुमारी, अर्चना कुमारी आदि मौजूद थें।

## मुख्य मार्ग पर जल जमाव और सूखे बन सकते हैं दुर्घटना का कारण ध्यान दे प्रशासन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** राजनीति में एक दूसरे पर दोषारोपण करना आम बात है पर रामगढ़ शहर में बड़ी बड़ी बिल्डिगों,कॉलेज और हॉस्पिटल जैसे प्रमुख स्थल जहां से रोज हजारों की संख्या में गाड़िया गुजरती है वहां थोड़ी सी बारिश जल जमाव के कारण तालाब की शक्ल में परिवर्तित होने वाला मुख्य सड़क निरंकुश सरकार और लापरवाह अधिकारी की स्थिति बयां करने को काफी है,साथ हीं ये जल जमाव आम नागरिकों की सिर्फ परेशानी का सबब हीं नहीं बल्कि एक बड़ी दुर्घटना का कारण भी बन सकती है जिसके बाद शायद नेता अथवा अधिकारियों की नींद खुलेगी। और अगर लोग पानी से बच गए तो सड़क किनारे गिरने के कगार पर सुख चुके विशालकाय खड़ा वृक्ष किसी की मौत का कारण बन सकती है जिसके जड़ पानी की वजह से सड़ चुका है। उक्त बातें फोटो के साथ विज्ञप्ति के माध्यम से मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्षा सिंधु झा ने मीडिया को बताते हुए कहा की उस सड़क पर महिला और बच्चे मोटरसाइकल पर सवार होकर घुटने भर पानी से गुजरते हैं जी दूसरी तरफ से बड़े वाहन के आने पर पानी का लहर अथवा सड़क पर पड़े गड्ढे के कारण सड़क पर कभी भी गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो सकते है। और अगर ऐसी घटना घटी तो यहां के विधायक सांसद से ज्यादा यहां के प्रशासन जिम्मेवार होंगे क्योंकि इसी जलजमाव से गुजरकर उपयुक्त सहित अन्य पदाधिकारी समरहनालय को जाते है।

## भाजपा जिला कार्यलय में युवा आक्रोश रैली को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यलय में युवा आक्रोश रैली की समीक्षा बैठक सोमवार को हुई। आगमी 23 अगस्त को रांची में होने वाले युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए नगर परिषद रामगढ़ से 500 कार्यकर्ता रैली में जायेंगे। और हेमन्त सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। हेमंत सोरेन ने जनता से झूठे वादे कर,वर्ष 2019 के विधान सभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनाई।उसके बाद सरकार केवल लूट खसोट में कर झारखन्ड को लूटने में लगे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने गंभीरता से लेते हुए, जनता को जगाने का काम कर रही है। उनके द्वारा झूठे घोषणा पत्र को उजागर करने का काम कर रही है। बता दें कि हेमन्त सोरेन ने 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था ।आंगनबाडी सेविकाओं वादे पूरे नहीं किए। नियोजन नीति अधूरा रहा। पारा शिक्षकों के सभी प्रमंडल में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी नहीं खुल पाया। सरकारी भर्ती में अस्थानीय युवाओं को 75 प्रतिसत भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पाया, आए दिन महिलाओं परअपराध की घटनाएं, ट्रांसफर पोस्टिंग, खनिज संपदाओ की लूट, ब्लॉक स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त हैं। हेमन्त सोरेन ने विधान सभा 2019 के चुनाव मे घोषणाएं किए थे जो पूरे नहीं कर पाए। वहीं जे पीएस एससी पेपर लीक मामला,विद्यार्थियों के भविष्य के साथ बार बार खिलवाड़ से झारखंड के युवा आक्रोश में है। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले अब मैया सम्मान योजना के बहाने वोटरों को लुभाने का प्रयास कर रही है बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, संचालन उपाध्यक्ष राम प्रसाद मलिक धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुशवाहा, कार्यक्रम रामगढ़ नगर परिषद प्रभारी जिला मंत्री संजय प्रभाकर भाजपा के वरिष्ठ नेता जागेश्वर प्रजापति बैठक में जगत नारायण साह राजेश प्रजापति अनिल यादव दुर्योधन यादव अनिरुद्ध सिंह राणा गुप्ता रविंद्र गुप्ता सुरेश राम मुनेश्वर रविदास अर्जुन कुशवाहा गौतम राम संगीता देवी सुनीता देवी दिलेश्वर कुशवाहा महेंद्र राम डॉक्टर रोहन लाल आदि उपस्थित थे।

## प्रजापिता ब्रह्माकूमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन के मौके पर राखियां बांधी गई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नेहरू पथ,त्रिकोण शिवमंदिर के पास, रामगढ़ कैन्ट के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी बहन के द्वारा मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्षा निशा जैन एवं धार्मिक जगत के विशिष्ट व्यक्तियों को दिव्यता, पवित्रता और स्नेह की सूचक राखियाँ बांधी गयीं। इस अवसर पर अपने उदगार में ब्रह्माकूमारी निर्मला बहन ने कहा जब तक मयदाओं के सूत्र में लोग बँधे रहते हैंद्य तब तक रिश्तों में प्रेम और सदभावना बनी रहती है। जहाँ स्वार्थ,धार्मिक कट्टरता, अहम् के कारण रिश्तों की पवित्रता भंग होती है वहाँ रास्ते बदल जाते हैं। राखी के ये दो धागे बंधन न होकर ज्ञान और योग के दो सूत्र हैं जो काम क्रोध के पाशों को काटकर आत्मा रूपी पंछियों को मुक्त करने के साधन हैं। अलौकिक ब्रह्माकुमारी बहनें पवित्रता के संदेश के साथ यह राखी बॉधती हैं। इस रक्षासूत्र को बाँधने से सब रोग नष्ट हो अशुभ का नाश हो जाता है। राखी बॉधने के प्रतिदान स्वरूप सभी ने मनोविकारों को छोड़ने का संकल्प ब्रह्माकुमारी बहनों के समक्ष किया।

## झारखंड का विकास जेबीकेएसएस व जेएलकेएम के केन्द्रीय अध्यक्षक के हाथों ही संभव है : पनेश्वर महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के युवा मोर्चा केंद्रीय उपाध्यक्ष पनेश्वर महतो के द्वारा रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत ज़मीरा पंचायत का दौरा किया गया। केन्द्रीय उपाध्यक पनेश्वर कुमार महतो ने कहा की टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। तथा सभी संप्रदाय के लोगों को अभी साथ देकर टाइगर के हाथों को मजबूत करने की आवश्यकता है । क्योंकि झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है ।और इसमें झारखंड की स्पष्ट नीति के नहीं होने के कारण झारखंडी जनमानस एवं हक अधिकार आज अछूता महसूस कर रही है। रामगढ़ प्रखंड में जहां पर भी कमेटी गठित अभी नहीं हुआ है उसको बहुत जल्द कर लिया जाएगा । 2024 एक बदलाव का संकेत है। हर वर्ग के लोग टाइगर जयराम महतो के फैन हो चुके हैं। गांव, शहर, कस्बा, टोला, मोहल्ला में टाइगर जयराम महतो का विचार पहुंच चुका है। तथा कोशिश है की अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक इसकी विचारधारा को पहुंचाया जाए । ताकि झारखंड की नियोजन नीति, स्थानीय नीति ,विस्थापन नीति ,उद्योग नीति तमाम नीति को लागू करने में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो आदरणीय टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव हो सकता है।

## सावन अंतिम सोमवारी को सांकुल में भव्य भण्डारा का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** सावन के अंतिम सोमवारी,पूर्णिमा व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सांकुल पंचायत के प्राचीन शिव मंदिर में युवा समाज सेवी माही साहु के नेतृत्व में भव्य भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरीय कांग्रेसी नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी जय प्रकाश सिंह ननकी उपस्थित हुए। वहीं कमिटी के सभी युवा सदस्यों के द्वारा जेपी सिंह ननकी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य रूप उपस्थित वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि आज बड़ा ही पावन दिन है। सभी तरफ भक्ति-भाव का माहौल है सिंह ने सावन की अंतिम सोमवारी व भाई-बहन के अटुट प्यार व विश्वास के प्रतीक रक्षा बंधन के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मौके पर मुख्य रूप से माही साहु, राहुल साव, नवल साव, अरविंद साव, शशि साव, पप्पु साव, मुन्नु साव, विमल कुमार,रवि साव, कृष्णा साव, पिन्टु सिंह, अभिषेक सिंह, विकास सिंह,गोविंद कुमार, तुषार मिश्रा, प्रथम चौधरी, विशाल सिंह, सत्यम सिंह, सपन दास, अंकित सिंह, प्रिन्स कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लबों के निबंधन हेतु 25 अगस्त तक सभी प्रखण्ड मुख्यालयों में विशेष शिविर का होगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ मारकस हेम्ब्रम द्वारा जानकारी दी गयी है कि पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड, राँची एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला अंतर्गत दिनांक 20.08.2024 से 25.08.2024 तक सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लबों का सोसाइटी एक्ट अधिनियम 1860 के तहत निबंधन कराने हेतू सभी प्रखंड मुख्यालयों में कैम्प आयोजित किया गया है।कैम्प में निबंधन हेतु निम्न दस्तावेजों को लाना अनिवार्य है:- अध्यक्ष/सचिव द्वारा शपथ पत्र। (जिसमे 55/- का Adhesive Stamp लगेगा।) कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का मास्क आधार कार्ड।अध्यक्ष/सचिव द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (जिसमें ?20/- का dhesive stamp लगेगा।) कार्यालय का फोटो (अध्यक्ष/ सचिव का आवास) कार्यालय स्थाई पता हेतु अध्यक्ष/ सचिव का बैंक पासबुक, बिजली बिल, राशन कार्ड का छायाप्रति।कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का तीन सेट पासपोर्ट साइज फोटो के साथ।सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब के निबंधन प्रक्रिया कार्य में एप्लीकेशन फीस, नोटरी, बैनर, आवश्यक दस्तावेजों का छायाप्रति टाईपिंग कार्य एवं अपलोड करने हेतु शुल्क आदि से संबंधित व्यय के भुगतान हेतु प्रत्येक ग्राम स्तरीय गठित सिद्धो-कान्हु युवा खेल क्लब को अधिकतम ?800 /- रूपये मात्र की राशि विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

# 10 लाख का ईनामी नक्सली रामदयाल महतो ने किया पुलिस के सामने आत्मसमर्पण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह नक्सली पर रविवार शाम को झारखंड पुलिस को उसके खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. कुख्यात नक्सली और 10 लाख रुपये का इनामी रामदयाल महतो ने गिरिडीह पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है. यह एक सराहनीय कदम है, उसने अपने बेटे बैजनाथ महतो की भावनाओं की कद्र करते हुए यह कदम उठाया है. रामदयाल महतो ने मधुबन थाना क्षेत्र में रविवार को आत्मसमर्पण किया. बता दें कि कुछ दिन पहले गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने 10 लाख के ईनामी नक्सलीय राम दयाल महतो के परिजनों से मिले थे. वहीं उनके परिजनों के साथ बैठकर उससे सरेंडर कराने को कहा था. एसपी का यह प्रयास रंग लाया और उसने कुछ दिन बाद ही पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया.

**उसके खिलाफ 75 से अधिक मामले है दर्ज :-** रामदयाल महतो की नक्सल गतिविधियों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसके खिलाफ 75 से अधिक मामलों की जांच पड़ताल की जा रही है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, रामदयाल महतो के एक और नाम जो बच्चन दा के नाम से भी जाना जाता है, वर्षो से नक्सली संगठन के लिए यह काम कर रहा था. उसका पकड़ पीरटांड़, निमियाघाट, मधुबन, डुमरी और टुंडी जैसे क्षेत्रों में कई बड़े नक्सली घटनाओं को अंजाम दे चुका है. पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए कई बार छापेमारी की लेकिन हाथ नहीं लगा, और पुलिस की पकड़ से बाहर रहा. वह अक्सर अपने ठिकाने बदलता रहता था जो किसी को पता तक नहीं चलता था. रामदयाल महतो पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पीपराडीह गांव का स्थानीय निवासी बताया जाता है।

# जिला चैंबर का हाल : ना खाता न बही, जो बोले चेतन बाबा वही सही

## फुसबंगला चैंबर के इरफान खान ने उपायुक्त से की निष्पक्ष चुनाव की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स की चुनाव में इस बार फिर से नियमों की ध्वज्जियां उड़ रही है। इस चुनाव में वैसे चैंबर के पदाधिकारियों को नाम भी वोटर लिस्ट मं जोड़ गया है जहां न तो विधिवत चुनाव होता है और न ही निर्धारित शुल्क जमा किये जाते है। ऐसा ही एक वाक्या फुसबंगला चैंबर ऑफ कॉमर्स का है जिसमें दस वर्षो से न तो कोइ चुनाव हुआ है और न ही कोई आम सभा कर पुरानी कमेटी का एक्सटेंसन लिया गया है। इसके बाबजूद फुसबंगला चैंबर की अवैध कमेटी से तीन लोगों का नाम जिला चैंबर की वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है। फुसबंगला चैंबर के दूसरे गुट के लोगो ने धनबाद उपायुक्त से शिकायत कर चुनाव को स्थगीत करने की मांग की है जिससे जिला चैंबर में घमासान मचा हुआ है। इस





संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार धनबाद के व्यापारियों का संगठण फेडरेशन ऑफ जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में वर्ष 2024-26 का चुनाव आमामी 22 अगस्त को होना तय हुआ है। इस चुनाव में वोटींग के लिए जब सदस्यता सूची का आवेदन लिया गया तो फुसबंगला चैंबर से दो आवेदन चुनाव पदाधिकारियों के पास पंहुचा। जिसमें एक गुट में इरफान खान अध्यक्ष, शुभाशीष रॉय सचिव व शेख असलम कोषाध्यक्ष है जबकि दूसरे गुट में अवधेश मिश्रा अध्यक्ष, अरविंद कुमार सचिव और मोहम्मद वसीम कोषाध्यक्ष दिखाया गया। इसमें अवधेश मिश्रा अपने को वर्ष 2014 से ही अपने को फुसबंगला चैंबर का अध्यक्ष बता रहे है। साथ ही यह आरोप लगा रहे है कि इरफान खान और शुभाशीष रॉय की गुट अवैध रूप से फुसबंगला चैंबर को हैक कर लिया है। जबकि इस मामले में दूसरे गुट के इरफान खान का कहना है कि अवधेश मिश्रा की टीम ने 2014 में फुसबंगला चैंबर के गठण के बाद आगे की सत्र के लिए न तो कोई चुनाव किया और न ही कोई आम सभा कर पुरानी कमेटी का एक्सटेंसन लिया। यही नहीं अवधेश मिश्रा चैंबर की सदस्यता शुल्क भी नहीं देते। इस अधार पर उनका अध्यक्ष होना तो दूर की बात वे साधारण सदस्य भी नहीं है। जिसे देखते हुए हमने आम सभा बुलाकर पुरानी कमेटी को भंग करते हुए दो माह के अंदर फुसबगंला चैंबर में चुनाव कराने का निर्णय लिया है। लेकिन जिला चैंबर के निवर्तमान अध्यक्ष चेतन गोयनका द्वारा सारे आधारों को नकारते हुए दूसरे गुट को वोटाधिकार के लिए अनुशंसा कर दिए है जिससे जिला चैंबर में भूचाल मचा हुआ है।

# जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा ने की बैठक



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आगामी 23 अगस्त को मोहराबादी मैदान रांची में होने वाली ÷जन आक्रोश रैली÷ को सफल बनाने के लिए आज बहुउद्देशीय भवन कोयरीडीह में भाजपा कोयरीडीह मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो शामिल हुए।इस बैठक में 23 अगस्त भाजयुमो के द्वारा रांची में आयोजित जन आक्रोश रैली को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।इस बैठक में प्रभारी के रूप में भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष बॉर्डर भी उपस्थित रहें। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पवन पांडेय ने किया।बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामशंकर ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर मरांडी,मुखिया प्रतिनिधि मनोज महतो, महामंत्री डुगलाल महतो, रामदेव ठाकुर,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री अमरनाथ सिंह,अलसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष गुलाम रहबर, उप मुखिया संदीप कुमार, रीतलाल प्रसाद वर्मा, प्रयाग ठाकुर, गोल्डेन जायसवाल, दीपक साव, रोहित साव, उमेश वर्मा, गुरु गोबिंद वर्मा,पंचायत समिति सदस्य कार्तिक मरांडी, अरुण कुमार वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# डॉक्टर की हत्या के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** कोलकाता के आईजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या के विरोध आज यहां गिरिडीह की अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय और महासचिव चुन्नू कांत कर रहे थे। इसके पूर्व अधिवक्तागण जिला अधिवक्ता संघ भवन के समीप जुटे और वहां से जुलूस के शक्ल में जेपी चौक, कालीबाड़ी चौक, मकतपुर और डॉक्टर लेन होते हुए वापस जिला अधिवक्ता भवन पहुंचे ।

रास्ते में अधिवक्ता हत्यारे और दुष्कर्मी को फांसी की सजा की मांग कर रहे थे। साथ ही चिकित्सा एवं अधिवक्ता जैसे पेशेवर लोगों के संरक्षण और सुरक्षा की भी मांग कर रहे थे। बड़ी संख्या में सड़क पर उतरे अधिवक्ताओं में उस घटना को लेकर भारी रोष देखा गया। इस अवसर पर संघ के महासचिव चुन्नू कांत ने कहा की पेशेवरों की सुरक्षा और संरक्षण की जवाब देगी देश और राज्य की सरकार की होती है ।

ऐसे में ड्यूटी पर गए एक चिकित्सक के साथ न केवल दुष्कर्म हुआ बल्कि उसकी हत्या कर दी गई ।यह घटना कोई सामान्य बात नहीं, बल्कि ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। रिसोर्स पर अध्यक्ष प्रकाश राय ने भी घटना की निंदा की ओर का फर्स्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर अपराधी को सजा मिलनी चाहिए।

कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा काफी संख्या में महिला अधिवक्ता थी जिसमें प्रमुख रूप से अधिवक्ताओं उर्मिला शर्मा, कामना सहाय, मीता ठाकुर, तृप्ति रंजन अमृता सिंह अधिवक्ता दशरथ प्रसाद ,सूरज नयन ,अभय कुमार, स्वप्निल कुमार, सुबोनील सामंता 0, राजीव सिंहा ,राजीव कुमार, उदय कुमार सिंह मिथिलेश सिंह, शैलेश कुमार पांडे ,मनीष मंडल, कौशलेंद्र कुमार, संजीत वर्मा ,बब्बन खान, विराज कुमार ,दीपक शर्मा ,प्रवीण साह अजीत सिंह, प्रमोद कुमार जगन्नाथ मंडल, सुनील कुमार मिश्रा शैलेश कुमार, भोला प्रसाद रामलाल कुमार रंनदलाल गोप आदि लोग उपस्थित थे।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा मासूम बच्चों की जिंदगी के साथ कर रहा खिलवाड़

# कभी-भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्कूल की जर्जर दिवार दे रही है हादसे को दावत। मामला है टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा का। वर्षो पुरानी बिल्डिग को रिपेयरिंग कर काम चलाया जा रहा है। बच्चो के लिए हर रोज हादसे का सबब बना हुआ है। पुरानी दिवार पर प्लास्टर लगा कर नया दिखाने की कोशिस की जा रही है लेकिन पुरानी दिवार भी साथ छोड़ रही है और लगे प्लास्टर गिर रहे हैं। जामाडोबा टाटा डीएवी स्कूल के मुख्य मार्ग के गेट के सामने कभी भी दिवार में लगी प्लास्टर गिर सकती है। लोगो का कहना है की कई बार प्लास्टर गिरा है लेकिन उस समय कोई बच्चा नहीं था। अगर बच्चा होता तो कोई बड़ी घटना घट सकती थी। लोगो का कहना है की मासूम बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिससे कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। बरसात के दिनों में आम दिनों से ज्यादा प्लास्टर गिरने का खतरा बना रहता है। लोगो का कहना है की स्कूलों को हाईटेक और मॉडर्न बनाने का दावा मुह चिढ़ाने का कार्य कर रही है। ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चो की सुरक्षा भगवान भरोसे है। बरसात का मौसम है, ऐसे में जर्जर भवनों पर खतरा मंडराने लगा है। प्रबंधक को समय रहते ध्यान देने की ज़रूरत है। भविष्य में बड़ी घटना हो सकती है और इसका खामियाजा मासूम बच्चो को भुगतना पड़ेगा।

# सीएमआरआई के पूर्व वैज्ञानिक का हुआ निधन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा मेन हॉस्पिटल जामाडोबा के मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ अलोक कुमार के पिता व सीएमआरआई के सेवानिवृत वैज्ञानिक और तीन बार राष्ट्रपति एवॉर्ड प्राप्त ललित मोहन प्रसाद का देहांत टाटा अस्पताल जामाडोबा में हो गया। वो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वो अपने पीछे पत्नी मंजू प्रसाद, डॉ आलोक और एक पुत्र अमर जो साउथ अफ्रीका में इंजीनियर है, बहु डॉ कोमल सिंह को छोड़ गए। डॉ आलोक ने बताया कि हमारे पिता वैज्ञानिक थे और उनकी उम्र लगभग 83 वर्ष हुई थी और वर्ष 2001 में वे सीएमआरआई से रिटायर्ड किए थे। शोक की खबर सुनकर टाटा कंपनी के अधिकारियों और यूनियन प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंच कर परिवार को संतावना दिए। डॉ आलोक के पिता की मृत्यु पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भी गहरा शोक व्यक्त प्रकट किया और इस दुःख की घड़ी में पूरे परिवार को संतावना दिए।



# अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के सुप्रसिद्ध शिवालय बाबा नंदानाथ के दरबार में आज अंतिम सोमवार को बाबा के प्रति श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा करीब तीन हज़ार भक्तों के द्वारा जल अर्पित करने का अनुमान है। बताया जाता है कि टुंडी मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित बाबा नंदानाथ के सत्यता को लेकर गिरिडीह एवं धनबाद से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं एवं मन्नतें मांगते हैं जो कि बाबा की दया से बहुतों का मन्नतें पूरी भी की गई है। आज़ अंतिम सोमवार को बड़ों के साथ बच्चों को भी जल अर्पित करते देखा गया।

# ट्यूमर की सफल सर्जरी पर परिजन ने असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेन्द्र सिंह व चिकित्सकों का जताया आभार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** हाल ही के दिनों में असर्फी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने एक महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। असर्फी हॉस्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विवेक डोकानिया ने केन्दुआ, खैरा 4 नंबर निवासी 20 वर्षीय युवती के गले के मुखर गर्भनाल में खून के कोशिकाओं का ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया है। युवती को बोलने, खाने एवं सांस लेने जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिसके कारण उसके परिजनों ने उसे असर्फी हॉस्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विवेक डोकानिया से संपर्क कर अपनी समस्या बताई। असर्फी हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. विवेक द्वारा प्रारंभिक जाँच के बाद, यह स्पष्ट हुआ कि युवती के मुखर गर्भनाल के ऊपर ट्यूमर था जो खून की नली में आ रहा था जिसके कारण युवती का आवाज़ बदल गया था और उन्हें खाने, सांस लेने में काफी कठिनाई हो रही थी। डॉ. विवेक ने उन्हें तत्काल ऑपरेशन कराने की सलाह दी। डॉ. विवेक डोकानिया, डॉ. प्रिया भाटिया और उनकी टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करके माइक्रोलेरिंजियल कोब्लेशन द्वारा ऑपरेशन कर ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला और मरीज को अब बोलने, खाने एवं सांस लेने में कोई कठिनाई नही हो रही है। परिजनों ने इस दौरान असर्फी हॉस्पिटल द्वारा प्रदान की गई सेवाओं, चिकित्सकों की विशेषज्ञता और स्टाफ की देखभाल की विशेष रूप से सराहना की है। वहीं असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेन्द्र सिंह ने चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि अस्पताल के प्रसिद्ध चिकित्सकों ने इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया है। अस्पताल के चिकित्सकों एवं उनकी टीम की मेहनत और समर्पण ने असर्फी हॉस्पिटल को इस उपलब्धि तक पहुँचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि असर्फी हॉस्पिटल नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ रोगियों की देखभाल और उपचार में अग्रणी है। हम चिकित्सा क्षेत्र में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विवेकानंद सेवा बस्ती के बच्चों के साथ मनाया रक्षा बंधन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चलो बांधे रक्षा सूत्र उनको जिनके जीवन में आज भी अंधकार है के ध्येय के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपर्क विभाग युवा श्रेणी धनबाद महानगर द्वारा रक्षा बंधन का आयोजन विवेकानंद सेवा बस्ती में वनवासी समाज के बच्चों के कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनके शैक्षणिक उत्थान कर सुखी, समृद्ध व सुरक्षित जीवन के संकल्प के साथ धनबाद के युवाओं द्वारा रक्षा बंधन मनाया गया। आपको बता दें कि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा मनाए जाने वाले 6 प्रमुख पर्वों में एक रक्षा बंधन भी है। जिसे युवा श्रेणी के स्वयंसेवकों ने सेवा बस्ती में मनाया। संपर्क विभाग युवा श्रेणी द्वारा राखी बांध एवं बंधवा के सेवा बस्ती के भइयो व बहनों के रक्षा का संकल्प भी लिया गया। मौके पर संस्कार कश्यप, रेनू गुप्ता, रोहित भारती, जयेश तिवारी, सुप्रियो पॉल, तुषार कश्यप आदि उपस्थित थे।

# साथी फाउंडेशन संस्था में एथलीट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रक्षाबंधन के अवसर पर मूसा मेमोरियल ट्रस्ट नया बजार के सौजन्य से साथी फाउंडेशन संस्था मे एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को दो ग्रुप में बाटा गया था। सीनियर ग्रुप में 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, बोरा रेस, चम्मच गोली रेस और सुई धागा का रेस का आयोजन किया गया। वहीं जूनियर ग्रुप में 200 मीटर दौड़, रुमाल रेस इन सब खेल का आयोजन हुआ, जिसमें संस्था के लगभग 80 से 100 बच्चो ने भाग लिया। हर ग्रुप में तीन पुरस्कार से बच्चों को सम्मानित किया गया। खेल समाप्त होने के बाद साथी फाउंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम ने अपने हाथो से सदर एवं मूसा मेमोरियल ट्रस्ट के सभी सदस्य को पेन दे कर सम्मानित किया। उस के बाद विजेताओं को पुरषकृत किया गया। साथ ही इरफान आलम एवं उनके संस्था के शिक्षको को भी सम्मानित किया गया। मौके पर मूसा मेमोरियल ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं गौसिया मस्जिद भट्ठा मोहल्ला के सदर अफजल इमाम खान, समाजिक कार्यकर्ता अल्तमश आलम, मो आसगर आदि मौजुद थे।

# आप नेता कृष्ण मुरारी शर्मा ने थामा झामुमो का दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखण्डी अस्मिता और झारखण्डियत की रक्षा के लिए झामुमो की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने अपने कई समर्थको के साथ गिरिडीह सदर विद्यायक श्री सुदिव्य कुमार के समक्ष झामुमो का हाथ थाम लिया। मौके पर सदर विधायक ने पुरी टीम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पार्टी को आन्तरिक बल मिलेगा और सरकार की नीतियों को लेकर जन सह भागिता भी बढ़ेगी।

सदस्यता ग्रहण के दौरान कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए झारखण्ड में सक्रिय राजनीति का भागीदार बनना समय की मांग है। हमें अपने जल, जंगल जमीन और झारखण्डी अस्मिता पर बाहरी हस्तक्षेप हर हाल में रोकना है और इसके लिए दिशोम गुरू शिबू सोरेन के मार्गदर्शन के बिना इसे पूरा करना कठिन है। इसलिए आज उन्होंने अपने सभी साथियों के साथ झामुमो के साथ कंधे-से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने का फैसला लिया। उम्मीद है आनेवाले समय में भी पार्टी जनभावनाओं की कसौटी पर खरी उतरेगी। झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने सभी लोगों को झामुमो की सदस्यता दिलाई। पार्टी में शामिल होने वाले रोजन अंसारी, गौरीशंकर यादव, कासीम अंसारी, आशीष भदानी, तेजनारायण महतो, तैयब अंसारी, परवेज आलम, रूस्तम अंसारी, मुशर्रफ हुसैन, सकलदेव यादव , मेहबूब अंसारी, विलास महतो, लोकनाथ महतो, सहदेव ठाकुर, संतोष राय, बुधन सोरेन, मो शाकिद अंसारी, मो निजाम, मो इम्तियाज अंसारी, मो उस्मान, मो सुलेमान अंसारी , रमेश कुमार सहित गोपाल शर्मा आदि कई लोग मौजूद थे।

# सीतामढ़ी और सहरसा से आनंद विहार के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा सीतामढ़ी एवं सहरसा से आनंद विहार टर्मिनल के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया गया है। गाड़ी संख्या 04022/04021 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक अप एवं डाउन दिशा में 22-22 फेरे लगाएगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 04032/04031 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल 17.08.2024 से 01.11.2024 तक 55-55 फेरे लगाएगी ।

1. गाड़ी संख्या 04022/04021 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशलग्गाड़ी संख्या 04022 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी समर स्पेशल दिनांक 16.08.2024 से 30.10.2024 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को संचालित की जाएगी । आनंद विहार टर्मिनल से यह ट्रेन 11.40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 15.45 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04021 सीतामढ़ी-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल सीतामढ़ी से प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार को 18.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 18.05 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, गाजीपुर सिटी, औडिहार, वाराणसी जं., मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद स्टेशनों पर रूकेगी । इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 कोच लगेंगे ।

2. गाड़ी संख्या 04032/04031 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशलग्गाड़ी संख्या 04032 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा समर स्पेशल दिनांक 17.08.2024 से 31.10.2024 तक बुधवार एवं शुक्रवार को छोड़कर प्रति दिन आनंद विहार टर्मिनल से 05.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10.30 बजे सहरसा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04031 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल सहरसा से 18.08.2024 से 01.11.2024 तक गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर प्रति दिन 13.00 बजे प्रस्थार कर अगले दिन 16.10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन गढ़ बरूआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी, दरभंगा, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, गोडा, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद स्टेशनों पर रूकेगी । इस ट्रेन में वातालुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 कोच लगेंगे ।

## खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है : नमन बिक्सल कोनगाड़ी

# जीवन में सफल होने का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र अनुशासन हम खेल से सीखते हैं : विधायक कोलेबिरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत जलडेगा के पैरिश मैदान में जलडेगा भिखरियेट के बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुऐ कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी आज 19 अगस्त को जलडेगा भिखरियेट के सभी सात पैरिश के बालक-बालिका फुटबॉल टूर्नामेन्ट का आयोजन युथ कैथोलिक समिति जलडेगा भिखरियेत ने किया। कोलेबिरा बिधानसभा छेत्र अंतर्गत जलडेगा प्रखंड के पैरिश मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच की शुरुआत विधायक ने बॉल किक करके किया।प्रतियोगिता पुरूष एवं महिला दोनों वर्गों के लिए आयोजित किया गया,जिसमे सभी सातों पैरिश के टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबले में जलडेगा पैरिश की टीम ने कुटुंगिया पैरिश को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को खस्सी और जर्सी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि खेल मानव जीवन के मनोरंजन का एक बहुत अच्छा और आसान साधन है, जिसके माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ स्वस्थ भी बेहतर रहता है। बिधायक कोनगाड़ी ने नशापान से होनेवाले हानि को बताते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक किया।नशा के बारे में बताते हुए कहा के खेल से स्वास्थ्य ठीक रहता है।खेल खेलने के लिए मुख्य रूप से शरीर की छमता और स्टैमिना की जरूरत पड़ती है।अगर आपका शरीर कमजोर रहेगा, आपके पास स्टैमिना नही होगी तो आप कोई भी खेल अच्छे तरीके से नही खेल पायेंगे। चूँकि स्टैमिना और स्वास्थ्य दोनों को नशा बुरी तरीके से प्रभावित करता है। नशा से दुर रहने का प्रयास करने की बात बिधायक ने कही। आगे बिधायक ने बताया कि 2019 में झारखंड में पहली बार आप सभी के सहयोग से जनमानस की अपनी सरकार बनी है।सभी झारखंड वासियों के विकास के लिए आपकी अपनी सरकार कई महत्वपूर्ण योजना चला रही है।इस योजना का लाभ लेने के लिए खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी जागरूक होना होगा।अभी हमारी सरकार राज्य के सभी माताओं बहनों को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके बैंक खातों में हरेक महीने 1000 रुपये देने की योजना शुरू कर दी है।सभी 50 वर्ष से ऊपर के हमारे अभिभावकों को भी हरेक महीने 1000 रुपये सहयोग राशि देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खेल के क्षेत्र में बेहतर नौकरी के अवसर मिल रहे हैं। हमारी सरकार खेल के प्रति संवेदनशील है और खेल को प्रोत्साहन करने का काम कर रही है। खेल के माध्यम से नौकरी देने का काम हमारी सरकार कर रही है। अन्य कई तरह की खेल एवम खिलाड़ियों के विकास से सबंधित योजनाओं का सफल किर्यान्वियन हमारी, आपकी सरकार कर रही है। विधायक ने वहां उपस्थित लोगों को खुशखबरी देते हुए कहा कि जलडेगा के इस मैदान में 20 से 25 दिन के अंदर ही स्टेज सह चबूतरा का निर्माण शुरू हो जाएगा।जो उन्होंने अपने बिधायक मद से स्वीकृत किया है। चुँकि पुर्व के विधायक झापा(एनोस एक्का परिवार पार्टी) के एनोस एक्का 14 वर्षो तक इस कोलेबिरा बिधानसभा छेत्र के विधायक रहे हैं।वे अपने आपको बिकास पुरुष का झुठा तमगा लेकर घूम रहे हैं।लेकिन उनके बिधायिकी कार्यकाल मे बिकास की बात तो छोड़ दीजिए,पहले से किये जा रहे कार्यो को भी ढंग से सुचारू रूप से जारी नही रख पाए।अपितु पुरे बिधानसभा को लुट कर खंडहर बना दिया। जिसके चोरी के आरोप में एनोस एक्का को माननीय न्यायालय ने सजा भी सुनाई है।अब मैं अपने कार्यकाल में उन खंडहरों को दुरुस्त करने में लगा हुआ हूं।कुछ कार्य हुए हैं, कुछ कार्य हो रहे हैं और ईमानदारी से कहूँगा कि कुछ कार्य बाकी हैं। लेकिन आगे आप सभी का सहयोग और परमेश्वर का आशीर्वाद मिला तो निश्चित रूप से एनोस एक्का द्वारा निर्मित उन खंडहरों को महल में अवश्य बदलूँगा।

## रक्षाबंधन और सोमवरी को लेकर मंदिरो में उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़, बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में सावन की आखिरी सोमवारी तथा रक्षाबंधन को लेकर सुबह से ही मंदिर तथा शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी वही लोग रक्षाबंधन को लेकर सुबह से ही पूजा पाठ में लीन रहे सावन की आखिरी सोमवारी होने के साथ मंदिरों में भी काफी भीड़ देखी गई। इस दौरान कई मंदिरों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंदिर परिसर में काफी विधि व्यवस्था की गई थी। पूजा पाठ के साथ-साथ जिले भर के कई ऐतिहासिक मंदिरों में अखंड हरी कीर्तन का भी आयोजन किया गया था इस दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन मंदिर परिसर में किया गया जहां लोगों ने पूजा अर्चना के बाद भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। सोमवार को रक्षाबंधन को लेकर बड़ी धूम रही इस दौरान बहनों ने अपने भाई कलाई पर राखी बांधकर आशीर्वाद लिया तो वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों के लिए हमेशा साथ निभाना का संकल्प लिया है। बताते चलें राखी के इस पावन अवसर का इंतजार बहने सालो भर करती है जिसमे सबसे ज्यादा उत्साहित छोटे-छोटे बच्चियों होती है क्योंकि त्योहारों का उल्लास इन छोटे बच्चों से बेहतर कोई नहीं जान सकता मान्यता है की हिंदू धर्म में रक्षाबंधन का काफी बड़ा महत्व है। यह त्योहार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक होता है। इस दिन सभी बहनें अपने भाईयों की लंबी उम्र के लिए उनके कलाई पर राखी बांधती हैं बदले में भाई हमेशा बहन की सुरक्षा करने का वचन देते हैं साथ में उपहार स्वरूप भी कुछ न कुछ भेंट देते है।सोमवार को सुबह के समय भद्रा नक्षत्र थी इसकी वजह से रक्षाबंधन का त्योहार दोपहर 1 बजकर 30 मिनट के बाद मनाया गया राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर के 1 बजकर 30 से लेकर रात के 9 बजकर 6 मिनट शाम का शुभ मुहूर्त 6:56 बजे से लेकर रात के 09:07 बजे तक का था।इस दौरान राखी बांधने से पहले बहन को रोली या चंदन से भाई का चंदन से तिलक कर मस्तक पर अक्षत लगाने के पश्चात हाथों की कलाई पर राखी बांधी ज्योतिष्यों का मानना है की 21 दिन तक कलाई पर बांधकर रखनी चाहिए प्रयास किया जाना चाहिए कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक हाथो में राखी बंधी रहे।

## जिप सदस्य संदीप कुमार ने फ्रेंडशिप क्लब किस्को फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को फ्रेंडशिप क्लब किस्को के द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ उद्घाटन समझ में मुख्य रूप से उद्घाटन करता के तौर पर जिला परिषद सदस्य किस्को सह कांग्रेस पंचायती राज के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता हुए शामिल। उद्घाटन मैच में मिनी स्टार बनाम ब्लैक आर्मी के बीच मैच खेली गई जिसमें ब्लैक आर्मी विजय हुई। इस मौके पर संदीप गुप्ता ने कहा खेल युवाओं के लिए बेहतर कल का एक मंच है अनुशासन के साथ खिलाड़ी मैच खेले तो अपने उज्जवल भविष्य बना सकते है। इसके साथ में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थाना प्रभारी किसको हर्षवर्धन सिंह ने कहा युवा नशा से दूर अपने समाज को बेहतर बनाने के लिए खेल विवेक माध्यम है जिसे अनुशासन के साथ खेल और अपना भविष्य बनाएं फ्रेंडशिप क्लब के अध्यक्ष असलम अंसारी ने कहा फुटबॉल का खेल ग्रामीण क्षेत्र के लिए आने वाले कल का निर्माण करती है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से निकल अपनी प्रतिभा दिखाने का काम करते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष संदीप गुप्ता, थाना प्रभारी किस्को हर्षवर्धन सिंह, फ्रेंडशिप क्लब के अध्यक्ष असलम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, नुसरत अंसारी, सिद्धू कान्हु प्रखंड अध्यक्ष मनौवर आलम, मुमताज अली हैदर (फैजी), उल्फत अंसारी, अख्तर अंसारी (खुदी), मनीष उरांव, अशोक उरांव, जसीम अंसारी तबारक अंसारी, जिसान अंसारी, असलम अंसारी, एजाज अंसारी, राजा राम आदि उपस्थित थे।

## मंईयां सम्मान की बात करने वाली सरकार के राज्य में अंधेरे में राखी बांधने को विवश है बहने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सूरज की तरह चमकती रहो, फूलों की तरह महकती रहो, यही दुआ है इस भाई की, कि जिले के सभी मां और बहाने हमेशा खुश रहे द्य पूरे देश में रक्षाबंधन और गुमापुनी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। धागे की डोर से रिश्तों को मजबूत करने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार जिले के ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय के लोग उतनी खुशी और उत्साह के साथ नहीं मना पा रहे हैं, जितना मानना चाहिए था। कारण पिछले 24 घंटे से प्रखंड मुख्यालय में अंधेरा छाया हुआ है, ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण रक्षाबंधन का त्योहार फीका फीका नजर आ रहा है। बहने अंधेरे में अपनी भाइयों की कलाई में राखी बांधने के लिए विवश है। कुव्यवस्था के इस दौर में प्रखंड मुख्यालय के लोगों का दर्द ना तो विधायक समझ रहे हैं, और ना ही प्रशासनिक अधिकारी। एक और जहां सरकार मईयां सम्मान योजना का व्यापक रूप से प्रसार प्रसार कर रही है वहीं दूसरी ओर ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय की मईया और बहने कुव्यवस्था का दंश झेलते हुए अंधेरे में रक्षाबंधन का त्योहार बनाने को विवश है, आखिर इन्हें कब सम्मान मिलेगा। झारखंड पार्टी जिला प्रशासन एवं बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग करती है कि प्रखंड मुख्यालय के खराब पड़े ट्रांसफार्मर को अभिलंब मरम्मत करते हुए लोगों को हो रही परेशानी को दूर करने का कार्य करें उन्होंने कहा कि अगर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो पार्टी के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## लोहरदगा जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस का जिला उपाध्यक्ष बनाए गए कमरुल इस्लाम



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कमरुल इस्लाम पिता शेख मुस्लिम अंसारी ग्राम पंचायत पंडरा प्रखंड कुडू जिला लोहरदगा को मोमिन कॉन्फ्रेंस का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इनके कुशल क्षमता कार्य कुशलता एवं समाज के प्रति को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई द्य इस मौके पर कमरुल इस्लाम ने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस ने समाज के प्रति जो उम्मीद और भरोसा जताया है उस पर मैं खरा उतारने का कोशिश करूंगा। मुबारकबाद देने वालों में लोहरदगा जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष जनाब हाजी सिकंदर साहब, उपाध्यक्ष मास्टर सबारत अंसारी साहब, वरीय महासचिव मुजम्मिल अंसारी, कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, मनान अंसारी, मुनीम अंसारी, हलीम अंसारी, परवेज आलम, इनके साथ सैंकड़ो लोग शामिल हैं।

## दुर्गा वाहिनी बहनों ने जिला उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण को बांधी राखी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में बजरंग दल के नेतृत्व में दुर्गा वाहिनी बहनों के द्वारा लोहरदगा जिला के उपायुक्त महोदय डॉ0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण जी को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार बहुत ही धूमधाम से उपयुक्त आवास में बनाया गया। मौके पर बजरंग दल पूर्व जिला संयोजन सचिन कुमार साहू, संघ नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार, बजरंग दल सदस्य मनोज कुमार साहू, दुर्गा वाहिनी अनन्या कुमारी, कुमारी अंतरा, अनुष्का कुमारी, राजनंदनी कुमारी, तान्या जयसवाल उपस्थित थे।

## अविराम में सावन महोत्सव आयोजित ममता टोप्पो बनी सावन की रानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज और अविराम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंसी के द्वारा संयुक्त रूप से सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया जिसके पश्चात रैंप वॉक, प्रतिभा प्रदर्शन, मेंहदी, चूड़ी, हेयर स्टाइल आदि की विजताओ को चुना गया। सावन की रानी ममता टोप्पो को मिक्सर ग्राइंडर, खुशबू को इलेक्ट्रिक केतली बेस्ट हेयर स्टाइल के लिए, शबनम को चूड़ी के लिए प्रेस, कलावती को कॉस्ट्यूम के लिए वाटर बॉटल, तथा मेहंदी के लिए काजल, और विशेष सहयोग हेतु रेणुका महतो, सरिता, नमिता, मालती आदि को प्राचार्य प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा पुरस्कृत किया गया और बताया गया कि ऐसे कार्यक्रमों से स्टाफ को अपनी विविध प्रतिभाये दिखाने, खुशी मनाने का अवसर मिलता है और सचिव इंद्रजीत कुमार सर जैसे अभिभावक की छत्र छाया में अविराम में कार्यरत और पढ़ने वाली सभी महिलाओं के लिए यह सुरक्षित स्थल बन गया है जहां हमे पूरी आजादी मिलती है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में कार्य करने वाली रेजा बहनों अनीता, सुलेखा, मीना आदि को भी सम्मिलित किया गया जिन्हे लंच बॉक्स दिया गया। सभी के लिए सुस्वादु जलपान और भोजन का आयोजन किया गया था और पौधा प्रदान कर कार्यक्रम का हर्षोल्लास के साथ समापन किया गया।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर 8 घंटे के अखंड हरी कीर्तन का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के भट्टखिजरी पंचायत अंतर्गत ग्राम मुंदो में सावन के पांचवें सोमवार तथा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर ग्रामीणों ने गांव के ही शिव मंदिर प्रांगण में 8 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया।इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। बताते चले की मुंदो में 2003 में शिव मंदिर का निर्माण किया गया था जिस समय से लगातार 21 वर्षो से अखंड हरी कीर्तन का आयोजन सावन महीने में नियमित रूप से करते आ रहे हैं।वही सोमवार को सावन महीना के अंतिम दिन सोमवार को पंडित त्रिपुरेश्वर पाठक के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया।तथा प्रातः 8 बजे अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ की गई जो की संध्या 4 बजे हवन एवं पूर्णाहुति के साथ संपन्न की गई।इस दौरान मंदिर समिति की ओर से ढोलक वादक ललन साहू के सुर ताल हरे राम,हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे से वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर राजकुमार साहू, बलराम साहू, राजू साहू, सागर साहू, अजय साहू, रामेश्वर साहू, प्रह्लाद साहू, बबलू साहू, सुनील, सत्यम साहू, उदित, आदित्य, दिनेश, रघुनंदन साहू, विनोद साहू, प्रेम साहू के साथ भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लगातार हो रही बारिश से सिजांग ग्राम निवासी विधवा मागदली लुगुन का गिरा घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के बरसलोया पंचायत के सिजांग गांव निवासी मगदली लुगुन पति स्वर्गीय ठुडु लुगुन का घर लगातार हो रही बारिश के वजह से ढह गया,अब मागदली लुगुन को भारी कठिनाई हो रही है,बरसलोया सिजांग ग्राम निवासी समाजसेवी राजकुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मागदली लुगुन अत्यंत ही गरीब और असहाय है, उनके पति और बेटे का निधन पूर्व में ही हो चुका है और वह बिल्कुल अकेली है और उसके पास रहने के लिए दूसरा कोई और आवास नहीं है,लगातार हो रही बारिश से उसका मिट्टी के घर का दिवाल पूरी तरह से ढह गया,लाचार और विवश मगदली लुगुन प्रखंड प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगा रही है।

## रमेश राय उर्फ गुड्डू ने अध्यक्ष पद पर ठोकी ताल, समाज की सेवा मेरा लक्ष्य



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति जिला चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के लिए रमेश राय उर्फ गुड्डू ने पेपर खरीद कर अपनी दावेदारी पेश की। अभी तक अध्यक्ष पद एवं कोषाध्यक्ष के लिए एक एक पेपर की बिक्री हुई है। ज्ञात हो की अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव होना है पेपर की खरीदिगी तथा जमा 28 अगस्त तक करनी है। अब देखना यह है कि कितनी उम्मीदवारों की एंट्री होती है हर पद के लिए एक उम्मीदवार की आवश्यकता है परंतु अगर उम्मीदवारी अधिक हो तो फिर मुकाबला दिलचस्प होगा। रमेश राय उर्फ गुड्डू ने कहा समाज की सेवा हमारा धर्म है और उसे हम लक्ष्य बनाकर चलते हैं।

## श्रावण पूर्णिमा एवं अन्तिम सोमवारी पर शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर श्रृद्धालुओं मे उत्साह

### रक्षा-बन्धन पर बहनों ने भाईयों को बांधी राखी, उतका शिव मन्दिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** वर्ष की पवित्र महीना श्रावण एवं महिने के अंतिम सोमवार को लेकर प्रखंड के विभिन्न देवालय, शिवालय मे 19 अगस्त सोमवार को अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का शिव जलाभिषेक को लेकर दिखाई दिया उत्साह। इस अवसर पर प्रखंड को खरता कोयल किनारे स्थित मनोकामना भोलेनाथ मन्दिर,सढ़ाबे शिव मंदीर,कैरो नर्मदेश्वर शिव मंदिर, गजनी वनखंडि शिवधाम मे आज सुबह-सुबह से ही श्रद्धालुओं मे जलाभिषेक को लम्बी कतार लगी रही। श्रावण पूर्णिमा के रक्षा बन्धन मे वहनो ने शिवालयों मे पुजा अर्चना के बाद भाईयों के कलाईयों में राखी बान्धकर ईश्वर से भाईयों के हर विपदाओं से रक्षा की कामना की। पूर्णिमा के शुभअवसर पर कैरो के उतका शिवमंदिर मे पुरोहित कौशल कान्त त्रिपाठी जी के द्वारा विधिवत् पुजा अर्चना के बाद आयोजन समिति की और से 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया उक्त आयोजन 19 अगस्त को 9:00 पूर्वाह्न प्रारंभ होकर 20 अगस्त को पूर्वाह्न 9:00 बजे समाप्त होगी। इस आयोजन मेंउतका, कैरो, खन्डा, नरौली, गजनी, सुकुरहूट्ट, तान, जिंगी, शिशई, चिपो, गोके, कोटपाली, हुरहूरी, करकरी, भैंसादोन, विजुपाड़ा, कुल 16 गाँवो के कीर्तन मंडली ले रहे हैं भाग। मौके पर आयोजन समिति के विपिन सिंह, राजु सोनी, डा0 भोला प्रसाद, रवि प्रजापति, बजरंग सोनी, सुनील तिवारी, रंजन प्रसाद, नारद पांडे, अनिल पांडे इत्यादि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म घटना को अंजाम देकर फरार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र में हुई दुष्कर्म घटना की सूचना पर फरार आरोपी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत भेजा जेल। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र में बीते 9 अगस्त को नाबालिक बच्ची को हवस का शिकार बना आरोपी फरार हो गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिक बच्ची अपने घर से गांव में ही किराना दुकान से सामान खरीदने गई थी। इसी दरमियान रास्ते में गांव के तुरूवा उराँव के पुत्र सीताराम उराँव ने नाबालिक बच्ची को चाकू दिखा अपने घर ले जाकर दुष्कर्म घटना को अंजाम दे फरार हो गया था। घटना की सूचना बच्ची के परिजनों को मिलते ही सेन्हा थाना को अवगत करा कानूनी सहायता तथा आरोपी के विरुद्ध कारवाई का गुहार लगाया। दुष्कर्म घटना की सूचना पर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपी के गिरफ्तारी में जुट गई थी। थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि फरार आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर नियम संगत कार्यवाही करते हुए सोमवार को आरोपी सीताराम उराँव को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

## मोटरसाइकिल चोरी मामला में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीठीयो से अज्ञात अपराधियो द्वारा घर के आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया गया। वाहन मालिक ने सेन्हा थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज। सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो ग्राम निवासी बहादुर साहू के पुत्र उपेंद्र कुमार साहू के घर से अज्ञात अपराधियो ने खड़ी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले भागा। घटना की जानकारी सेन्हा थाना को लिखित देते हुए भंडरा निवासी कलिंदर साहू के 30 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार साहू ने कहा कि 16 अगस्त को अपने फूफा उपेंद्र कुमार साहू के घर सीठीयो अपाची मोटरसाइकिल जे एच 01 ई एल 4924 से गए हुए थे। और देर शाम खाना खा कर सो गए थे। जब दूसरे दिन 17 अगस्त को सुबह लगभग 6:00 बजे उठे तो देखा कि घर में खड़ी अपाची मोटरसाइकिल नही है तो छानबीन अपने स्तर से काफी किया परंतु मोटरसाइकिल का पता नही चलने पर संदेह हुआ कि किसी अज्ञात अपराधियों के द्वारा गाड़ी चोरी कर लिया गया है।

## लोहरदगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखेर भगत ने प्रदेश अध्यक्ष से की शिष्टाचार मुलाकात



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से लोहरदगा के कांग्रेस जिला अध्यक्ष सूखैर भगत ने दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के लिए कार्यकर्ता ही रीढ़ होते है। ऐसे में संगठन और कार्यकर्ता ही उनके लिए सर्वोपरि है। कार्यकर्ताओं की सुख-दुख में वे हमेशा उनके साथ है। कार्यकर्ता कभी भी किसी समस्या को लेकर उनसे मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता है। इससे पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूखैर भगत ने बुके देकर नवनियुक्त प्रदेश का स्वागत किया। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन श्री रविन्द्र सिंह,मदन मोहन शर्मा, नरेंदर कुमार, गोपी उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



### चलते चलते एक नजर

## प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 अगस्त तक पोलैंड और यूक्रेन के दौरे पर

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह दो देशों पोलैंड और यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा इस दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है कि वर्तमान में यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा पर रूस गए थे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तनमय लाल ने विदेश मंत्रालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में बताया कि पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह 21 और 22 अगस्त को पोलैंड की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 45 साल बाद पोलैंड की यात्रा है। यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह एक ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि हमारे राजनयिक संबंध स्थापित होने के 30 से अधिक वर्षों में यह पहली बार होगा कि कोई भारतीय प्रधान मंत्री यूक्रेन का दौरा करेगा। यह यात्रा नेताओं के बीच हाल की उच्च स्तरीय बातचीत पर आधारित होगी। यूक्रेन संघर्ष पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में सचिव (पश्चिम) ने कहा कि भारत की इस पर बहुत स्पष्ट और सुसंगत स्थिति है कि कूटनीति और बातचीत ही संघर्ष को हल कर सकती है और इसी से स्थायी शांति हो सकती है। भारत का मानना है कि स्थायी शांति केवल दोनों पक्षों को स्वीकार्य विकल्पों के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है और इसके लिए बातचीत नितांत आवश्यक है। इसके लिए भारत सभी हितधारकों के साथ जुड़ाव जारी रखे हुए है। यात्रा के परिणाम पर उन्होंने कहा कि भारत और यूक्रेन के नेताओं के बीच चर्चाओं का परिणाम क्या होगा, इसका अनुमान लगाना या पूर्वाग्रह करना हमारा विषय नहीं है। प्रधान मंत्री मोदी ने रूस और यूक्रेन दोनों के नेताओं के साथ बातचीत की है और प्रधान मंत्री ने हाल ही में रूस का दौरा भी किया है। भारत इस जटिल मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान खोजने में मदद करने के लिए आवश्यक हर संभव सहायता और योगदान देने को तैयार है।

## तिब्बती बहनों ने सरसंघचालक को बांधी राखी

**नागपुर :** तिब्बती समाज की बहनों ने यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय में रक्षाबंधन उत्सव मनाया। तिब्बती महिलाओं ने सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत को रक्षासूत्र बांधा। सोमवार को राखी पूर्णिमा के दिन रीजनल तिब्बतन एसोसिएशन की मिगमार, कुनसांग पालको तथा त्सुलट्रीम आदि इन बहनें नागपुर के महल इलाके में स्थित संघ मुख्यालय पहुंची। यहां इन तिब्बती बहनों ने सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत को राखी बांधी। इस मौके पर तिब्बतन सेटलमेंट ऑफिसर लोडो सांगपो, पेरियार समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत सरकार के नॅशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी के अध्यक्ष एम. व्यंकटेश, वूमेन्स एसोसिएशन पीपीएस के सचिव शशांक सिंह और एसोसिएशन की सचिव जिगमे कुन्झॉम भी उपस्थित थीं। इसके अलावा सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने नागपुर के पारडी इलाके में आयोजित रक्षाबंधन उत्सव में शिरकत की। कर त्योहार मनाया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पर हिंदू नववर्ष, छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस, गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, विजया दशमी, दीपावली और मकर संक्रांति के उत्सव मनाए जाते हैं। संघ में रक्षाबंधन का अपना अलग महत्व होता है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बाहर डॉक्टरों का प्रदर्शन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के रेजिडेंट डॉक्टर आरजी कर मेडिकल कॉलेज के साथ एकजुटता दिखाते हुए आज यहां निर्माण भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इनकी मांग है कि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम (सीपीए) को शीघ्र लागू किया जाए । प्रदर्शनकारी डॉक्टर नारे लगा रहे हैं, ÷हमें क्या चाहिए, क्या चाहिए, हमें न्याय चाहिए, न्याय चाहिए। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद से ही देशभर में आक्रोशित डॉक्टरों की तीखी प्रतिक्रिया मिल रही है। देशभर के चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी इसके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठा रहे हैं। इसी क्रम में दिल्ली में भी डॉक्टर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कार्यालय निर्माण भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका प्रदर्शन जारी है। आज एम्स दिल्ली के प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने घोषणा की है कि वे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कार्यालय के बाहर ओपीडी रखेंगे। वे अपनी चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल के हिस्से के रूप में निर्माण भवन के बाहर वैकल्पिक ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे और लोगों की मुफ्त में स्वास्थ्य संबंधित समस्या सुनेंगे।

## बड़ी बहन अंजनी सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाई-बहन के अटूट प्यार, स्नेह और विश्वास का पावन त्यौहार रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आज बड़ी बहन श्रीमती अंजनी सोरेन ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। इस पावन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की चचेरी बहन आशा सोरेन, संचला हेम्ब्रम एवं रेखा सोरेन ने भी मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी सभी बहनों को सहृदय स्नेह, आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी बहनों ने विधायक श्री बसंत सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्त राज्यवासियों को श्रावण पूर्णिमा तथा पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।मौके पर मुख्यमंत्री के पिता राज्यसभा सांसद दिशोम गुरू शिबू सोरेन, माता श्रीमती रूपी सोरेन, धर्मपत्नी विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे।

# बहुत कठिन है डगर पनघट की

रविंद्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र



पॉलिटिकल साइक्लोन से झारखंड अभी तबाह है। इस साइक्लोन की जद में पूर्व सीएम व जेएमएम के बड़े नेता रहे चंपाई सोरेन हैं। चंपाई सोरेन के रांची से कलकत्ता होते दिल्ली पहुंचते ही मानो कोहराम मच गया। जितनी मुंह, उतनी बाते। सभी झूठ-सच बातों का पटाक्षेप तब हुआ, जब चंपाई सोरेन ने रविवार की शाम अपने एक्स हैंडल पर लेटर बम फोड़ा। लेटर बम फटते ही झारखंड की राजनीति में अंधेरा छा गया। इस पत्र का सारांश यह है कि चंपई सोरेन को सीएम रहते दो दिनों का सभी कार्यक्रम स्थगित करवा दिया गया। लोकतंत्र में इससे अपमानजनक कुछ नहीं हो सकता। एक मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को कोई अन्य व्यक्ति रद्द करवा दे? अपमान का यह कड़वा घूंट था। विधायक दल की बैठक में उनसे इस्तीफा मांगा गया। उन्होंने तुरंत इस्तीफा दे दिया। आत्म-सम्मान पर लगी चोट से वे भावुक थे। इस अपमान एवं तिरस्कार से वैकल्पिक राह तलाशने हेतु चंपई मजबूर हो गए। बतौर चंपाई, उनके पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से सन्यास लेना, दूसरा, अपना अलग संगठन खड़ा करना और तीसरा, इस राह में अगर कोई साथी मिले, तो उसके साथ आगे का सफर तय करना। स्पष्ट है, इन तीन विकल्प में से कोई एक विकल्प को चुनने का उन्होंने मन बना लिया है। बता दें कि जिस तरह से संथाल में शिबू सोरेन का जलवा है, उसी तरह कोल्हान क्षेत्र में चंपाई सोरेन का बादसाहियत कायम है। संथाल में शिबू सोरेन को दिशोमगुरु का दर्जा प्राप्त है तो कोल्हान में चंपाई सोरेन को टाइगर कहा जाता है। मतलब साफ है, जेएमएम से चंपाई सोरेन को छटकने से कोल्हान की राजनीति में उलटफेर होना स्वाभाविक है। कोल्हान में विधानसभा की 14 और लोकसभा की 2 सीटें आती है। चंपई सोरेन कई बार के कोल्हान से विधायक हैं। सूबे में हेमंत सोरेन के बाद चंपई आदिवासी का बड़ा चेहरा हैं। ऐसा अनुमान है कि कोल्हान टाइगर विधानसभा की 14 सीटों पर उलटफेर करा सकते हैं।झारखंड के सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम इन तीन अहम जिलों को मिलाकर कोल्हान रीजन बनता है। यहां विधानसभा की 14 सीटें आती हैं। कोल्हान इलाके में चंपई सोरेन की पकड़ मजबूत है। 2019 के चुनावों में कोल्हान की 14 में 11 सीटें जेएमएम ने जीती थी। कोल्हान की 2 सीटें कांग्रेस को मिली थीं। एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार ने जीती थी। 2019 के चुनाव में कोल्हान रीजन में बीजेपी का खाता भी नहीं खुला था। यही कारण है कि कोल्हान को लेकर बीजेपी काफी बैचेन और चिंतित भी है।चंपाई सोरेन के बगावत से कई सवाल भी खड़ा हो गया है। पहला सवाल ⁼ चंपई के पाला बदलने से क्या बीजेपी को आगामी विधानसभा चुनाव में फायदा होने वाला है? दूसरा सवाल ⁼ बीजेपी में आने से चंपई सोरेन को लाभ मिलने वाला है? तीसरा सवाल ⁼ सूबे के कद्दावर नेता चंपाई सोरेन को बागी होने से जेएमएम को कितना नुकसान होगा ? इन सवालों का अधिकाश लोग यही उतर दे रहे हैं कि चंपाई सोरेन के बगावती तेवर से भाजपा को कोल्हान में फायदा होगा। इन सवालों से इतर एक सवाल यह भी है कि हाल ही संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ऐसा प्रयोग किया ओर उसमें वह असफल हो चुकी है। पहला उदाहरण दुमका है। यहां से शिबू सोरेन की बहू और जेएमएम छोड़कर आई सीता सोरेन को भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ाया गया। यहां भाजपा ने सीता सोरेन को जिताने के लिए अपना पूरा तंत्र झोंक दिया। बावजूद यहां से सीता सोरेन हार गई और जेएमएम ने जीत दर्ज की। दूसरा उदाहरण चाईबासा (कोल्हान) है। यहां से भाजपा ने सूबे के पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को चुनाव लड़ाया। वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गई थी। यहां भी गीता कोड़ा को जिताने के लिए भाजपा ने खूब पसीना बहाया। अंततः यहां से जीत झामुमो की हुई। यह दो उदाहरण भाजपा के लिए काफी है। यह तो कटु सत्य है कि झारखंड में खासकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शिबू-हेमंत की एक अलग पहचान और पकड़ है। जहां पर इन दोनों की पहचान है वहां अभी तक मोदी का जलवा भी काम नहीं आया है। यह भी सत्य है कि शिबू और हेमंत के बाद चंपई तीसरे स्थान पर थे, जिनकी पकड़ था। ऐसे में अभी कुछ भी कहना जल्दीबाजी होगा। जब तक विधानसभा का चुनाव परिणाम सामने नहीं आ जाता है। इस पूरे प्रकरण पर झामुमो और बीजेपी दोनों पर यह सटीक बैठेगा ⁼ बहुत कठिन है डगर पनघट की।

# रक्षाबंधन पर बहनों को हिफाजत से रखने का लें संकल्प : अविनाश देव

* संत मरियम आवासीय विद्यालय के सैकड़ो भाइयों के कलाइयों में बांधा गया स्नेह का अटूट बंधन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सोमवार को बड़े ही धूमधाम से रक्षा बंधन का त्योहार संत मरियम विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया गया। आवासीय बच्चों ने प्रांगण में रक्षा बंधन का महफिल सजाया और हॉस्टल के लड़के हॉस्टल के लड़कियों से अपने कलाई में राखी बंधवा कर आपसी भाई बहन के प्रेम को जताया। जिन बच्चों के भाई नहीं है बहन नहीं है बड़े ही उत्साह से राखी बांध व बंधवा कर उत्साहित हुए। इस मौके पर भाइयों ने संकल्प लिया और एक मुश्त स्वर से कहा देश में बहनों के साथ जो दुष्कर्म हो रहा है शायद हमारे संस्कार और सनातन संस्कृति की दोष है। हम सभी संत मरियम विद्यालय के जीरो ग्राउंड से संकल्प लेते हैं बहनों के साथ हो रहे दुष्कर्म हत्या और शोषण के खिलाफ मरते दम तक मुकाबला करेंगे। बच्चियों ने बहुत ही चाव से हमे राखी बांधी तिलक लगाई आरती उतारी और विद्यालय के अनुशासन शिष्टाचार्य का जिक्र करते उन्मुक्त कंठ से कही अविनाश भैया हम घर से भी हॉस्टल में सुरक्षित एवं बेहतर महसूस करते हैं। उम्मीद करते हैं विद्यालय का यह अनुशासन बरकरार रहेगा। विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने सैकड़ो बहनों से अपने कलाई में रक्षा सूत्र बंधवाते हुए रक्षाबंधन के ऐतिहासिक धार्मिक सांस्कृतिक महता को बताए और हुमायु को कर्णावती के चिट्ठी को चर्चा किए। भाईयों के सरपरस्ती में बहन महफूज रहे यही हमारी कामना है। साथ ही इन्होंने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जो बहन हर पल असुरक्षित महसूस करती है वही बहन अपने भाई को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा कवच बांधती है, हम सभी भाइयों को संकल्प लेना होगा कि जिस तरह से बहनें हमारे कलाइयों में रक्षाबंधन बांधकर सुरक्षित रखने केलिए भगवान से दुआ मांगती है उसी प्रकार हम सभी भाइयों का यह कर्तव्य होगा कि देश के हर बहन सुरक्षित रहे, महफूज रहे, रक्षाबंधन की ढेर सारी शुभकामनाएं,बधाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श,हॉस्टल सुप्रिंटेंडेट उत्कर्ष देव एवं विद्यालय परिवार मौजूद रहे।

# लेटरल एंट्री को लेकर मोदी सरकार पर बरसे खड़गे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल ही में यूपीएससी की ओर से लेटरल एंट्री के जरिए निकाली गई भर्ती को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला किया है. खरगे ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि मोदी सरकार के लेटरल एंट्री का प्रावधान संविधान पर हमला क्यों है? खरगे ने अपने पोस्ट में बताया कि सरकारी महकमों में नौकरियां भरने के बजाय, पिछले 10 वर्षों में अकेले पेस में ही भारत सरकार के हिस्सों को बेच-बेच कर, 5.1 लाख पद भाजपा ने ख़त्म कर दिए हैं. कैजुअल और कॉन्ट्रैक्ट भर्ती में 91त्न का इजाफा हुआ है. एससी, एसटी और ओबीसी के 2022-23 तक 1.3 लाख पद कम हुए हैं.खरगे ने आगे लिखा है,हम लेटरल एंट्री गिने-चुने स्पेशलिस्ट और एक्सपर्ट्स को कुछ सेक्टर स्पेसिफिक पोस्ट पर उनकी उपयोगिता के अनुसार नियुक्त करने के लिए लाए थे, लेकिन मोदी सरकार ने इसका इस्तेमाल सरकार में एक्सपर्ट नियुक्त करने के लिए नहीं बल्कि दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्गो का अधिकार छीनने के लिए किया है. एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के पद अब आरएसएस के लोगों को मिलेंगे. ये आरक्षण छीनकर संविधान को बदलने का भाजपाई चक्रव्यूह है।बता दें कि इससे पहले रविवार को राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर नरेंद्र मोदी सरकार की खिंचाई की थी. राहुल गांधी ने इसे लेकर कहा था कि यह सरकार बड़े पदों पर भर्ती संघ लोक सेवा आयोग की जगह 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' से कर रही है. नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' के ज़रिए लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं. केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के ज़रिए भर्ती कर खुलेआम एसके, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है.

# हरियाणा : दो दर्जन विधायकों के टिकट पर लटकी तलवार



एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में भाजपा तीसरी बार अपनी पार्टी की सरकार बनाने को लेकर काफी फिक्रमंद हैं। भाजपा जहां जिताऊ चेहरों की तलाश कर रही है, वहीं दो दर्जन से ज्यादा मौजूदा विधायकों के टिकट कटने तय माने जा रहे हैं।भाजपा के पास सर्वे रिपोर्ट में इस बात के संकेत मिले हैं कि मौजूदा कई विधायकों के विरुद्ध फील्ड में जबरदस्त आक्रोश है। पार्टी जनता के इस आक्रोश को कम करने के लिए जहां उनके टिकट काटेगी, वहीं नये चेहरों को चुनाव मैदान में उतारकर जनता का भरोसा जीता जाएगा।भाजपा इस बार टिकटों की घोषणा में ज्यादा देरी नहीं करेगी। इसके पीछे सोच है कि पार्टी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए ज्यादा से ज्यादा समय मिल सके। पिछले दिनों राज्य के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर संभावित उम्मीदवारों के नामों पर सुझाव लिया जा चुका है। एक-एक विधानसभा सीट से 50 से लेकर 100 तक नाम आए हैं, लेकिन पार्टी इनमें से गंभीर प्रवृत्ति के आधा दर्जन नामों को चिह्नित कर रही है। इन आधा दर्जन नामों में भी फील्ड के सर्वे के आधार पर तीन से चार दावेदारों के नामों का फाइनल किया जा रहा है।भाजपा के सभी जिला पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट पार्टी के संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा को सौंप दी है। फणीन्द्रनाथ शर्मा इस रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं। अगले दो से चार दिनों के भीतर यह रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी के पास होते हुए केंद्रीय नेतृत्व के पास पहुंच जाएगी।

## ध्यान दें जेबीवीएनएल स्मार्ट पोस्टपेड उपभोक्ता

**रांची :**जेबीवीएनएल पारंपरिक मीटर से स्मार्ट मीटर में परिवर्तन की प्रक्रिया में है। 01/09/2024 से शुरू होकर, आपका पहला स्वचालित बिलिंग चक्र शुरू किया जाएगा। निर्बाध संचार की सुविधा के लिए स्मार्ट मीटर उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सएप और एसएमएस के माध्यम से बिल जनरेशन के संबंध में सूचनाएं भेजी जाएंगी। प्रारंभिक बिलिंग के बाद, आपका मीटर प्रीपेड मोड में स्विच हो जाएगा, जिससे आप अपने दैनिक उपभोग पैटर्न की निगरानी कर सकेंगे। आपको इस परिवर्तन से तीन दिन पहले एक सूचना प्राप्त होगी। कृपया 1912 पर जेबीवीएनएल कस्टमर केयर से संपर्क करके जल्द से जल्द मीटर नंबर के साथ अपना मोबाइल नंबर अपडेट करें। किसी भी प्रश्न या सुझाव के लिए, कृपया 1912 पर जेबीवीएनएल कस्टमर केयर से संपर्क करने में संकोच न करें। बिलों और रिचार्ज के लिए भुगतान गुगल पे, फोन पे, या किसी पसंदीदा BBPS प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है।

# बिहार और यूपी में भारी बारिश की संभावना

**मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश और बिहार भी अलर्ट पर हैं, यहां अगले पांच से सात दिनों तक लगातार भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में अगले चार दिन कहीं-कहीं भारी बारिश तो कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पहाड़ी राज्यों में इस बार बारिश ने भीषण तबाही मचाई है तो वहीं राजस्थान समेत कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात भी देखने को मिले हैं। भारतीय मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा समेत देश के कई राज्यों में अगले कुछ दिनों तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक बिहार, छत्तीसगढ़ और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश और बिहार भी अलर्ट पर हैं, यहां अगले पांच से सात दिनों तक लगातार भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में अगले चार दिन कहीं-कहीं भारी बारिश तो कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा पंजाब हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर और चंडीगढ़ में कुछ जगहों पर छींटें पड़ सकते है। विभाग के मुताबिक 20 अगस्त तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में भी छिटपुट से लेकर व्यापक वर्षा होने की संभावना है।मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में बहुत भारी बारिश का अनुमान है। तो वहीं बिहार, छत्तीसगढ़ और दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश और उत्तर पश्चिमी राज्यों में आगामी कुछ दिनों में भारी बारिश का अनुमान है। दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश हो सकती है। दिल्ली में कल हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी और आसपास के इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है और यह धीरे-धीरे बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है।